ज्ञान शांति मैत्री

# वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा
# 2015-16

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

हिंदी प्रति

संरक्षक
प्रो. गिरीश्वर मिश्र
प्रो. आनंद वर्धन शर्मा

संपादक
डॉ. अमित विश्वास

विशेष सहयोग
डॉ. शोभा पालीवाल
डॉ. अनिर्बाण घोष
श्री देवाशीष मिश्रा

ले–आउट एवं डिज़ाइन
श्री राजेश आगरकर

सहयोग
श्री बी.एस. मिरगे
श्री सुरेश कुमार
श्री आमोद गुजर

प्रकाशन प्रभारी
श्री राजेश कुमार यादव

प्रकाशक
डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, कुलसचिव
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

मुद्रक
रुचिका प्रिंटर्स, दिल्ली–110032

## कुलगीत

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
चेतना का दीप है यह, ज्ञान का हिमालय
हिंदी विश्वविद्यालय...

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
नस्ल, धर्म और देशों की सीमाएँ टूट रहीं
एक पाँव रखकर देखो सौ राहें फूट रहीं
सत्य, अहिंसा और शोध के सपनों का महालय
हिंदी विश्वविद्यालय...

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
मटमैली चट्टानों का वर्धा का यही पठार
बंजर पर हरयाली की जय प्रतीक साकार
दुर्लभ पांडुलिपियों का यह अनुपम संग्रहालय
हिंदी विश्वविद्यालय...

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
विद्या, बुद्धि, मनीषा की इस तपोभूमि का ताप बनें
चिंतन का आलाप बनें, अपने दीपक आप बनें
अंधकार के विरुद्ध है यह, महाज्योति प्रज्ञालय
हिंदी विश्वविद्यालय...

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
गांधी हिल्स, वर्धा – 442 001 (महाराष्ट्र) भारत
फोन / Phone : 07152–230901 / 230905 फैक्स / Fax : 07152–230903
वेबसाइट / Website : www.hindivishwa.org

# वार्षिक प्रतिवेदन : एक झलक

स्थापना : भारत की संसद द्वारा 1996 में पारित अधिनियम के
अंतर्गत 1997 में महात्मा गांधी की कर्मभूमि वर्धा में
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) की स्थापना की गई।
**क्षेत्रफल : लगभग 212 एकड़**

## विद्यापीठ / केंद्र

विद्यापीठ : 08 विभाग : 14 केंद्र : 04
क्षेत्रीय केंद्र : 1. इलाहाबाद, 2. कोलकाता

## अनुदान

(धनराशि लाख रुपयों में)

| | |
|---|---|
| मानव संसाधन विकास मंत्रालय : (पंडित मदन मोहन मालवीय नेशनल मिशन ऑन टीचर्स एण्ड टीचिंग) | 269.00 |
| विश्वविद्यालय अनुदान आयोग : | 6473.42 |
| योजना : | 3840.00 |
| गैर–योजना : | 122.76 |
| अन्य : (आईसीएसएसआर, आईसीपीआर आदि) : | 41.62 |
| **योग :** | **6784.04** |

## संचालित पाठ्यक्रम

मुख्य परिसर (वर्धा) : 106 (एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी., सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा)
क्षेत्रीय केंद्र (इलाहाबाद) : 09 (एम.ए., एम.फिल., डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा)
क्षेत्रीय केंद्र (कोलकाता) : 06 (एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी., सर्टिफिकेट)
दूर शिक्षा निदेशालय : 12 (स्तानक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा)
**कुल : 133**

## विद्यार्थियों की संख्या

मुख्य परिसर (वर्धा) : 718 क्षेत्रीय केंद्र (इलाहाबाद) : 92
क्षेत्रीय केंद्र (कोलकाता) : 24 दूर शिक्षा निदेशालय : 871
**कुल : 1,705**

## उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या

डिप्लोमा / पीजी डिप्लोमा / एडवांस्ड डिप्लोमा : 301
एम.ए. : 106 एम.फिल. : 156 पी.एच.डी. : 22
**कुल : 585**

## कर्मियों की संख्या

शैक्षणिक : 88 गैर–शैक्षणिक : 97
**कुल : 185**

## केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधन

पुस्तकें : 1,19,411 संदर्भ ग्रंथ : 3,807
पत्रिकाएं : 100 शोध प्रबंध : 124
लघु शोध प्रबंध : 1,293

प्रायोजित शोध परियोजनाएं : 20

# - अनुक्रमणिका -


| | |
|---|---|
| कुलपति संदेश ... | 001 |
| प्रख्यात आगंतुक | 012 |
| सांविधिक अधिकारी | 013 |
| सांविधिक निकाय | 014 |
| • कार्य परिषद | 014 |
| • विद्या परिषद | 015 |
| • अध्ययन मंडल | 016 |
| • वित्त समिति | 017 |
| • भवन निर्माण समिति | 017 |
| स्कूल बोर्ड | 018 |
| विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष / केंद्र निदेशक / प्रभारी | 019 |
| विभिन्न समितियों के संयोजक / समन्वयक / अधिकारी | 020 |
| विदेशियों के लिए हिंदी पाठ्यक्रम | 021 |
| आवासीय लेखक | 022 |
| विश्वविद्यालय के विद्यापीठ | 023 |
| 1. भाषा विद्यापीठ | 024 |
| 2. साहित्य विद्यापीठ | 033 |
| 3. संस्कृति विद्यापीठ | 041 |
| 4. अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ | 053 |
| 5. मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ | 058 |
| 6. शिक्षा विद्यापीठ | 069 |
| 7. प्रबंधन विद्यापीठ | 081 |
| क्षेत्रीय केंद्र, इलाहाबाद | 082 |
| क्षेत्रीय केंद, कोलकाता | 085 |
| दूर शिक्षा निदेशालय | 087 |
| अस्पताल | 089 |
| शिशु विहार | 089 |

| | |
|---|---|
| लैबोरेट्री इन इन्फॉरमेटिक्स फॉर द लिबरल आर्ट्स (लीला) | 090 |
| व्यवसाय परामर्श, रोजगार सूचना एवं नियोजन प्रकोष्ठ | 091 |
| प्रकाशन विभाग | 092 |
| आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ | 093 |
| स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय | 094 |
| जनसंपर्क कार्यालय | 096 |
| महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय | 097 |
| पर्यावरण क्लब | 098 |
| राजभाषा विभाग | 099 |
| खेल समिति | 099 |
| शोध सहायता प्रकोष्ठ | 101 |
| परिसर विकास विभाग | 102 |
| राष्ट्रीय सेवा योजना | 103 |
| हिंदी समय डॉट कॉम | 104 |
| जन सूचना कार्यालय | 105 |
| प्रवेश प्रकोष्ठ | 106 |
| परीक्षा विभाग | 115 |
| विद्यार्थियों को दी जानेवाली सुविधाएँ | 117 |
| नेट / जेआरएफ / आरजीएनएफ / अन्य शोधवृत्ति | 118 |
| विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं गैर–शैक्षणिक कर्मी | 120 |
| गतिविधियाँ | 124 |
| लेखा प्रतिवेदन | 135 |
| छायाचित्र झलकियाँ | 185 |

## कुलाध्यक्ष

श्री प्रणब मुखर्जी
राष्ट्रपति, भारत

## कुलाधिपति

प्रो. कपिल कपूर

## कुलपति

प्रो. गिरीश्वर मिश्र

## समकुलपति

प्रो. चित्तरंजन मिश्र

## कुलसचिव

डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र

# कुलपति संदेश...

यह विश्वविद्यालय भारतीय संसद द्वारा पारित एक असाधारण अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया है। इस अधिनियम का अनुमोदन माननीय राष्ट्रपति महोदय ने 8 जनवरी, 1997 को किया और इसी तिथि को यह भारत के गजट में भी प्रकाशित हुआ। इस अधिनियम के अनुसार यह विश्वविद्यालय शोध और अध्यापन के द्वारा हिंदी भाषा व साहित्य के विकास तथा संवर्धन के उद्देश्य से स्थापित किया गया। इससे यह अपेक्षित है कि हिंदी भाषा अपनी व्यावहारिक क्षमताओं का इस तरह विकास करेगी कि वह एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनी पहचान बनाकर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रभाव एवं महत्व स्थापित कर सके।

भारत के राष्ट्रीय नेतृत्व और हिंदी के शुभेच्छुओं की यह हार्दिक इच्छा थी कि हिंदी भाषा को संयुक्त राष्ट्र संघ जैसे विश्व मंच पर उचित स्थान प्राप्त हो, जिससे भारत के लोगों की भावनाओं को उचित ढ़ंग से व्यक्त किया जा सके। हिंदी भाषा न केवल समस्त भारतीयों के संवाद का माध्यम रहे, बल्कि दुनिया के सभी हिस्सों में रहनेवाले भारतवंशी लोगों के साथ भी संवाद का माध्यम बन सके। अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी की क्षमताओं को विकसित करना राष्ट्रीय नेतृत्व और हिंदी प्रेमियों का स्वप्न था। यह स्वप्न 29 दिसंबर, 1997 को इस विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ साकार हुआ। यह विश्वविद्यालय हिंदी भाषा को साहित्य और संस्कृति में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में दृढ़ता से स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्वविद्यालय का सूत्र वाक्य 'ज्ञान, शांति, मैत्री' ही उसका मार्गदर्शक सिद्धांत है। वैयक्तिक और सामाजिक विकास के अवसर प्रदान करने का उद्यम गांधीवादी उद्देश्य के अनुकूल है। नैतिक व्यवहार, वैश्विक भ्रातृत्व और सांस्कृतिक आदान–प्रदान महात्मा गांधी के विचारों की बुनियादी आधारभूमि है। यह विश्वविद्यालय इन मूल्यों और विचारों को अपने पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों में आत्मसात करने के लिए प्रयासरत है। इस समय विश्वविद्यालय अहिंसा और शांति अध्ययन, स्त्री अध्ययन, बौद्ध अध्ययन, दलित तथा जनजातीय अध्ययन, साहित्य, मीडिया अध्ययन, डायस्पोरा, समाज कार्य, प्रबंधन, शिक्षाशास्त्र व मनोविज्ञान जैसे अनुशासनों में अकादमिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों को संचालित कर रहा है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय हिंदी को तकनीक और व्यापार के क्षेत्र की वैकल्पिक भाषा के रूप में विकसित करने की दिशा में सक्रिय है। इस परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय में नाटक व फिल्म अध्ययन, अनुवाद और निर्वचन, प्रौद्योगिकी अध्ययन, कंप्यूटेशनल भाषा विज्ञान और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में मानक स्तरों पर विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित हैं।

यह एक आवासीय विश्वविद्यालय है। इसके क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता और इलाहाबाद में संचालित हैं। इसका एक दूर शिक्षा निदेशालय भी है जिसमें बी.एड., एम.बी.ए., बी.लिब. के साथ अनेक स्नतकोत्तर विषयों में अध्यापन की सुविधा उपलब्ध है। एक अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में उच्च अध्ययन का यह संस्थान भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि और परंपराओं को समाहित करते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उच्च अध्ययन में उत्कृष्टता पाने की दिशा में यत्नशील है।

## विश्वविद्यालय के लक्ष्य

शिक्षा के वैकल्पिक दृष्टिकोण को समाहित करते हुए विश्वविद्यालय ने एक लचीली अध्ययन–अध्यापन व्यवस्था का निर्माण किया है, जिससे योग्य शिक्षकों को आकर्षित किया जा सके, शैक्षणिक मानकों को उच्च स्तर का बनाया जा सके, विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्य को बढ़ावा दिया जा सके एवं प्रतिभाओं को प्रेरित किया जा सके। यह विश्वविद्यालय दूर शिक्षा के माध्यम को भी स्वीकार करता है। विश्वविद्यालय आज के संदर्भों में उपयुक्त तकनीकी

जरूरतों को आत्मसात किए हुए है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य समूह केवल हिंदी भाषी समुदाय तक ही सीमित न हो कर गैर–हिंदी क्षेत्रों तक हिंदी को पहुंचने के लिए प्रतिश्रुत है। यह कार्य वैश्वीकरण के वर्तमान प्रवाह में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह विश्वविद्यालय बहुभाषिकता के परिवेश में हिंदी की भूमिका से अवगत है। यहाँ इस बात को रेखांकित किया जा सकता है कि भारत एक ऐसा भाषिक क्षेत्र है, जहाँ विभिन्न भाषाओं की साझेदारी ही भारत की अस्मिता को निर्धारित करती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह बहुविध भाषिक परिदृश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और विश्व की दूसरी ज्ञान परंपराओं के बीच सेतु का कार्य करता है। विश्वविद्यालय बहुभाषिक पर्यावरण पर बल देता है।

विश्वविद्यालय का प्रयास हिंदी को एक ऐसी भाषा के रूप में प्रस्तुत करने का है जो अपनी संवाद क्षमता के कारण भारतीय समाज में पारस्परिक संवाद को सुनिश्चित करती है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी, भारतवंशियों के एक बड़े भाग की भाषा है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे लोगों के समूह और संस्थाएं विद्यमान हैं, जिनकी रुचि भारत और हिंदी दोनों में ही है।

विश्वविद्यालय के उद्देश्यों में हिंदी भाषा और साहित्य के विकास व संवर्धन के साथ विभिन्न ज्ञानानुशासनों में शोध हेतु सांस्थानिक सुविधाएँ प्रदान करना, हिंदी और दूसरी भारतीय भाषाओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन को बढ़ावा देना, संबंधित क्षेत्रों के विषय में जानकारी जुटाना, अनुवाद व निर्वचन के क्षेत्र में अध्यापन, शोध और प्रशिक्षण कार्य को बढ़ावा देना, हिंदी की कार्यात्मक क्षमता विकसित करना, हिंदी के विद्वानों से संपर्क करना एवं हिंदी के प्रति लगाव रखने वाले लोगों को हिंदी के अध्यापन और शोध कार्य से संबद्ध करने के साथ दूर शिक्षा के माध्यम से हिंदी को लोकप्रिय बनाना शामिल है।

## विश्वविद्यालय के उद्यम

विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों के अनुरूप हिंदी को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित स्थान दिलाने के लिए कटिबद्ध है। विदेशी छात्रों को हिंदी अध्ययन कराने के साथ विदेशी भाषाओं में पाठ्यक्रमों के संचालन के अतिरिक्त विश्वविद्यालय अध्ययन–अध्यापन के नए संसाधनों का विकास करने के लिए प्रयत्नशील है। विश्वविद्यालय अधिनियम के परिनियम 16(1) के अंतर्गत विश्वविद्यालय में आठ विद्यापीठ हैं– भाषा विद्यापीठ, साहित्य विद्यापीठ, संस्कृति विद्यापीठ, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, शिक्षा विद्यापीठ, प्रबंधन विद्यापीठ एवं विधि विद्यापीठ। विश्वविद्यालय में संचालित सृजन विद्यापीठ को समाप्त कर दिया गया है। सृजन विद्यापीठ के तहत संचालित नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग को साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत प्रर्शनकारी कला (फिल्म एवं नाटक) विभाग के रूप में संचालित किया जा रहा है। संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र को बदल कर जनसंचार विभाग के रूप में परिवर्तित किया गया है।

विश्वविद्यालय में 8 विद्यापीठों के 18 विभागों/केंद्रों के माध्यम से विविध ज्ञानानुशासनों में एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. व डिप्लोमा स्तर के 133 पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के इलाहाबाद और कोलकाता स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में भी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यहां का पाठ्यक्रम च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) से संचालित है। देश के विभिन्न भू–भागों एवं विदेशों से भी छात्र यहां अध्ययन हेतु आते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में पूरी तरह से वाई–फाई की सुविधा है। विश्वविद्यालय परिसर में औषधीय पौधों के उद्यान को भी विकसित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय में एक प्रकाशन विभाग है, जिसके अंतर्गत महत्वपूर्ण विषयों की पुस्तकें, पत्रिकाएँ एवं जर्नल नियमित रूप से प्रकाशित होते हैं। विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्रयासों को मुख्य रूप से रेखांकित किया जा सकता है –

1. विभिन्न ज्ञानानुशासनों में उपलब्ध सृजनात्मक पुस्तकों का अनुवाद करना और विश्व की दूसरी भाषाओं में उपलब्ध ज्ञान को हिंदी में उपलब्ध कराना।
2. दुनिया भर में फैले विभिन्न भारतवंशी विद्वानों और हिंदी के विद्वानों के बीच संवाद स्थापित करना।
3. हिंदी में हुए अध्ययनों और शोधकार्यों को सूचीबद्ध करना।

4. हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण कृतियों को विश्व की दूसरी भाषाओं (यथा फ्रेंच, स्पेनिश, चीनी, जापानी आदि) में अनूदित करना।
5. हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिलाना।
6. दूसरी विधाओं और ज्ञानानुशासनों को हिंदी भाषा में कार्य करने में सक्षम बनाना।

## नई पहल

### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का मूल्यांकन फरवरी, 2015 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा संपन्न हुआ जिसमें विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ। नैक पीयर समूह ने विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी साहित्य और भाषा को लोकप्रिय बनाने के लिए किए गए कार्य, विशेष रूप से विदेशी विद्यार्थियों के लिए निर्मित पाठ्यक्रम की सराहना की।

शैक्षणिक पद विज्ञापित किए गए और चयन संपन्न किया गया। परिणामस्वरूप अंग्रेजी, उर्दू, समाज कार्य, संस्कृत, बौद्ध अध्ययन और शिक्षा विषयों में 16 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई। अब रोलिंग विज्ञापन जारी किया जा रहा है और आवेदक ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

शैक्षणिक कर्मियों की क्षमता उन्नत करने की दृष्टि से विश्वविद्यालय द्वारा अध्यापकों को पुनश्चर्या व अभिविन्यास पाठ्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। अधिकांश अध्यापकों ने ये पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिए हैं। पिछले सत्र में विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा एक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही शोध प्रविधि, समाज कार्य, अनुवाद अध्ययन, शिक्षा में मूल्य और मूडल प्लेटफार्म आदि विषयों पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। नैक द्वारा प्रायोजित एक कार्यशाला उच्च शिक्षा में गुणवत्ता हेतु सुधारों पर विचार हेतु मार्च 2016 में विश्वविद्यालय में संपन्न की गई।

विश्वविद्यालय के अध्यापकों द्वारा विगत 5 वर्षों में 400 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए। 40 पुस्तकों का संपादन किया गया, 45 पुस्तकों का प्रकाशन हुआ और विभिन्न पुस्तकों में 119 अध्याय प्रकाशित हुए हैं।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय द्वारा सीबीसीएस पर पश्चिमी क्षेत्र के कुलपतियों की बैठक मुंबई में आयोजित की गई और सत्र 2015–16 में विद्या–परिषद की संस्तुति के बाद उसे स्वीकृत व लागू किया गया।

विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रमों की निरंतर समीक्षा और नवीनीकरण किया जाता है तथा प्रत्येक अकादमिक सत्र में अध्ययन मंडल व स्कूल बोर्ड द्वारा परीक्षण किया जाता है।

विश्वविद्यालय में अनेक नए पाठ्यक्रम आरंभ किए गए। सत्र 2015–16 में नाटक और फिल्म अध्ययन में बी. वोक पाठ्यक्रम शुरू किया गया। भाषा और साहित्य के अध्ययन के विस्तार की दृष्टि से सत्र 2016–17 से मराठी, उर्दू, संस्कृत व अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए जाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। शिक्षा विद्यापीठ द्वारा सत्र 2015–16 से तीन नए पाठ्यक्रम –शिक्षा में स्नातकोत्तर, एम.फिल और शोध के पाठ्यक्रम आरंभ किए गए। इसी सत्र में द्विवर्षीय बी.एड. का पाठ्यक्रम आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा द्विवर्षीय बी.एड., एम.एड. तथा बी.एड. समेकित पाठ्यक्रम आरंभ करने की अनुमति प्राप्त हुई।

विश्वविद्यालय में सत्र 2015–16 से सामुदायिक महाविद्यालय में टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरंभ हुआ। यह पाठ्यक्रम हाशिए के समाज के विद्यार्थियों और मुख्य धारा से अलग–थलग पड़े विद्यार्थियों का कौशल विकसित करने में सहायक होगा।

विश्वविद्यालय में समस्त स्नातकोत्तर एवं शोध विद्यार्थियों को दो पाठ्यक्रमों में भाग लेना अनिवार्य है। इनमें भाषा में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम तथा दूसरा कम्प्यूटर अनुप्रयोग में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम शामिल हैं। विश्वविद्यालय में चीनी, स्पेनिश, जापानी और फ्रेंच भाषा के अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। विद्यार्थी स्वेच्छा से हिंदी या मातृभाषा के अतिरिक्त विश्वविद्यालय में पढ़ाई जा रही भारतीय भाषाओं में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त

भारतीय चिंतकों, मानवाधिकार और पर्यावरण अध्ययन से संबद्ध पाठ्यक्रम संचालित किए गए हैं।
शोध प्रविधि में डिप्लोमा, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, भाषा और जेंडर अध्ययन, दलित वैचारिकी, तुलनात्मक धर्म में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा और एडवांस्ड डिप्लोमा, समाज कार्य में स्नातक, एनजीओ प्रबंधन, इंडियन डायस्पोरा, कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, योग और स्वास्थ्य अध्ययन में डिप्लोमा, बौद्ध अध्ययन, पर्यटन और गाइडिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, फॉरेंसिक साइंस में डिप्लोमा और बौद्ध अध्ययन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरंभ किए गए हैं।

## शोध में सुधार

क. विश्वविद्यालय भक्ति अध्ययन में सेण्टर फॉर एक्सेलेन्स के विकास के लिए प्रयास कर रहा है। इस हेतु यू.जी.सी. को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।
ख. मदन मोहन मालवीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत हिंदी का शिक्षण–प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई है। इसके प्रथम चरण में निम्नलिखित गतिविधियां की गईं :

- 'मध्यकालीन साहित्य का वर्तमान' विषय पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन
- 'मूडल के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण' विषय पर कार्यशाला
- 'कक्षा और पाठ्यपुस्तक से परे सीखने की संस्कृति' विषय पर सेमिनार का आयोजन

## आंतरिक संसाधन संवर्धन

विश्वविद्यालय स्थापना काल से ही अकादमिक वातावरण को संवर्धित किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अलावा अन्य स्रोतों से भी अनुदान की व्यवस्था की है। उल्लेखनीय है कि आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा कई परियोजना कार्य विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों को प्रदान किये गए हैं।

वर्तमान सत्र में विश्वविद्यालय ने आधारभूत एवं अकादमिक संसाधनों की प्राप्ति के लिए कई मंत्रालयों से संपर्क किया। संस्कृति मंत्रालय ने विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए टैगोर संस्कृति संकुल के विकास हेतु रुपये 8.97 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया है। इस सुविधा से विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग को सहयोग प्राप्त होगा। म.गां.अं.हिं.वि. में विदेशी छात्रों को विभिन्न स्तरों के हिंदी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराये जाते हैं। यहाँ पर अमेरिका, बेल्जियम, इटली, जर्मनी, हंगरी, श्रीलंका, चीन, मॉरिशस, पोलैंड, क्रोएशिया, थाईलैंड, जापान, नेपाल और साउथ कोरिया जैसे देशों से विद्यार्थी आते हैं। विश्वविद्यालय ने उक्त देशों में स्थित दस (10) विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षिक विनिमय कार्यक्रम के अनुबंध किए हैं। विदेशी विद्यार्थियों के लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद से भी अनुदान प्राप्त होता है।

विश्वविद्यालय ने संस्कृति मंत्रालय को विभिन्न परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव भेजा है। इसमें अमृतलाल नागर पीठ, दीन दयाल उपाध्याय उद्यान योजना, महिला छात्रावास में मदुरई सुब्बालक्ष्मी महिला छात्रावास खंड, भारतरत्न बिस्मिल्ला खान मुक्ताकाश मंच उल्लेखनीय हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत 9 करोड़ रूपये है। विश्वविद्यालय ने नवीनीकृत ऊर्जा संसाधनों के विकास के लिए 2 करोड़ रूपये के लिए प्रस्ताव भेजा है। इन योजनाओं के अतिरिक्त सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय को एक और महिला छात्रावास का प्रस्ताव भेजा गया है।

## आधारभूत संरचना (भवन)

विश्वविद्यालय स्थापना काल के दौरान दिल्ली में किराये के भवन में कार्य करना प्रारम्भ किया था। दिल्ली कार्यालय का प्रयोग विश्वविद्यालय की विकास की योजनाओं के संदर्भ में होने वाली बैठकों के लिए किया गया। वर्धा में भूमि के आवंटन और खरीद के उपरांत वर्ष 2002 से विश्वविद्यालय ने वर्धा में कार्य करना प्रारम्भ किया। वर्ष 2006 से भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ हुआ। कई भवन पूर्ण हो चुके हैं, जबकि वित्त की समस्या के कारण कुछ भवनों का निर्माण कार्य रुका हुआ है। पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय द्वारा इन भवनों के निर्माण को पूर्ण करने के लिए आवश्यक अनुदान हेतु यू.जी.सी. से अनुरोध किया गया है। लंबित परियोजनाओं की सूची इस प्रकार है:

- अकादमिक भवन (लगभग पूर्ण होने वाला है)
- दूर शिक्षा भवन (लगभग पूर्ण होने वाला है)
- पुरुष छात्रावास सं. 4 (लगभग पूर्ण होने वाला है)
- पुरुष छात्रावास सं. 5 (अपूर्ण)
- पुरुष छात्रावास सं. 6 (अपूर्ण)
- साहित्य संग्रहालय (अपूर्ण)
- टैगोर सांस्कृतिक संकुल (अपूर्ण)
- छप्पन आवासीय भवन (अपूर्ण)
- महिला छात्रावास –2 (प्रारम्भ होना है)
- केंद्रीय विद्यालय भवन (प्रारम्भ होना है)
- वित्त अधिकारी एवं पुस्तकालय भवन (अपूर्ण)

उपर्युक्त परियोजनाओं के अतिरिक्त विश्वविद्यालय को खेल सुविधा के लिए इनडोर और आउटडोर स्टेडियम का विकास केंद्रीय विद्यालय के लिए मुक्ताकाश मंच, अकादमिक ब्लॉक, 30 संकाय सदस्यों के लिए आवासीय भवन, शिक्षा संकाय के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, शोधार्थियों के लिए छात्रावास, विदेशी विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की परियोजना महत्वपूर्ण हैं।

### क. वाइब्रेंट आवासीय परिसर

विश्वविद्यालय के पास समता भवन, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ भवन, भाषा विद्यापीठ भवन, संस्कृति विद्यापीठ भवन, महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय भवन, कैंटीन, प्रशासनिक भवन है तो वहीं 18 लेक्चरर क्वाटर्स, 30 शिक्षकेतर कर्मी आवास, 11 प्रोफेसर्स क्वाटर, कुलपति आवास, प्रतिकुलपति आवास, कुलसचिव आवास, 106 कमरों का सावित्रीबाई महिला छात्रावास, 76 कमरों का गोरख पांडेय पुरूष छात्रावास, 64 कमरों का बिरसा मुण्डा पुरूष छात्रावास, 56 कमरों का फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास तथा 28 कमरों का बाबा नागार्जुन अतिथि गृह हैं। ये सभी भवन कलात्मक सौन्दर्य का उत्कृष्ठतम नमूना है। इतना ही नहीं, 42 कमरों का शहीद भगत सिंह छात्रावास, 32 कमरों का सुखदेव छात्रावास, 100 कमरों का राजगुरू छात्रावास, ट्रांजिट हॉस्टल, एक हज़ार क्षमता वाले ऑडिटोरियम, साहित्य विद्यापीठ के भवन निर्माण का कार्य द्रुत गति से चल रहा है। विश्वविद्यालय में 7.2 किलोमीटर का सीमेंट मार्ग और साढे पांच किलोमीटर तक दर्जनों स्ट्रीट लाइट का भी समुचित प्रबंध आकर्षक है।

### सांस्कृतिक पुरोधाओं से मुलाकात

मुंबई–नागपुर हाईवे पर 212 एकड़ भूमि में फैले परिसर में आप आज भी जहां भी जाइए, आपको लगेगा कि किसी न किसी तरफ से कोई आ या जा रहा है–लाठी टेकते गांधी, विनोवा, दिनकर या स्वामी सहजानंद? सहजानंद और राहुल जी तो वहां खड़े बतिया रहे हैं–शायद 'किसान आंदोलन' कृषक आत्महत्या और 'सेज' या ऐसे किसी मसले पर। लबादा ओढ़े कौन आता दिख रहा है– गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर या महाप्राण निराला? और ये झुके–झुके–से कौन चले जा रहे हैं– हबीब तनवीर, शमशेर, बाबा नागार्जुन, अज्ञेय या केदारनाथ अग्रवाल? 'गांधी टीले' पर आपको लाठी टेक कर आते हुए गांधी जी और उनके तीन बंदर मिल जाएंगें तो कबीर टीले में कबीर समेत पांच महान निर्गुण संत कवि–कबीर, नानक, तुकाराम, रैदास और दादू। अंतरराष्ट्रीय छात्रावास पर फादर कामिल बुल्के आपको स्वागत करते हुए नजर आएंगें तो केंद्रीय पुस्तकालय में राहुल सांकृत्यायन, संग्रहालय में स्वामी सहजानन्द जी, नागार्जुन सराय में बाबा नागार्जुन, नजीर हाट में नजीर अकबराबादी और छात्राओं के छात्रावास की निगहबानी करती भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले। एक तरफ बिरसा मुण्डा हैं, भगत सिंह हैं तो दूसरी तरफ हॉस्टल की विडंबनाओं के शिकार गोरख पाण्डेय भी। मुख्य प्रवेश द्वार पर 'गोदान' की गाय आपको प्रेमचंद मार्ग पर ले जाती है तो 'भारत दुर्दशा' के 'दुर्दशाग्रस्त पात्रों' से शुरू होती सड़क–आपको भारतेन्दु मार्ग पर, यहीं से पंख तोलती हैं नये भारत के नवनिर्माण की नयी उड़ानें...। वाटर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, जल संरक्षण, मेजर ध्यानचंद्र क्रीडांगन जैसे इको फ्रैण्डली विकास की

नयी–नयी कड़ियां आकर्षित करती हैं। अपने आधुनिक भवनों, खूबसूरत लैण्डस्केप के साथ विदर्भ के शुष्क प्रांतर में यह विश्वविद्यालय एक नखलिस्तान–सा खिल रहा है।

### विद्यार्थी केंद्रित गतिविधियाँ

- विश्वविद्यालय द्वारा जेंडर से संबधित शिकायतों के निवारण के लिए एक समिति बनाई गई है। यह क्रियाशील है। विश्वविद्यालय में यौन शोषण से जुड़ी कुछ शिकायतें दर्ज की गयी। इन मामलों में समिति की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय द्वारा शून्य सहनशीलता की नीति को अपनाया गया है। इसके अलावा स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा जेंडर संवेदनशीलता, स्त्री सशक्तिकरण, महिलाओं से जुड़ी हिंसा एवं अन्य समस्याओं के संदर्भ में संवेदनशीलता विकास हेतु संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन किया जाता है।
- विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति और जनजाति प्रकोष्ठ भी है। यह इन वर्गों से जुड़ी समस्याओं को संबोधित करता है। यदि कोई शिकायत या समस्या दर्ज की जाती है तो यह प्रकोष्ठ उनकी आवश्यकताओं को संज्ञान में लेता है।
- विद्यार्थियों के अकादमिक, व्यक्तिगत, मनोसामाजिक परामर्श एवं निर्देशन के लिए विश्वविद्यालय में परामर्शदाता सलाहकार और मेंटर की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विभाग में एक अकादमिक सलाहकार हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि सत्र के प्रथम दिन से ही विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुरूप निर्देशन एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाय। विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष और अधिष्ठाता विद्यार्थियों को विभिन्न मुद्दों से जुड़ी सलाह एवं सहायता प्रदान करते हैं। महिला विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने के लिए एक महिला काउंसिलर की भी नियुक्ति की गई है। वह उन्हें योग की ट्रेनिंग भी प्रदान करती है।
- विश्वविद्यालय में एक समान अवसर प्रकोष्ठ भी है जो दिव्यांग और अन्य विशिष्ट आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों की जरूरतों का ध्यान रखता है।
- विश्वविद्यालय ने एक समस्या निदान प्रकोष्ठ का भी गठन किया है इसके अंतर्गत अधिष्ठाता विद्यार्थी कल्याण, छात्रावास के वार्डन, एन्टी रैगिंग कमेटी, भेदभाव निषेध अधिकारी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- विश्वविद्यालय दिव्यांग विद्यार्थियों को बाधामुक्त परिवेश उपलब्ध कराता है। यह ध्यान रखा जाता है कि इन विद्यार्थियों को आवागमन में समस्या न हो, ऐसे प्रत्येक विद्यार्थियों की कक्षा और रहने की व्यवस्था संबंधित भवनों के भू–तल पर ही की गई है। विश्वविद्यालय ऐसे विद्यार्थियों की अन्य आवश्यकताओं का भी ध्यान रखता है।

## ई–गवर्नेंस के लिए पहल

क. नैड NAD एक विशिष्ट नवाचार आधारित प्रगतिशील कदम है जो शैक्षिक दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों के डिजीटलीकरण में सहायता प्रदान करता है। यह डिजिटल अकादमिक प्रमाणों को वास्तविकता में अभ्यास में लाने की संभावना से युक्त है। यह विद्यार्थियों, अकादमिक संस्थाओं और अकादमिक योग्यताओं को प्रमाणित करने वाली संस्थाओं के लिए सक्रिय अकादमिक स्थान है। यह विभिन्न बोर्डों और विश्वविद्यालय को एकीकृत करता है और इस प्रकार से प्रमाणपत्रों की प्रमाणिकता को स्वीकृत करता है।

ख. ऑन लाइन प्रवेश

विश्वविद्यालय ने एडमिशन ऑटोमेटेशन सिस्टम नामक एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है जो ऑन लाइन प्रवेश पोर्टल की तरह कार्य करता है। विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। उनके शैक्षिक प्रमाणपत्रों को जाँचा जाता है। एन.ई.एफ.टी. के द्वारा ऑन लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है। इन कार्यों को सरल करने के लिए विश्वविद्यालय ने सी.सी.एवेन्यू कंपनी से समझौता किया है। विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में निमनलिखित कदम उठाए गए हैं–

- विद्यार्थियों के रिकॉर्ड को व्यवस्थित करना
- ऑन लाइन प्रवेश फॉर्म जमा करना

- विद्यार्थियों की विशिष्टताओं का ब्यौरा तैयार करना
- ऑन लाइन शुल्क जमा करना
- ऑन लाइन आवेदन जाँच करना आदि।

### ग. सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकतम प्रयोग (प्रशासन, मानव संसाधन, वित्त) वेतन पंजिका

विश्वविद्यालय द्वारा वित्त विभाग के लिए कर्मचारियों के वेतन संबंधी कार्यों को करने के लिए पे रोल सिस्टम का विकास किया गया है। इससे कोई भी कर्मचारी वेतन पर्ची, जी.पी.एफ., एन.सी.पी.एफ., एल.आई.सी. आदि की सूचना प्राप्त कर सकता है। अपनी यूजर आई.डी. और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए अपनी वेतन पर्ची मुद्रित कर सकता है। इस तंत्र की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैः

- ऑन लाइन वेतन पर्ची
- आयकर की गणना
- फॉर्म–16 उपलब्ध कराना आदि।

विश्वविद्यालय में प्रशासन, वित्त एवं अन्य विभाग ई–दस्तावेजों को तैयार करने का कार्य करते हैं। ई–मेल के प्रयोग द्वारा इको फ्रेंडली, हरित परिसर के विकास कार्य किया जा रहा है। वित्त विभाग के द्वारा लेखांकन के लिए कई प्रकार के सॉफ्टवेयरों का प्रयोग किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की योजना आई.आई.टी.,कानपुर द्वारा विकसित बी.जी.ए.एस. लेखांकन योजना को अपनाने की है। इसके संदर्भ में कर्मचारियों को ऑन लाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है और सॉफ्टवेयर को सर्वर में इन्स्टॉल किया जा चुका है।

### घ. वेबसाइट

विश्वविद्यालय द्वारा www.hindivishwa.org नामक वेबसाइट विकसित की गई है। यह वेबसाइट सामग्री प्रबंधन तंत्र पर आधारित है। दैनंदिन अद्यतन होना और नए रूपों में प्रस्तुति इसकी विशेषताएं हैं।
विश्वविद्यालय में एस.एम.एस. गेटवे सुविधा द्वारा विद्यार्थियों को तुरंत सूचनाएं उपलब्ध करायी जाती हैं।

### च. वाई–फॉई परिसर

विश्वविद्यालय में कक्षाएं, छात्रावास तथा परिसर वर्ष 2009 से ही पूर्णतः वाई–फॉई युक्त है। कैंपस कनेक्ट परियोजना द्वारा इसे और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### आवासीय लेखक

विश्वविद्यालय में 'आवासीय लेखक' का एक विशिष्ट उपक्रम है। इसके अन्तर्गत लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकारों और विद्वानों को विश्वविद्यालय परिसर में रहते हुए उनके परियोजना कार्यों को पूर्ण करने का अवसर दिया जाता है। इसके अलावा वे विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में व्याख्यान आदि देते हैं और विद्यार्थियों से अन्तःक्रिया करते हैं। वर्तमान में आवासीय लेखक के रूप में प्रो. अजित कुमार दलाल, सुश्री चित्रा मुद्गल और प्रो. रमेश दवे परिसर में हैं। इसके अलावा एडजंक्ट प्रोफेसर के रूप में भी विद्वानों को आमंत्रित किया जाता है जो विश्वविद्यालय के शैक्षिक परिवेश के उन्नयन में मदद करते हैं।

### पीएच.डी. और एम.फिल. पाठ्यक्रम

पीएच.डी. और एम.फिल. पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं को अनिवार्य किया गया है। ये शोधार्थी कोर्स वर्क, जिसमें शोध प्रविधि अपरिहार्य हिस्सा है, के सहभागी बनते हैं। पाठ्यक्रमों में अंतरअनुशासनात्मकता को स्थान दिया गया है। इन्हें सेमिनार प्रस्तुति और शोध प्रबंध जमा करने से पूर्व प्रस्तुति देनी होती है जिसमें बाह्य विशेषज्ञ उपस्थित होते हैं। शोध प्रबंध का नया प्रारूप निर्धारित किया जा चुका है। शोध प्रबंध का तीन बाह्य परीक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है।

## विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि

विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। विश्वविद्यालय हिंदी, अंग्रेजी और मराठी भाषाओं के राष्ट्रीय, स्थानीय और राज्य स्तरीय अखबारों में प्रवेश विज्ञापन प्रकाशित कराता है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी प्रवेश सूचना उपलब्ध होती है। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और कर्मी निकटवर्ती क्षेत्रों के महाविद्यालय तथा समुदाय से संपर्क करते हैं तथा उन्हें विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के विषय में जानकारी देते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा नवाचार आधारित नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं जो सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री, परास्नातक और एम.फिल. व पीएच.डी. स्तर के हैं। विश्वविद्यालय में विदेशी विद्यार्थियों को हिंदी भाषा, साहित्य तथा संस्कृति की शिक्षा देने के लिए अधिगम मॉड्यूल के विकास पर बल दे रहा है। परिणामस्वरूप विदेशी विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि हुई है। वर्तमान में चीन, थाईलैण्ड, बेल्जियम, इटली और श्रीलंका के विद्यार्थी यहां पढ़ रहे हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप विगत दो वर्षों में विद्यार्थियों के नामांकन में दो गुनी वृद्धि हुई है। विश्वविद्यालय के दूर शिक्षा निदेशालय द्वारा भी कई पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ये पाठ्यक्रम लोकप्रिय हो रहे हैं। भारतवर्ष के 14 विभिन्न केंद्रों पर दूर शिक्षा निदेशालय की परीक्षा आयोजित की जाती है।

## नए कार्यक्रम

बी.वोक. कार्यक्रम, दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र और सामुदायिक महाविद्यालय के लिए उठाए गए कदम :

यू.जी.सी. द्वारा वर्ष 2015 में बी.वोक. कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय को दो कार्यक्रम (क. एक्टिंग और स्टेज डिजाइन, ख. फिल्म निर्माण) चलाने को कहा गया। सत्र 2015–16 में कुछ ही विद्यार्थियों ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। संकाय संदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम के प्रचार के लिए विशेष प्रयास किए गए। इसके सकारात्मक परिणाम आए। सत्र 2016–17 में इन पाठ्यक्रमों की समस्त सीटें भर गयीं। इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की सहभागिता उत्साहजनक है। इसके अंतर्गत तीन विजिटिंग संकाय सदस्य कार्य कर रहे हैं। विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू है। विभिन्न कला शैलियों, ड्रामा और फिल्म निर्माण, फोटोग्राफी, वस्त्र सज्जा, रूपसज्जा, पटकथा लेखन और मंच सज्जा से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशालाओं की सूची इस प्रकार है :

- मंच सज्जा पर प्रो. रमेश लखमापुरे द्वारा कार्यशाला।
- नाट्य चित्रांकन और चित्र तकनीकी पर प्रो. शेखर सोनी द्वारा कार्यशाला।
- नाट्य योग और मानव अभियांत्रिकी पर प्रो. प्रशांत परकाले द्वारा कार्यशाला
- मंच सज्जा विषय पर श्री संतोष जिंदल द्वारा कार्यशाला।

## विश्वविद्यालय–समुदाय पारस्परिक संबंध

विश्वविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन और शोध के ऐसे परिवेश का विकास किया गया है जो न केवल समुदाय के संदर्भों में स्थापित है बल्कि समुदाय के साथ पारस्परिक संबंध को भी पुष्ट करता है। शिक्षा विभाग ने ग्रामीण विद्यालयों के साथ संबंध विकसित किए हैं। इन विद्यालयों में सेवापूर्व अध्यापकों को 6 माह के शिक्षण कार्य के लिए भेजा जाता है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा सेवारत शिक्षकों के लिए दो वर्षीय अध्यापक शिक्षा (दूर एवं मुक्त शिक्षा) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसमें भी अधिकांश अध्यापक ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं। वे अपने अनुभवों और सूझ से विश्वविद्यालय को लाभान्वित करते हैं। इसी प्रकार समाज कार्य विभाग द्वारा पांच गाँवों को गोद लिया गया है। विभाग के अध्यापक और विद्यार्थी समुदाय के साथ प्रत्यक्षतः संलग्नता द्वारा संपोषणीय विकास के लिए प्रयासरत हैं। प्रबंधन विभाग ने स्थानीय लघु उद्योगों की इकाइयों के साथ समझौते किए हैं। इसके अनुसार विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और उद्योगों के कर्मियों में पारस्परिक संबंध विकसित हुआ है। ये पहल युवाओं को कुशलता आधारित रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों के लिए प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करती है।

शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित करता है जो हाशिए के वर्गों की दुनिया को अकादमिक

अध्ययन की विषय वस्तु बनाते हैं। आदिवासी समूहों के देशज ज्ञान की खोज, वंचित समूहों की मनोसामाजिक दशा, विकास की गांधीवादी दृष्टि ऐसे कुछ क्षेत्रों के उदाहरण हैं। अपने संकाय सदस्यों को समुदाय के विमर्श से जोड़ने के लिए उक्त क्षेत्रों पर आधारित शोध योजनाओं को अनुदान प्रदान किया गया है। इस प्रकार की कुछ परियोजनाओं के उदाहरण निम्नवत हैं:

- उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों का घरेलू हिंसा पर प्रभाव
- राष्ट्र बनाम आख्यानः 21 वीं शताब्दी में राष्ट्रवाद
- सामाजिक पूंजी और किसान आत्महत्या
- महात्मा गांधी की कर्मभूमि वर्धा में सामाजिक जीवन, परंपरा और परिवर्तन

विश्वविद्यालय में समुदाय की प्रत्यक्ष सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए गांव के सरपंचों और शिक्षकों की बैठक आहूत की जाती है। इन बैठकों का उद्देश्य उनकी दृष्टियों को समझना और विश्वविद्यालय के अभ्यासों को इस दृष्टि से लाभान्वित करना है। यह उल्लेखनीय है कि इन बैठकों में सरपंच और शिक्षक बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और विश्वविद्यालय को अपना सहयोग प्रदान करते हैं।

## विचार और शोध का सृजन और संवर्धन

विश्वविद्यालय द्वारा नियमित रूप से पत्रिकाओं और पुस्तकों का प्रकाशन किया जाता है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास, विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के इतर अध्येताओं, शोधकर्ताओं को अपने विचार को साझा करने, शास्त्र में योगदान करने और अन्य अध्येताओं की दृष्टि को जानने का मौका देता है। विश्वविद्यालय द्वारा चार पत्रिकाएं प्रकाशित की जाती हैं।

**बहुवचन** : यह हिंदी साहित्य, भाषा और आलोचना की प्रतिष्ठित पत्रिका है। अब तक इसके पचास अंक प्रकाशित हो चुके हैं। जैसा इस पत्रिका के नाम का अर्थ है वैसे ही इसमें अनेक विचार दृष्टियों और विधाओं को सम्मिलित किया जाता है। हाल में ही इसके विषय क्षेत्र का विस्तार करते हुए इसमें अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सामग्री को प्रकाशित किया गया है। मीडिया और समाज विशेषांक इसका उदाहरण है।

**पुस्तक–वार्ता** : यह द्विमासिक पत्रिका है। इसमें पुस्तकों की आलोचना प्रकाशित की जाती हैं। इसमें प्रकाशित विस्तृत और विश्लेषणात्मक आलोचना पाठकों को समसामयिक पुस्तकों की एक विहंगम जानकारी देती है।

**ताना–बाना** : यह विश्वविद्यालय की एक विशिष्ट वार्षिक पत्रिका है जो कला और संस्कृति से संबंधित विषयों को सम्मिलित करती है। यह भारत के विविधता भरे परिवेश में पुष्पित पल्लवित हो रही संस्कृतियों से परिचित कराती है।

**हिंदी : लैंग्वेज, डिसकोर्स एण्ड राइटिंग** : यह अंग्रेजी में प्रकाशित पत्रिका है जो गैर–हिंदी भाषी अध्येताओं को हिंदी भाषा के विमर्शों से परिचित कराती हैं। अब तक इसके 9 अंक प्रकाशित हो चुके हैं।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के अधिकांश विभागों और केंद्रों के द्वारा अपनी ई–पत्रिका प्रकाशित की जाती है। ये विद्यार्थियों में लेखन कुशलताओं का विकास करती है। निमित्त एवं संवर्धन इन पत्रिकाओं के उदाहरण हैं। विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी के लब्ध–प्रतिष्ठ साहित्यकारों के रचना संचयन का भी प्रकाशन किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा तुलनात्मक साहित्य कोश और हिंदी के मौखिक इतिहास के चार खंडों का प्रकाशन किया गया है।

हिंदी और विदेशी व अन्य भारतीय भाषाओं के बीच प्रभावी संप्रेषण के लिए विश्वविद्यालय द्वारा शब्दकोशों के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है–

1. वर्धा हिंदी शब्दकोश (प्रकाशित)
2. भोजपुरी–हिन्दी–अंग्रेजी शब्दकोश (प्रकाशनाधीन)
3. हिंदी–स्पैनिश–अंग्रेजी शब्दकोश (प्रक्रिया में)

4. हिंदी–फ्रेंच–अंग्रेजी शब्दकोश (प्रक्रिया में)
5. फ्रेंच–हिंदी–अंग्रेजी शब्दकोश (प्रक्रिया में)
6. जापानी–हिंदी–अंग्रेजी शब्दकोश (प्रक्रिया में)

विश्वविद्यालय हिंदी के अलावा अन्य विषयों में भी अध्ययन सामाग्री का विकास कर रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा छह खण्डों में सामाजिक विज्ञान कोश का प्रकाशन किया जा चुका है। वर्तमान में टी.एल.सी. एच.एस. परियोजना के अंतर्गत कुछ अन्य विश्वकोशों और पुस्तकों के प्रकाशन का कार्य प्रगति पर है।

## सफलता की कहानियाँ

### क. हिंदी के लिए तकनीकी–सुगम परिवेश का विकास

**हिंदी समय** : विश्वविद्यालय ने अपने लक्ष्यों के अनुरूप तकनीकी के लिए और तकनीकी में प्रयुक्त भाषा के रूप में हिंदी को स्थापित किया है। हिंदी साहित्य की वैश्विक पहुँच को सुगम करने के लिए हिंदी भाषा और साहित्य की ई–संचयिता तैयार की है। इसे हिंदी समय डॉट कॉम के नाम से जाना जाता है। गूगल ने इसे हिंदी पाठकों के द्वारा खोजी जाने वाली साइट के रूप में पहचाना है। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रत्येक दिन लगभग 5000 लोग इस वेबसाइट पर आते हैं। इसे प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शुक्रवार को अद्यतन किया जाता है। इसे पढ़ने के लिए, शोध के लिए, संदर्भ सामग्री के रूप में और जानकारी खोजने के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

**सॉफ्टवेयर** : ऐसा माना जाता है कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसका कम्प्यूटर पर प्रयोग करना कठिन है क्योंकि इसे सहयोग कर पाने वाले सॉफ्टवेयरों का अभाव है जो कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने को सरल कर सके। इस दिशा में योगदान करते हुए विश्वविद्यालय ने कुछ सॉफ्टवेयरों का विकास किया है। इसके उदाहरण यहां दिए जा रहे हैं–

- सक्षम, हिंदी वर्तनी जाँचक
- आई ब्राउजर पहला इण्टरनेट एक्सप्लोरर, जिसे लिम्का रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया गया है।
- आचार्य, हिंदी व्याकरण जाँचक
- कुशल, हिंदी अक्षर जाँचक
- प्रखर, देवनागरी फॉण्ट परिवर्तक
- यूनीदेव, यूनीकोड फॉण्ट परिवर्तक

### ख. ईपीजी पाठशाला

वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा परास्नातक स्तर पर हिंदी साहित्य के शिक्षण के लिए 280 ई–अधिगम मॉड्यूल बनाए जा रहे हैं। यह परियोजना पूर्ण होने वाली है। हिंदी अध्ययन के लिए ई–प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की एक और उपलब्धि होगी

### स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय

विश्वविद्यालय की एक विशेषता स्वामी सहजानन्द सरस्वती संग्रहालय है जहाँ हिंदी के लब्ध–प्रतिष्ठ साहित्यकारों की रचना सामग्री, पत्र, पांडुलिपियां आदि सुरक्षित हैं। अभी यह संग्रहालय अकादमिक भवन में अस्थाई रूप से चल रहा है। इस संग्रहालय के भवन के निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ लेकिन वित्ताभाव में पूर्ण नहीं हो सका। इस भवन की प्रस्तावित लागत रुपये 12 करोड़ है। विद्यार्थियों, शोधर्थियों और आमजन के लिए उपयोगी इस भवन को पूर्ण करने के लिए भी वित्त की आवश्यकता है।

**लीला** :

इस विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण विभाग–लीला (Laboratory in Informatics For the Liberal Arts) है जो इस

शताब्दी की विश्वव्यवस्था में सामान्य और शिक्षा क्षेत्र में विशेष सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की केंद्रीय उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने अभिकलन से प्रगाढ़ व्यावहारिक परिचय को अनिवार्य पाठ्यचर्या के रूप में अपनी पाठसंहिता के अंतर्गत रखा है। भारत का यह ऐसा पहला विश्वविद्यालय है जहाँ इस परिकल्पना को साकार किया गया है, यहाँ एम.ए. की डिग्री तभी प्रदान की जाती हैं जब विद्यार्थी कंप्यूटर में भी दक्ष हों और साथ ही भारतीय व विदेशी भाषा का ज्ञान हो जाए।

**विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र** : विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 5 क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया, जिसके अनुपालन में सर्वप्रथम कोलकाता एवं इलाहाबाद में क्षेत्रीय केंद्र खोले गए।

**दूर शिक्षा निदेशालय** : विश्वविद्यालय का दूर शिक्षा निदेशालय सक्रियता से कार्य कर रहा है। दूरस्थ माध्यम से विश्वविद्यालय में 13 पाठ्यक्रम संचालित हैं, जिसमें स्नातक, परास्नातक, सामान्य तथा प्रबंधन विषयों के पाठ्यक्रम शामिल हैं।

विश्वविद्यालय ने अपने परिवेश के सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन को प्रभावित करने के लिए प्रयास किया है। सामाजिक कार्य से जुड़े कई सांस्कृतिक, शैक्षणिक, साहित्यिक कार्यक्रम यहाँ नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, जिनमें विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के साथ विश्वविद्यालय के सामान्य कर्मियों की नियमित भागीदारी रहती है। विश्वविद्यालय ने साहित्य, नागरिक जीवन और अकादमिक क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान करने वाले भारतवंशियों को डी. लिट्. की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। इसी क्रम में 2008 में मॉरीशस की विशिष्ट साहित्यिक विभूति श्री अभिमन्यु अनत और 2009 में मॉरीशस के राष्ट्रपति सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को इन उपाधियों से सम्मानित किया गया था।

विश्वविद्यालय का शिकायत निवारण प्रकोष्ठ विद्यार्थियों और कर्मियों की जरूरतों को पूरा करता है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगार संबंधी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है साथ ही विशिष्ट कौशलों का प्रशिक्षण भी देता है। विश्वविद्यालय का परिसर एक पर्यावरण–मित्र परिसर है। यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को उपयुक्त कौशल के साथ नेतृत्व की भूमिका में प्रशिक्षित करने के लिए प्रयत्नशील है। वह समाज के विकास के लिए विद्यार्थियों में योग्य मानवीय संसाधन का विकास कर उनकी प्रतिभाओं को निखारेगा।

विश्वविद्यालय का वर्ष 2015–16 का वार्षिक प्रतिवेदन और लेखा प्रस्तुत करते हुए हमें हर्ष का अनुभव हो रहा है। इसमें विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण सम्मिलित किया गया है। इसे तैयार करने में डॉ. अमित विश्वास ने विशेष प्रयास किया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। आशा है यह विवरण विश्वविद्यालय की गतिविधियों से न केवल परिचित कराने में सहायक होगा, बल्कि विश्वविद्यालय की यात्रा को भी रेखांकित करेगा और भविष्य की योजनाओं के लिए भी प्रेरणादायी होगा।

**प्रो. गिरीश्वर मिश्र**
कुलपति

# प्रख्यात आगंतुक

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्राथमिक सरोकारों में से महत्वपूर्ण यह है कि पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या और पाठ्यसामग्री को नई शताब्दी की चुनौतियों और प्रश्नाकुलता के अनुरूप अद्यतन करते हुए इस क्षेत्र में नए विकल्पों को ज्ञात कर विकसित और विन्यस्त किया जाए। यह विश्वविद्यालय युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं के अनुरूप पारंपरिक पाठ्यक्रमों से इतर ज्ञान के विविध अनुशासनों में शोध एवं मूल्यपरक शिक्षा को वरीयता देता है, इसलिए यहाँ अध्ययन–अध्यापन और अनुसंधान के क्षेत्रों में नई प्रविधि विकसित करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों से रू–ब–रू भी कराया जाता है। अपनी अवधारणा के मुताबिक विश्वविद्यालय ने अपने–अपने क्षेत्र के अनेक विद्वानों और जीवंत प्रतिभाओं से खुद को जोड़ा है। वर्ष 2015–16 में अध्ययन–अध्यापन के लिए विभिन्न अनुशासनों के शैक्षिक आयोजनों में अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने विश्वविद्यालय में उपस्थित हो कर यहाँ के अकादमिक परिवेश को समृद्ध किया।

1. प्रो. सुखदेव थोरात
2. पद्मश्री शोभना नारायण
3. प्रो. केदारनाथ सिंह
4. श्री टी.बी. सुब्बाराव
5. डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे
6. प्रो. विमल थोरात
7. प्रो. नंदकिशोर आचार्य
8. श्री जियांग जिंगकुई
9. डॉ. इंदिरा गाजिएवा
10. प्रो. अच्युतानंद मिश्र
11. प्रो. रामशरण जोशी
12. प्रो. निर्मला जैन
13. प्रो. मानसिंह परमार
14. श्री एलेक्जांडर
15. प्रो. आनंद प्रकाश
16. श्री नवनीत मिश्र
17. प्रो. वेदप्रकाश मिश्र
18. श्रीमती छाया पाटील
19. श्री राजेंद्र उपाध्याय
20. श्री विजय कुमार मल्होत्रा
21. प्रो. यशोधारा मिश्रा
22. प्रो. एन. सुन्दरम
23. श्री जयराम फगरे
24. सुश्री चंदन तिवारी
25. प्रो. के.के. गोस्वामी
26. डॉ. दामोदर खडसे
27. प्रो. राममोहन पाठक
28. डॉ. उल्हास जाजू
29. श्री बसंत भाई
30. प्रो. दूधनाथ सिंह

## सांविधिक अधिकारी

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रणब मुखर्जी | : | कुलाध्यक्ष |
| प्रो. कपिल कपूर | : | कुलाधिपति |
| प्रो. गिरीश्वर मिश्र | : | कुलपति |
| प्रो. चित्तरंजन मिश्र | : | समकुलपति |
| प्रो. सूरज प्रसाद पालीवाल | : | कुलानुशासक |
| प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल | : | संकायाध्यक्ष (भाषा विद्यापीठ) |
| प्रो. कृष्ण कुमार सिंह | : | संकायाध्यक्ष (साहित्य विद्यापीठ) |
| प्रो. एल. कारूण्यकरा | : | संकायाध्यक्ष (संस्कृति विद्यापीठ) |
| प्रो. चित्तरंजन मिश्र | : | संकायाध्यक्ष (अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ) |
| प्रो. मनोज कुमार | : | संकायाध्यक्ष (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ) |
| प्रो. अरबिंद कुमार झा | : | संकायाध्यक्ष (शिक्षा विद्यापीठ) तथा (प्रबंधन विद्यापीठ) |
| डॉ. मैत्रेयी घोष | : | पुस्तकालयाध्यक्ष |
| श्री पी. सरदार सिंह | : | वित्ताधिकारी |
| डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र | : | कुलसचिव |

# सांविधिक निकाय

## कार्य परिषद

कार्य परिषद विश्वविद्यालय के प्रबंध एवं प्रशासन का सर्वोच्च निकाय है, जिसे कुलाध्यक्ष की अनुमति से परिनियम बनाने की शक्ति प्राप्त है। विनियम विश्वविद्यालय की प्राधिकृत संस्था द्वारा परिनियम एवं अध्यादेश को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं। प्रत्येक परिनियम, अध्यादेश एवं विनियम संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं और भारत के राजपत्र में प्रकाशित होते हैं।

## कार्य परिषद के सदस्य –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो. गिरीश्वर मिश्र | कुलपति एवं अध्यक्ष |
| 2 | प्रो. चित्तरंजन मिश्र | समकुलपति एवं सदस्य |
| 3 | प्रो. अनंत राम त्रिपाठी | सदस्य |
| 4 | प्रो. निर्मला जैन | सदस्य |
| 5 | प्रो. एस. तंकमणि अम्मा | सदस्य |
| 6 | प्रो. सुधीश पचौरी | सदस्य |
| 7 | प्रो. सदानंद शाही | सदस्य |
| 8 | प्रो. राजीव संगल | सदस्य |
| 9 | श्री रविंद्र कालिया | सदस्य |
| 10 | प्रो. मनोज कुमार | सदस्य |
| 11 | प्रो. अनिल कुमार राय | सदस्य (01.07.2015 तक) |
| 12 | प्रो. एल. कारूण्यकरा | सदस्य (06.01.2016 तक) |
| 13 | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल | सदस्य (31.07.2015 से 06.01.2016तक) |
| 14 | प्रो. अरबिंद कुमार झा | सदस्य (15.02.2016 से) |
| 15 | प्रो. कृष्ण कुमार सिंह | सदस्य (15.02.2016 से) |
| 16 | डॉ. अन्नपूर्णा चर्ल | सदस्य |
| 17 | डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी | सदस्य |
| 18 | डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र | कुलसचिव एवं पदेन सचिव |

कार्य परिषद की 54वीं बैठक 30 जून, 2015 को तथा 55वीं बैठक 19 दिसंबर, 2015 को संपन्न हुई।

## विद्या परिषद

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. गिरीश्वर मिश्र<br>कुलपति एवं अध्यक्ष | महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा |
| 2. | प्रो. चित्तरंजन मिश्र<br>समकुलपति एवं सदस्य | अधिष्ठाता : अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा |
| 3. | प्रो. मनोज कुमार, सदस्य | अधिष्ठाता : मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ /<br>निदेशक : म.गां. फ्यू. गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र,<br>म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 4. | प्रो. एल. कारूण्यकरा, सदस्य | अधिष्ठाता : संस्कृति विद्यापीठ / निदेशक : डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर<br>सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 5. | प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, सदस्य | अधिष्ठाता : साहित्य विद्यापीठ, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 6. | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, सदस्य | अधिष्ठाता : भाषा विद्यापीठ / विभागाध्यक्ष, भाषा अध्ययन विभाग /<br>निदेशक, भारतीय एवं विदेशी भाषा अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 7. | प्रो. अरबिंद कुमार झा, सदस्य | अधिष्ठाता : शिक्षा विद्यापीठ / प्रबंधन विद्यापीठ / विभागाध्यक्ष, शिक्षा<br>विभाग तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 8. | प्रो. अनिल कुमार राय, सदस्य | अधिष्ठाता : विद्यार्थी कल्याण / निदेशक, संचार एवं मीडिया अध्ययन<br>केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 9. | प्रो. सूरज प्रसाद पालीवाल, सदस्य | कुलानुशासक / विभागाध्यक्ष, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग,<br>म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 10. | प्रो. सुरेश शर्मा, सदस्य | विभागाध्यक्ष, नाट्यकला एवं फ़िल्म अध्ययन विभाग,<br>म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 11. | प्रो. विजय कुमार कौल, सदस्य | विभागाध्यक्ष, कंप्यूटेशनल भाषा विज्ञान विभाग /<br>निदेशक, प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 12. | प्रो. देवराज, सदस्य | विभागाध्यक्ष, अनुवाद अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 13. | प्रो. नपेंद्र प्रसाद मोदी, सदस्य | विभागाध्यक्ष, विकास एवं शाति अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 14. | डॉ. फरहद मलिक, सदस्य | विभागाध्यक्ष, मानवविज्ञान विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 15. | डॉ. सुप्रिया पाठक, सदस्य | प्रभारी विभागाध्यक्ष, स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा |
| 16. | डॉ. राजीव रंजन राय, सदस्य | विभागाध्यक्ष, प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग,<br>म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 17. | डॉ. सुरजीत कुमार सिंह, सदस्य | प्रभारी निदेशक, डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र,<br>म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 18. | प्रो. संतोष कुमार भदौरिया, सदस्य | प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा, |
| 19. | प्रो. शंभु गुप्त, सदस्य | प्रोफेसर, स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 20. | डॉ. अन्नपूर्णा चर्ल, सदस्य | एसाशिएट प्रोफेसर, अनुवाद अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 21. | डॉ. प्रीति सागर, सदस्य | एसोशिएट प्रोफेसर, हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग,<br>म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 22. | डॉ. रविंद्र तु. बोरकर, सदस्य | क्षेत्रीय निदेशक / एसोशिएट प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय,<br>म.गां.अं.हिं.वि.,वर्धा |
| 23. | डॉ. शोभा पालीवाल, सदस्य | एसोशिएट प्रोफेसर / अकादमिक संयोजक, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 24. | श्री पीयूष प्रताप सिंह, सदस्य | सहायक प्रोफेसर, प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 25. | डॉ. धरवेश कठेरिया, सदस्य | सहायक प्रोफेसर, प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 26. | डॉ. अवंतिका शुक्ला, सदस्य | सहायक प्रोफेसर, स्त्री अध्ययन विभाग, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 27. | डॉ. शंभू जोशी, सदस्य | सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 28. | डॉ. मैत्रेयी घोष, सदस्य | पुस्तकालयाध्यक्ष, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |
| 29. | प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, सदस्य | प्रोफेसर, शिक्षा मनोविज्ञान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण,<br>श्री अरविंदो मार्ग, नई दिल्ली। |
| 30. | श्री लीलाधर मंडलोई, सदस्य | निदेशक, भारतीय ज्ञानपीठ, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया,<br>पोस्ट बॉक्स नं. 3113, लोधी रोड, नई दिल्ली |
| 31. | प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, सदस्य | साहित्यिकी, डी–54, निराला नगर, लखनऊ |
| 32. | श्रीमती चित्रा मुद्गल, सदस्य | जी–57, मेघा अपार्टमेंट्स, मयूर विहार, फ़ेज–1, नई दिल्ली |
| 33. | श्री सुनील फरसोले, सदस्य | बुनियादी तालीम समिति, सेवाग्राम |
| 34. | सुश्री अर्चना थूल, सदस्य | सहायक प्रोफेसर, भाषाविज्ञान विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय,<br>एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई |
| 35. | श्री रजनीश अग्रहरि, सदस्य | विद्यार्थी प्रतिनिधि, शोधार्थी, शिक्षा विद्यापीठ |
| 36. | सुश्री रजनी झा, सदस्य | विद्यार्थी प्रतिनिधि, साहित्य विद्यापीठ |
| 37. | डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, पदेन सचिव | कुलसचिव, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा |

विद्या परिषद की 23 वीं बैठक 23 जून, 2015 को संपन्न हुई।

| क्र. | विभाग | गठन की तिथि | बैठक की तिथि | बाह्य विशेषज्ञ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग | 05.05.2015 | 11.03.2016 | प्रो. के. एल. वर्मा, रायपुर<br>डॉ. राम भावसार, उतर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगाँव |
| 2. | कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान विभाग | 10.11.2014 | 17.06.2015 | डॉ. राम भावसार<br>प्रो. विनीत चैतन्य |
| 3. | हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग | 28.10.2014 | 14.11.2014<br>18.06.2015 | प्रो. अनंत मिश्र<br>प्रो. वीणा दाढे, नागपुर |
| 4. | विकास एवं शांति अध्ययन विभाग | 13.02.2013 | 29.07.2015 | प्रो.सुबोध नारायण मालाकार, जे.एन.यू, नई दिल्ली<br>प्रो. पुष्पा मोतियानी, गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद,<br>डॉ. एम.एल. कासारे, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा |
| 5. | स्त्री अध्ययन विभाग | 07.10.2014 | 16.06.2015<br>27.01.2016 | प्रो. आशा शुक्ला, भोपाल<br>डॉ. कुसुम त्रिपाठी, मुंबई |
| 6. | डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो–कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र | 23.09.2014 | 16.06.2015 | प्रो. प्रदीप आगलावे<br>डॉ. के. वाई. रत्नम |
| 7. | डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र | 08.05.2015 | 19.06.2015<br>11.03.2016 | प्रो. एम. एल. कासारे<br>प्रो. भाऊ लोखंडे<br>श्री विश्वेश्वर महादेव हाडके |
| 8. | अनुवाद अध्ययन विभाग | 20.03.2015 | 15–16 अप्रैल, 2015 | प्रो. के. नारायण मूर्ति, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद<br>डॉ. जगदीश शर्मा, इग्नू, नई दिल्ली |
| 9. | जनसंचार विभाग | 28.10.2014 | 18.06.2015 | प्रो. डी.के.पोखरापुरकर, पुणे<br>श्री पंकज नयन पाण्डेय, रायपुर |
| 10. | महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र | 23.09.2014 | 15.06.2015<br>02.03.2016 | प्रो. एस.एन.चौधरी<br>प्रो. प्रदीप देशमुख |
| 11. | मानवविज्ञान विभाग | 31.10.2014 | 18.04.2016 | प्रो.पी.सी. जोशी, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली<br>प्रो. अरूण कुमार, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर |
| 12. | प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म एवं नाटक) विभाग | | 17.12.2015 | श्री योगेश्वर गंधे, पुणे<br>डॉ. जयंत शेवतेकर, औरंगाबाद |
| 13. | शिक्षा विभाग | 22.05.2015 | 17.06.2015 | प्रो. वी. एस. शुक्ला<br>प्रो. भारती बावेजा |
| 14. | मनोविज्ञान विभाग | 11.07.2014 | 17.06.2014 | प्रो. के.एन. त्रिपाठी, बरकतुल्लाह वि.वि., भोपाल |
| | | | | |

## वित्त समिति

1. प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलपति एवं अध्यक्ष

सदस्य

2. प्रो. चित्तरंजन मिश्र, समकुलपति

3. संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार
   मानव संसाधन विकास मंत्रालय
   शास्त्री भवन, नई दिल्ली

4. संयुक्त सचिव (के.वि. एवं भाषा)
   मानव संसाधन विकास मंत्रालय
   शास्त्री भवन, नई दिल्ली

5. संयुक्त सचिव (के.वि.)
   विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
   बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली

6. डॉ. अनंतराम त्रिपाठी
   प्रधान मंत्री, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
   हिंद नगर, वर्धा

7. डॉ. अब्दुल बारी अब्दुल अज़ीज़
   प्रधानाध्यापक
   जी.एस. कॉलेज ऑफ कॉमर्स
   सिविल लाइंस, वर्धा

8. श्री अनंत जी. गोडबोले
   28, धर्मपेठ हाउसिंग सोसायटी लेआऊट
   दीनदयाल नगर, नागपुर

9. श्री पी. सरदार सिंह
   वित्ताधिकारी एवं पदेन सचिव

वित्त समिति की 25 वीं बैठक 05.06.2015 को तथा 26 वीं बैठक 24.07.2015 को संपन्न हुई।

## भवन निर्माण समिति

1. प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलपति एवं अध्यक्ष
   म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा

सदस्य

2. प्रो. चित्तरंजन मिश्र, समकुलपति
   म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा

3. प्रो. अरबिंद कुमार झा
   म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
   अधिष्ठाता : योजना

4. श्री पी. एस. सिंह
   म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
   वित्ताधिकारी

5. श्री सचिन एस. लाम्बे
   प्लॉट नं. 44–45, राजेंद्र नगर, हिंगना रोड,
   नागपुर–440036
   (पी.एम.सी.)

6. प्रो. आर.जी. बैस
   वरिष्ठ प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग,
   बापूराव देशमुख कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग,
   सेवाग्राम, वर्धा

7. अधीक्षण अभियंता
   (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग)
   सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर

8. डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र
   कुलसचिव एवं पदेन सचिव
   म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा

भवन निर्माण समिति की 27 वीं बैठक 03 जून, 2015, 28 वीं बैठक 03 दिसंबर, 2015 तथा 29 वीं बैठक 03 फरवरी, 2016 को संपन्न हुई।

# स्कूल–बोर्ड

| क्र. | विद्यापीठ | गठन | बाह्य विशेषज्ञ |
|---|---|---|---|
| 1. | भाषा विद्यापीठ | 10.09.2013 | प्रो. अरुण चतुर्वेदी, आगरा<br>प्रो. एम. वेंकटेश्वर, हैदराबाद |
| 2. | साहित्य विद्यापीठ | 01.12.2014 | प्रो. आर.एस. सर्राजु, केंद्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद<br>प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर |
| 3. | संस्कृति विद्यापीठ | 29.08.2013 | प्रो. मैत्रेयी चौधरी, जे.एन.यू., दिल्ली<br>श्रीमती इंदू अग्निहोत्री, सीडब्ल्यूडीएस, दिल्ली |
| 4. | अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ | 02.05.2013 | प्रो. पी.सी. जैन, जेएनयू, दिल्ली<br>प्रो. हेमंत दरबारी, सी–डैक, पुणे |
| 5. | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ | 28.10.2014 | प्रो. पी.बी. सेनगुप्ता<br>प्रो. शम्सुल इस्लाम |
| 6. | सृजन विद्यापीठ | 30.01.2013 | प्रो. सचिन तिवारी, इलाहाबाद<br>प्रो. संस्कार देसाई, मुंबई |
| 7. | शिक्षा विद्यापीठ | 22.05.2014 | प्रो. वी.एस. शुक्ल, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा<br>प्रो. भारती बावेजा, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |

| विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष / केंद्र निदेशक / प्रभारी | |
|---|---|
| विभागाध्यक्ष : भाषा अध्ययन विभाग | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल |
| विभागाध्यक्ष : कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान विभाग | प्रो. विजय कुमार कौल |
| निदेशक : भारतीय एवं विदेशी भाषा अध्ययन केंद्र | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल |
| प्रभारी : विदेशी शिक्षण प्रकोष्ठ | प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल |
| विभागाध्यक्ष : हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग | प्रो. कृष्ण कुमार सिंह |
| विभागाध्यक्ष : विकास एवं शांति अध्ययन विभाग | डॉ. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी |
| प्रभारी विभागाध्यक्ष : स्त्री अध्ययन विभाग | डॉ. सुप्रिया पाठक |
| निदेशक : डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर–सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र | प्रो. एल. कारूण्यकरा |
| निदेशक : महात्मा गांधी फ्यूजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र | प्रो. मनोज कुमार |
| प्रभारी निदेशक : डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र | डॉ. सुरजीत कुमार सिंह |
| विभागाध्यक्ष : अनुवाद अध्ययन विभाग | प्रो. देवराज |
| प्रभारी विभागाध्यक्ष : डायस्पोरा अध्ययन विभाग | डॉ. राजीव रंजन राय |
| निदेशक : जनसंचार विभाग | प्रो. अनिल कुमार राय |
| विभागाध्यक्ष : मानवविज्ञान विभाग | डॉ. फरहद मलिक |
| विभागाध्यक्ष : नाट्यकला एवं फ़िल्म अध्ययन विभाग तथा भारतीय तथा पाश्चात्य कला एवं सौंदर्य शास्त्र का केंद्र | प्रो. सुरेश शर्मा |
| विभागाध्यक्ष : शिक्षा विभाग | प्रो. अरबिंद कुमार झा |
| निदेशक : नेहरू अध्ययन केंद्र | प्रो. अरबिंद कुमार झा |
| निदेशक : अंबेडकर अध्ययन केंद्र | प्रो. मनोज कुमार |
| प्रभारी विभागाध्यक्ष : मनोविज्ञान विभाग | डॉ. अरूण प्रताप सिंह |
| विभागाध्यक्ष : प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग | प्रो. अरबिंद कुमार झा |
| निदेशक : दूर शिक्षा निदेशालय | प्रो. अरबिंद कुमार झा |
| प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र इलाहाबाद | प्रो. संतोष कुमार भदौरिया |
| प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता | डॉ. कृपाशंकर चौबे |
| प्रभारी, लीला | श्री गिरीश चन्द्र पांडेय |
| प्रभारी, परीक्षा | श्री कौशल किशोर त्रिपाठी |

| विभिन्न समितियों के संयोजक/समन्वयक/अधिकारी | |
|---|---|
| प्रभारी/संयोजक | समितियाँ |
| प्रो. गिरीश्वर मिश्र | कुलपति एवं अध्यक्ष नवाचार क्लब/आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकाष्ठ/पुस्तकालय सलाहकार समिति/रैंगिंग विरोधी समिति |
| प्रो. चित्तरंजन मिश्र | पारदर्शिता अधिकारी/अध्यक्ष, अनुपयोगी वस्तुओं की नीलामी हेतु समिति |
| प्रो. मनोज कुमार | समन्वयक, सामुदायिक विकास प्रकोष्ठ/विश्वविद्यालय उद्योग प्रकोष्ठ लायजन ऑफिसर, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ |
| प्रो. सूरज प्रसाद पालीवाल | समन्वयक, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ/अध्यक्ष, सौंदर्यीकरण एवं परिसर स्वच्छता समिति/स्वास्थ्य समिति/नोडल अधिकारी, रैंगिंग विरोधी दल |
| प्रो. के.के. सिंह | अध्यक्ष, प्रवेश समिति |
| प्रो. अनिल कुमार राय | समन्वयक, सूचना प्रौद्योगिकी नीति मसौदा समिति/अध्यक्ष, सामुदायिक महाविद्यालय परियोजना |
| डॉ. रूपेश कुमार सिंह | समन्वयक, आखर अद्यतन/अधीक्षक, भगत सिंह छात्रावास |
| प्रो. अरबिंद कुमार झा | समन्वयक, उपचारात्मक कोचिंग |
| प्रो. विजय कुमार कौल | प्रभारी, खेल समिति/समन्वयक, ज्ञान प्रकोष्ठ |
| प्रो. सुरेश शर्मा | सहपाठ्यक्रम एवं सामाजिक–सांस्कृतिक गतिविधि प्रकोष्ठ, प्रभारी, स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय |
| डॉ. रवि कुमार | समन्वयक, ज्ञान प्रबंधन पॉलिसी निर्माण समिति |
| श्री अनिर्वाण घोष | समन्वयक, व्यवसाय परामर्श, रोज़गार सूचना एवं नियोजन प्रकोष्ठ/पर्यावरण क्लब/ अधीक्षक, फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास |
| डॉ. अन्नपूर्ण सी. | समन्वयक, महिला उत्पीड़न के विरुद्ध समिति |
| डॉ. उमश कुमार सिंह | संयोजक, समान अवसर प्रकोष्ठ |
| डॉ. सुप्रिया पाठक | समन्वयक, जेंडर संवेदनशीलता समिति |
| डॉ. अवंतिका शुक्ला | प्रभारी, वाद–विवाद प्रकोष्ठ, वार्डन, सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास |
| डॉ. शंभू जोशी | पूर्व छात्र संघ एवं पालक संचार प्रकोष्ठ/अधीक्षक, गोरख पांडेय छात्रावास |
| डॉ. अशोनाथ त्रिपाठी | प्रतियोगी परीक्षाओं एवं नेट/सेट के लिए अनुशिक्षण कक्षाएँ तथा व्यवसायोन्नति प्रकोष्ठ |
| श्री राजेश कुमार यादव | राजभाषा समिति/न.रा.का.स./हिंदी विश्व ब्लॉग/प्रकाशन प्रभारी |
| श्री. राकेश श्रीमाल | संयोजक, वर्धा संस्कार प्रकोष्ठ |
| डॉ. निशीथ राय | उत्पाद विकास सेल |
| श्री कौशल किशोर त्रिपाठी | |
| श्री जगदीप सिंह दांगी | तकनीकी प्रबंधन दल |
| श्री अंजनी कुमार राय | |
| श्री गिरीश चन्द्र पांडेय | |
| श्री अरविंद कुमार | |
| श्री नरेंद्र सिंह | विशेष कर्तव्य अधिकारी/प्रभारी, नागार्जुन सराय अतिथि गृह |
| डॉ. धूपनाथ प्रसाद | अधीक्षक, बिरसा मुण्डा छात्रावास |

# विदेशियों के लिए हिंदी पाठ्यक्रम

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रमुख दायित्वों में से एक हिंदी को विश्वभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करना भी है। अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी के विकास के लिए केंद्रीय और समन्वयक अभिकरण के रूप में कार्य करने के लिए भी विश्वविद्यालय निरंतर प्रयत्नशील है। विश्वविद्यालय ने सौपें गए और अपेक्षित दायित्वों को पूरा करने के लिए विदेशी शिक्षण प्रकोष्ठ की स्थापना की है। यह प्रकोष्ठ विदेशी विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों का संचालन, प्रबंधन, नियमन और शिक्षण करता है। अब तक इन पाठ्यक्रमों में यूरोप, अमेरिका और एशिया के विभिन्न देशों– जर्मनी, पोलैंड, बेल्जियम, क्रोएशिया, हंगरी, श्रीलंका, थाईलैंड, मॉरिशस, चीन, मलेशिया, जापान, सिंगापुर, नेपाल, कोरिया, यू.एस.ए. आदि के विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर चुकें हैं। विश्वविद्यालय ने विभिन्न महाद्वीपों के 11 देशों के विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक अनुबंध किया है। ये देश हैं –श्रीलंका, हंगरी, मॉरिशस, जापान, बेल्जियम, इटली, जर्मनी, रूस, चीन।

**संचालित पाठ्यक्रम :–**

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | अवधि | लक्ष्य / पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1 | आधार पाठ्यक्रम | 4 सप्ताह | ऐसे विदेशी विद्यार्थी जिनका हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि से कोई परिचय नहीं है। |
| 2 | अल्पावधि गहन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | 4 सप्ताह | ऐसे विदेशी विद्यार्थी जिन्होंने कम–से–कम एक सेमेस्टर का हिंदी पाठ्यक्रम पूरा किया है । |
| 3 | प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम | 12 सप्ताह (3 माह) | उन विदेशी विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम का शिक्षण जिनके साथ विश्वविद्यालय का अनुबंध है। |
| 4 | डिप्लोमा पाठ्यक्रम | 2 सेमेस्टर (कोई विद्यार्थी 1 सेमेस्टर की पढ़ाई के बाद प्रमाणपत्र लेकर पाठ्यक्रम छोड़ सकता है।) | हिंदी भाषा से सामान्य परिचय अथवा 4 सप्ताह का आधार पाठ्यक्रम |
| 5 | बी.ए. हिंदी : भाषा, साहित्य और संस्कृति | 6 सेमेस्टर | 10+2 और / डिप्लोमा पाठ्यक्रम |
| 6 | एम.ए. हिंदी | 4 सेमेस्टर | बी. ए. हिंदी : भाषा, साहित्य और संस्कृति |
| 7 | पीएच.डी. | 4–10 सेमेस्टर | संबद्ध विषय में 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य |

**शुल्क** : US $ 300 प्रतिमाह (शिक्षण शुल्क, छात्रावास, भोजन, बिजली, इंटरनेट और व्यायामशाला / जिम की सुविधाएँ सम्मिलित)।

**सुविधाएँ** : फ़ादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास (वातानुकूलित) में आवासीय सुविधा, वातानुकूलित व्याख्यान कक्ष, कंप्यूटर प्रयोगशाला, आइसीटी कक्ष एवं भाषा प्रयोगशाला, इंटरनेट (वाई–फाई), व्यायामशाला एवं क्रीड़ा–स्थल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छात्र–मित्र।

## आवासीय लेखक (राइटर-इन-रेजीडेंस)

विश्वविद्यालय में एक अनूठी संकल्पना के तहत 'राइटर–इन–रेजीडेंस' का पद सृजित किया गया है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में अकादमिक और सांस्कृतिक वातावरण को विकसित करना है। प्रभात त्रिपाठी पहले आवासीय लेखक (राइटर–इन–रेजीडेंस) थे। उसके बाद गांधीवादी विचारक प्रो. नन्द किशोर आचार्य, प्रख्यात रंगकर्मी हबीब तनवीर, आलोक धन्वा, राजकिशोर, से.रा. यात्री, सुरेश शर्मा, विजय मोहन सिंह, संजीव, विनोद कुमार शुक्ल, दूधनाथ सिंह, ऋतुराज, प्रो. वागीश शुक्ल, मदन सोनी और डॉ. अरुणेश नीरन परिसर में रहते हुए सृजन और अध्ययन करते रहे हैं। विश्वविद्यालय ने तीन नए राइटर–इन–रेजीडेंस प्रो. अजित कुमार दलाल, सुश्री चित्रा मुद्गल, प्रो. रमेश दवे की नियुक्ति की है। यह पद इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विभिन्न अनुशासनों के विद्यार्थी आवासीय लेखकों से मिलकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करते हैं, जिससे उन्हें अपने शोध कार्य में मदद मिलती है। आवासीय लेखकों की उपस्थिति से परिसर में संवाद और शैक्षिक वातावरण जीवंत होता है।

### प्रो. अजित कुमार दलाल

मनोविज्ञानी व अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

जन्म : 08 सितंबर, 1950

शिक्षा : एम.ए., पीएच.डी.

कृतियाँ : Health Briefs and Coping with Chronic Diseases, Qualitative Research on Well-Being and Self-Growth : Contemporary Indian Perspectives, New Direction in Health Psychology, Handbook of Indian Psychology, Social Dimension of Health and Well-Being, Introduction to Psychology (Part II), New Directions in Indian Psychology (vol.1) : Social Psychology, The Mind Matters : Disability Attitudes and Community Rehabilitation, Psychology for Better Living, Human Resources Development : Psychological perspectives, Attribution Theory and Research etc.

सम्मान : फूलब्राइट सीनियर रिसर्च फैलोशिप, यूजीसी कैरियर अवार्ड, रॉकफेलर फाउंडेशन अवार्ड आदि।

संपर्क :
94 अशोक नगर,
उदयपुर–313001 (राजस्थान)
मो. : 9559432340
ई–मेल : ajitkdalal@gmail.com

### सुश्री चित्रा मुद्गल

(कथाकार एवं स्त्री विमर्शकार)

जन्म : 10 दिसंबर, 1944

शिक्षा : एम.ए., पीएच.डी.

कृतियाँ : उपन्यास– एक जमीन अपनी, आवां, गिलिगडु, कहानी संग्रह– भूख, जहर ठहरा हुआ, लाक्षाग्रह, अपनी वापसी, इस हमाम में, ग्यारह लंबी कहानियाँ, जिनावर, लपटें, जगदंबा बाबू गाँव आ रहे हैं, मामला आगे बढ़ेगा अभी, केंचुल, आदि–अनादि, लघुकथा संकलन–बयान, कथात्मक रिपोर्ताज– तहखानों मे बंद, लेख– बयार उनकी मुठ्ठी में, बाल उपन्यास–जीवक, माधवी कन्नगी, मणिमेख, बालकथा संग्रह– दूर के ढोल, सूझ बूझ, देश–देश की लोक कथाएँ, नवसाक्षरों के लिए– जंगल, नाट्य रूपांतर– पंच परमेश्वर तथा अन्य नाटक, सद्गति तथा अन्य नाटक, बूढ़ी काकी तथा अन्य नाटक।

सम्मान : व्यास सम्मान, इंदु शर्मा कथा सम्मान, साहित्य भूषण, वीर सिंह देव सम्मान।

संपर्क :
जी. 57, मेधा अपार्टमेंट्स, मयूर विहार फेज 1 एक्सटेंशन, दिल्ली–110091
फोन. : 011–22711371, मो. 9873123237
ई–मेल : mail@chitramudgal.info

### प्रो. रमेश दवे

(शिक्षाविद् एवं कथाकार)

जन्म : 07 नवंबर, 1935

शिक्षा : एम.ए.

कृतियाँ : कहानी एवं उपन्यास– देह दीक्षा, प्रेम चन्द की रुह, रोम का रोमांच, प्रश्न युग, सुगंध के हाथ, आलोचना– समकालीन अफ्रीकी साहित्य, समकालीन रचना और विचार, कृश्ण बलदेव : गल्प का विकल्प, आलोचना समय और साहित्य, आलोचना : अंत का आरंभ, आलोचना की उत्तर परंपरा, बाल साहित्य– बच्चा–बच्चा गाए, कुलबुली कूकी, नाटक– एक नहीं था अफलातून, सुल्तान अहमद का हुक्मनामा, चीख आदि।

सम्मान : नंददुलारे वाजपेयी आलोचना सम्मान, म.प्र.सा. अकादमी, शताब्दी संदर्भ सारस्वत सम्मान आदि।

संपर्क :
एस.एच. 19, ब्लॉक–8, सहयाद्रि परिसर, भदभदा रोड, दुष्यंत कुमार त्यागी मार्ग, भोपाल–462003 (म.प्र.)
फोन : 0755–2777048
मो. 9406523071
ई–मेल : rameshdave12@rediffmail.com

# विश्वविद्यालय के विद्यापीठ

## भाषा विद्यापीठ

भाषा प्रौद्योगिकी विभाग
कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान विभाग
भाषाविज्ञान विभाग
प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र
भारतीय एवं विदेशी भाषा प्रगत अध्ययन केंद्र
विदेशी शिक्षण प्रकोष्ठ

## साहित्य विद्यापीठ

हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग
प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म एवं नाटक) विभाग

## संस्कृति विद्यापीठ

विकास एवं शांति अध्ययन विभाग
स्त्री अध्ययन विभाग
डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर–सिदो कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र
डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र

## अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ

अनुवाद अध्ययन विभाग
प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग

## मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

जनसंचार विभाग
महात्मा गांधी फ्यूजी–गुरुजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र
मानवविज्ञान विभाग

## शिक्षा विद्यापीठ

शिक्षा विभाग
मनोविज्ञान विभाग

## प्रबंधन विद्यापीठ

प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग

## विधि विद्यापीठ

(इस विद्यापीठ के अंतर्गत पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने की प्रक्रिया जारी है।)

# 1. भाषा विद्यापीठ

यह विद्यापीठ हिंदी भाषा की प्रभावी कार्यात्मक क्षमता के विकास के प्रति समर्पित है। इस हेतु यह विद्यापीठ हिंदी भाषा के वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी अध्ययन में संलग्न है। यहाँ पर भारतीय भाषाओं के परिप्रेक्ष्य में विशेषतः देश और दुनिया की भाषाओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन और शोध पर विशेष कार्य किया जा रहा है। यह विद्यापीठ शोध, शिक्षण और प्रशिक्षण के विविध पाठ्यक्रमों द्वारा जीवन के विविध क्षेत्रों में हिंदी की प्रभावी भूमिका को रेखांकित करने के साथ विद्यार्थियों के लिए रोज़गार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयत्नशील है।

इस विद्यापीठ के अंतर्गत निम्नलिखित विभाग और केंद्र संचालित हैं :

1.1 भाषा प्रौद्योगिकी विभाग
1.2 कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान विभाग
1.3 भाषाविज्ञान विभाग
1.4 प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र
1.5 भारतीय एवं विदेशी भाषा प्रगत अध्ययन केंद्र
1.6 विदेशी शिक्षण प्रकोष्ठ

## 1.1 भाषा प्रौद्योगिकी विभाग

इस विभाग के उद्देश्य हैं : 1. भाषा प्रौद्योगिकी के नए उभरते अनुशासन में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना, 2. हिंदी भाषा का सम्यक विकास तथा अन्य भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के साथ संवाद स्थापित करना, 3. उपलब्ध भाषा वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय ज्ञान को हिंदी में प्रस्तुत कर विश्व क्षितिज पर उपस्थित भाषाओं के साथ समकक्षता अर्जित करना, 4. भाषावैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अनुसंधानों के द्वारा छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना और अग्रणी भूमिका के लिए तैयार करना और 5. अद्यतन भाषा प्रौद्यौगिकी से परिचय और हिंदी हेतु उसके अनुप्रयोग का प्रशिक्षण प्रदान करना।

### संचालित पाठ्यक्रम

इस विभाग के अंतर्गत भाषा प्रौद्योगिकी में एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी. और हिंदी भाषा शिक्षण में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

### प्राध्यापक विवरण

| नाम | पदनाम | कार्यारंभ की तिथि | योग्यता | पीएच.डी. का शोध | विशेषज्ञता का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| हनुमानप्रसाद शुक्ल | प्रोफ़ेसर | 03.01.2013 | पीएच.डी. | महात्मा सर्वेश : जीवन और साहित्य | भाषाविज्ञान, हिंदी भाषा शिक्षण, भारतीय काव्यशास्त्र, तुलनात्मक साहित्य |
| अनिल कुमार पाण्डेय | सह प्रोफ़ेसर | 15.06.2010 | पीएच.डी. | हिंदी और बंगाली विधेय पदबंध संरचना का व्यतिरेकी विश्लेषण | ध्वनिविज्ञान, रूपविज्ञान, वाक्यविज्ञान |
| एच.ए. हुनगुंद | सहायक प्रोफेसर | 22.12.2006 | पीएच.डी. | डॉ. बालशौर रेड्डीः व्यक्तित्व एवं कृतित्व | भाषा एवं भाषाविज्ञान और अनुवाद |
| अनिल कुमार दुबे | सहायक प्रोफेसर | 27.12.2006 | पीएच.डी. | श्रीलाल शुक्ल के उपन्यास साहित्य का अनुशीलन | रूपविज्ञान भाषाशिक्षण |
| धनजी प्रसाद | सहायक प्रोफेसर | 13.08.2012 | पीएच.डी. | हिंदी संबंधवाची रचनाओं का आर्थी विश्लेषण : एक संगणकीय मॉडल | प्राकृतिक भाषा संसाधन (NLP) रूपविज्ञान, वाक्यविज्ञान, अर्थविज्ञान |

## गतिविधियाँ

1. (05 अक्टूबर, 2015). प्रो.रामबख्श मिश्र का 'क्षेत्रकार्यपरक भाषावैज्ञानिक शोध प्रविधि' विषय पर विशेष व्याख्यान।
2. (07 अक्टूबर, 2015). प्रो.रामबख्श मिश्र का 'समाज भाषावैज्ञानिक शोध प्रविधि' विषय पर विशेष व्याख्यान।
3. (08 अक्टूबर, 2015). प्रो.ठाकुर दास का 'ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक विश्लेषण' विषय पर विशेष व्याख्यान।
4. (09 अक्टूबर, 2015). प्रो.ठाकुर दास का 'भाषा शिक्षण व्यतिरेकी विश्लेषण और त्रुटि विश्लेषण' विषय पर विशेष व्याख्यान।
5. (16 फरवरी, 2016). डॉ.किशोर वासवानी का 'हिंदी उद्योग' विषय पर विशेष व्याख्यान।
6. (12 मार्च, 2016). डॉ.राम भावसार का 'मशीनी अनुवाद में सांख्यिकी पद्धति' विषय पर विशेष व्याख्यान।

## शोध परियोजनाएँ

डॉ. धनजी प्रसाद, 'हिंदी टैग्ड लघु–कार्पस निर्माण' विषय पर शोध परियोजना पूर्ण, विश्वविद्यालय द्वारा वित्तपोषित।

## संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतिकरण

### शुक्ल, हनुमानप्रसाद

– (10–12 सितंबर, 2015). भोपाल में आयोजित 10 वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभागिता।
– (18–19 सितंबर, 2015). मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर और साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'हिंदी का कथेतर गद्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी में रिपोर्ताज' पर व्याख्यान।
– (27–28 अक्टूबर, 2015). राजस्थान विश्वविद्यालय और राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय सौंदर्यशास्त्र विमर्श' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भारतीय सौंदर्यशास्त्र' पर वक्तव्य।
– (26 फरवरी, 2016). विश्वविद्यालय के साहित्य विद्यापीठ द्वारा 'मध्यकालीन हिंदी साहित्य का वर्तमान' विषय पर आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 'मध्यकालीन साहित्य का वर्तमान : जायसी कृत पद्मावत का संदर्भ' पर व्याख्यान।
– (15–16 मार्च, 2016). विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यापीठ द्वारा 'कक्षा व पाठ्यपुस्तकों से परे अधिगम की संस्कृति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता।

### पाण्डेय, अनिल कुमार

– (14 सितंबर, 2015). महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिकीकरण संस्थान, वर्धा द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशाला में 'हिंदी संरचना' और 'हिंदी की ध्वनि व्यवस्था' विषय पर व्याख्यान।
– (15–16 मार्च, 2016). विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यापीठ द्वारा 'कक्षा व पाठ्यपुस्तकों से परे अधिगम की संस्कृति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहअध्यक्षता।
– (19–20 मार्च, 2016). राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बेंगलुरु द्वारा प्रायोजित एवं विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा 'उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'उच्च शिक्षा का भारतीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य' सत्र की सहअध्यक्षता।

### हुनगुंद, एच. ए.

– (10–12 सितंबर, 2015). भोपाल में आयोजित 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभागिता।
– (15–16 अक्टूबर, 2015). जी.एच.कॉलेज हावेरी, कर्नाटक, यूजीसी, नई दिल्ली तथा शिक्षक संघ, म.गं.अं.हिं.वि., वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 'हिंदी के प्रचार–प्रसार में दक्षिण भारत के साहित्यकारों का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी के प्रचार–प्रसार में डॉ.बालशौरी रेड्डी जी का योगदान' शोध पत्र प्रस्तुत।
– (4–5 मार्च, 2016). भवन्स विवेकानंद कॉलेज, सैनिकपुरी (सिंकदराबाद) एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'बालशौरि रेड्डी : समग्र चिंतन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'डॉ. बालशौरि रेड्डी जी का बाल साहित्य एवं उसकी भाषा' शोध पत्र प्रस्तुत।

**दुबे, अनिल कुमार**
– (28 जनवरी, 2016). यशवंत महाविद्यालय द्वारा 'पॉजीटिव साइकोलॉजिकल कैपीटल एण्ड वेल बीइंग' विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला में सहभागिता।
– (19–20 फरवरी, 2016). नैक, बेंगलुरु द्वारा प्रायोजित तथा आईक्यूएसी, यशवंत महाविद्यालय, वर्धा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता।

**प्रसाद, धनजी**
– (09 दिसंबर, 2015 से 05 जनवरी, 2016). पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 108वें अभिविन्यास कार्यक्रम में सहभागिता।
– (12–14 मार्च, 2016). हिंदी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में 'साहित्येतर हिंदी लेखन एवं सूचना प्रौद्योगिकी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'साहित्येतर हिंदी लेखन में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका' पर व्याख्यान।

**प्रकाशन**
**शुक्ल, हनुमानप्रसाद**
– (2015). रामस्वरूप चतुर्वेदी (भारतीय साहित्य के निर्माता श्रृंखला के अंतर्गत), नई दिल्ली : साहित्य अकादमी।
– (जुलाई–अक्टूबर, 2015). 'छत्ते का अमृतकोश', गगनांचल, 4–5, 32–34, नई दिल्ली : भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, भारत सरकार।

**पाण्डेय, अनिल कुमार**
– (जनवरी, 2016). 'हिंदी में सरल क्रिया', शोध प्रवाह, 6 (1), 79–84, लखनऊ।
– (फरवरी, 2016). 'हिंदी में मिश्रक्रिया, निमित्त (ई.–पत्रिका), 4, 35–37, वर्धा : म.ग.अं.हि.वि.।

**दुबे, अनिल कुमार**
– (जनवरी, 2016). 'सेजेस्टोंपीडिया', शोध प्रवाह, 6 (1), 23–29, वाराणसी।

**प्रसाद, धनजी**
– (जुलाई, 2015). 'देश का आर्थिक विकास और भारतीय भाषाएँ', शांति (ई.–जर्नल) , 4, 125–130, अहमदाबाद।
– (जुलाई, 2015). 'हिंदी आ भोजपुरी में सर्वनाम आ परसर्ग', समकालीन भोजपुरी साहित्य, 33, 85–87, देवरिया : अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी सचिवालय (राष्ट्रीय इकाई)।
– (जुलाई–अक्टूबर, 2015). 'स्वनिम सिद्धांत', शोध प्रेरक, 5, 58–60, लखनऊ : वीर बहादुर सेवा संस्था।
– (अक्टूबर, 2015). 'डिजिटल इंडियाः सूचना प्रौद्योगिकी में भारत के बढ़ते कदम', विज्ञान आपके लिए, 4, 15–17, गाजियाबाद : लोक विज्ञान परिषद।
– (अक्टूबर, 2015). 'नियम–आधारित हिंदी व्याकरण जाँचक : स्वरूप और प्रक्रिया', मीडिया पथ, 2, 40–45, बलिया।
– (अक्टूबर, 2015). 'डिजिटल इंडिया में भाषा प्रौद्योगिकी का महत्व', निमित्त (ई.–पत्रिका), 3, 41–43, वर्धा : मगांअंहिंवि।

## 1.2 कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान विभाग

भाषा विद्यापीठ के अंतर्गत स्थापित कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स विभाग देश का एक अनूठा विभाग है जो कि कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न पाठ्यक्रमों को पूर्णतः हिंदी माध्यम से सन् 2008 से निरंतर संचालित कर रहा

है। प्राकृतिक भाषा का कंप्यूटर टेक्नोलॉजी माध्यम द्वारा मानवहित में नवीन एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर निर्माण एवं अध्ययन कार्य संगणकीय भाषाविज्ञान अर्थात कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स है। संगणकीय भाषाविज्ञान, भाषा प्रौद्योगिकी का एक विशिष्ट एवं अनिवार्य अंग होते हुए प्रौद्योगिकी के अन्य आयामों जैसे कि स्पीच टेक्नॉलॉजी, डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग, इमेज प्रोसेसिंग इत्यादि से परिपूर्ण है। इस विभाग द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का उद्देश्य अंतरानुशासिक विषयों जैसे भाषाविज्ञान, संगणक विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षित करना है। ये कार्यक्रम छात्रों पर केंद्रित हैं और नवाचारों को बढ़ावा देने वाले हैं। कार्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य छात्रों में समीक्षात्मक सोच का निर्माण करना है। विभाग में प्रयुक्त की जाने वाली शिक्षण पद्धति है– सैद्धांतिक चर्चा, हैंड्स ऑन सेशन, छात्रों द्वारा प्रस्तुति पर चर्चा शोध क्षेत्र, प्राकृतिक भाषा संसाधन, मशीनी अनुवाद, भाषा संश्लेषण, वाक कॉर्पस, हिंदी : ओ.सी.आर., संगणक विज्ञान, कृत्रिम बुद्धि, संज्ञान विज्ञान, फॉरेन्सिक भाषाविज्ञान। विभाग का उद्देश्य वर्तमान परिदृश्य में प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं के अनुरूप हिंदी के लिए प्रौद्योगिकी का विकास करना है। विभाग भाषा तकनीकी और कंप्यूटर के प्रायोगिक ज्ञान हेतु आधुनिक प्रयोगशाला और आईसीटी कक्षाओं से परिपूर्ण है।

## संचालित पाठ्यक्रम

इस विभाग के अंतर्गत एम.ए. (कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स), एम.फिल. (कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स), पीएच.डी. (कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स) पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## प्राध्यापक विवरण

| नाम | पदनाम | कार्यारंभ की तिथि | योग्यता | पीएच.डी. का शोध विषय | विशेषज्ञता का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| विजय कुमार कौल | प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष | 13.08.2012 | पीएच.डी. | कश्मीरी संयुक्त क्रियाओं का अर्थ विन्यासात्मक अध्ययन | सैद्धांतिक भाषाविज्ञान, कंप्यूटेशनल / अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, |
| जगदीप सिंह दांगी | सह प्रोफ़ेसर एवं प्रभारी विभागाध्यक्ष | 18.05.2012 | बी.ई. (सी.एस.ई.) | ... | सूचना प्रौद्योगिकी (आई. टी.) स्थानीयकरण एवं सॉफ्टवेयर विकास (हिंदी) |
| शमीम फ़ातमा | सहायक प्रोफ़ेसर* | 25.08.2014 | पीएच.डी. | थीटा थेयरी का उर्दू और अंग्रेज़ी भाषा में अनुप्रयोग का तुलनात्मक अध्ययन | वाक्य विज्ञान, अर्थ विज्ञान, मशीन अनुवाद |
| आम्रपाल शेंदरे | सहायक प्रोफ़ेसर* | 16.09.2015 | एम.फिल. | ... | प्राकृतिक भाषा संसाधन, मशीनी अनुवाद |

(* अस्थाई)

## संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतिकरण

### कौल, विजय कुमार

– (12–13 अगस्त, 2015). भाषाविज्ञान विभाग, कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा 'संज्ञानात्मक भाषाविज्ञान और कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान : समकालीन भाषा विज्ञान में उभरते रुझान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'भाषाविज्ञान में वर्तमान रुझान : कश्मीर के विशेष संदर्भ में' पर व्याख्यान।

– (28–29 नवंबर, 2015). भाषाविज्ञान विभाग, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग द्वारा 'सिंटैक्टिक टायपोलॉजी : लैंग्वेज कॉन्टैक्ट एण्ड कन्वर्जेंस' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'सिंटैक्टिक टायपोलॉजी विथ स्पेशल रिफरेंस टू कश्मीरी' पर व्याख्यान।

### दांगी, जगदीप सिंह

– (10–12 सितंबर, 2015). भोपाल में आयोजित 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में विभिन्न हिंदी सॉफ्टवेयर पर एक प्रदर्शनी का संयोजन करते हुए अपने स्वविकसित विभिन्न हिंदी सॉफ्टवेयर का लाइव डेमॉस्ट्रेशन और पावर पॉइंट प्रजेंटेशन

किया, जिनमें सक्षम – प्रथम हिंदी वर्तनी परीक्षक (लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, 2015 में दर्ज), वर्धा हिंदी शब्दकोश (हिंदी–हिंदी शब्दकोश), प्रखर देवनागरी फ़ॉन्ट परिवर्तक– (अस्की/इस्की फ़ॉन्ट्स से यूनिकोड फ़ॉन्ट), यूनिदेव– (यूनिकोड फ़ॉन्ट से अस्की/इस्की फ़ॉन्ट्स में परिवर्तन हेतु), शब्दज्ञान– (हिंदी–अंग्रेज़ी–हिंदी शब्दकोश), प्रखर देवनागरी लिपिक– (यूनिकोडित रेमिंगटन टंकण प्रणाली आधारित), प्रलेख देवनागरी लिपिक– (यूनिकोडित फ़ॉनेटिक इंग्लिश टंकण प्रणाली आधारित), शब्द–संग्राहक, आई–ब्राउजर++ – प्रथम हिंदी इंटरनेट एक्सप्लोरर (लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, 2007 में दर्ज), शब्दकोश (हिंदी–अंग्रेजी–हिंदी), अंग्रेजी–हिंदी शब्दानुवादक (ग्लोबल वर्ड ट्रांसलेटर) आदि सॉफ्टवेयर प्रमुख हैं।

– (17 मार्च, 2016). महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान, वर्धा में यूनिकोड एवं फ़ॉन्ट परिवर्तक विषय पर आयोजित कार्यशाला में 'यूनिकोड एवं फ़ॉन्ट परिवर्तक' पर व्याख्यान।

**फ़ातमा, शमीम**

– (29–30 जनवरी, 2016). गांधी स्टडीज सेंटर, न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज, वर्धा में 'अंतरानुशासनिक' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सहभागिता।

**शेंदरे, आम्रपाल**

– (21– 23 जनवरी, 2016). उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगाँव द्वारा 'प्राकृतिक भाषा संसाधन एवं प्रतिमा संसाधन' विषय पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।
– (23 फरवरी, 2016). इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 'अनुवाद अध्ययन की शोध प्रविधि' विषय पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला में सहभागिता।

**प्रकाशन**

**दांगी, जगदीप सिंह**

– (10 अप्रैल, 2015). 'प्रौद्योगिकी सुलभ है हिंदी', हिंदी समय, वर्धा : म.ग.अं.हिं.वि.।
– (10 जुलाई, 2015). 'दी फर्स्ट हिंदी लैंग्वेज़ स्पैल–चेक सॉफ्टवेयर', पीसीक्वेस्ट, 1
– (06 सितंबर, 2015). 'तकनीकी के संग हिंदी की उड़ान', इन्स्टन्टख़बर, 1
– (07 सितंबर, 2015). 'विश्व हिंदी सम्मेलन में प्रदर्शित होगा सॉफ्टवेयर', दैनिक भास्कर, 4
– (09 सितंबर, 2015). 'फर्स्ट हिंदी लैंग्वेज़ स्पैल–चेक सॉफ्टवेयर फाइंड्स ए स्पेशल प्लेस इन वर्ल्ड हिंदी कॉन्फ्रेंस', न्यूज 18, 1
– (20 सितंबर, 2015). 'हिंदी को वाजिब हक देने का समय', दिव्यहिमाचल, 9
– (25 सितंबर, 2015). 'इंटरनेट की दुनिया में हिंदी डोमेन डॉट भारत', हिंदीसमय, वर्धा : म.ग.अं.हिं.वि.।
– (01 नवंबर, 2015). 'नेताजी से मुलाकात', दिव्यहिमाचल, 9
– (30 दिसंबर, 2015). 'एक आह्वान!', प्रतिलिपि, 1

**फ़ातमा, शमीम**

– (2016). 'प्रिडिकेट एण्ड देयर आर्ग्यूमेंट्स', दिल्ली : शिप्रा पब्लिकेशन।

**उपलब्धियाँ**

– (15 मार्च, 2016). विश्वनाथ सार्वे (शोधार्थी, एम.फिल), अमित कुमार झा एवं श्री अंजनी कुमार राय (सिस्टम एनालिस्ट) द्वारा राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में सॉफ्टवेयर पर प्रस्तुतीकरण।

## 1.3 भाषाविज्ञान विभाग

### संचालित पठ्यक्रम

इस विभाग के अंतर्गत भाषाविज्ञान में एम.ए., और एम.फिल.पाठ्यक्रम संचालित हैं।

## 1.4 प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र

प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र की स्थापना सन् 2008 में हुई। केंद्र का मूल उद्देश्य भाषा संसाधन, प्राकृतिक भाषा प्रोसेसिंग, कृत्रिम बुद्धि, फ़ॉन्ट रूपांतरण आदि के क्षेत्र में अनुसंधान और सॉफ्टवेयर विकास के लिए पूर्णतः समर्पित होते हुए प्रौद्योगिकी के अन्य आयामों जैसे कि स्पीच टेक्नॉलॉजी, डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग, इमेज प्रोसेसिंग इत्यादि से परिपूर्ण है। यहाँ भाषा तकनीकी और कंप्यूटर के प्रायोगिक ज्ञान हेतु आधुनिक प्रयोगशाला और आईसीटी युक्त कक्षा है।

### संचालित पाठ्यक्रम

इस केंद्र के तहत डी.सी.ए. (डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन), एम.आई.एल.ई. (मास्टर ऑफ इन्फॉरमेटिक्स एण्ड लैंग्वेज इंजीनियरिंग) तथा पीएच.डी. इन्फॉरमेटिक्स एण्ड लैंग्वेज इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

### गतिविधियाँ

1. 'मनोभाषाविज्ञान : न्यूरो नेटवर्किंग' विषय पर 11 सितंबर, 2015 को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो.आर.सी. शर्मा ने विशेष व्याख्यान दिया।
2. 'आर्य और द्रविड़ : नस्ल–भेद और उपनिवेशवाद' विषय पर 22 सितंबर, 2015 को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. राज नाथ भट्ट ने विशेष व्याख्यान दिया।

### प्राध्यापक विवरण

| नाम | पदनाम | कार्यारंभ की तिथि | योग्यता | पीएच.डी. का शोध विषय | विशेषज्ञता का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रो. विजय कुमार कौल | प्रोफ़ेसर | 13.08.2012 | पीएच.डी. | कश्मीरी संयुक्त क्रियाओं का अर्थ विन्यासात्मक अध्ययन | सैद्धांतिक भाषाविज्ञान, कंप्यूटेशनल/अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान, |
| जगदीप सिंह दांगी | सह प्रोफ़ेसर | 18.05.2012 | बी.ई. (सी.एस.ई.) | ... | सूचना प्रौद्योगिकी (आई. टी.) स्थानीयकरण एवं सॉफ्टवेयर विकास (हिंदी) |
| पीयूष प्रताप सिंह | सहायक प्रोफ़ेसर | 21.03.2007 | एम.सी.ए. | ... | सूचना प्रौद्योगिकी |

### संगोष्ठी/सम्मेलन/परिसंवाद/कार्यशाला/व्याख्यान/प्रस्तुतिकरण

### सिंह, पीयूष प्रताप

– (11–15 जनवरी, 2016). डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में 'सूचना प्रौद्योगिकी' विषय पर व्याख्यान।
– (29–30 जनवरी, 2016). गांधी स्टडीज सेंटर, न्यू आर्ट्स, कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज, वर्धा में अंतरानुशासनिक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गांधी तथा तकनीक' विषय पर व्याख्यान।
– (15–19 फरवरी, 2016), ऐश्वर्या कॉलेज, जोधपुर द्वारा 'नेटवर्किंग' विषय पर आयोजित कार्यशाला में 'कंप्यूटर नेटवर्किंग' विषय पर व्याख्यान।

– (15–19 मार्च, 2016). विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यापीठ द्वारा 'कल्चर ऑफ लर्निंग : बियोंड क्लासरूम्स एण्ड टेक्स्टबुक्स' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पर्सपेक्टिव ऑफ टेक्नीकल एजूकेशन बियोंड क्लासरूम एण्ड टेक्स्टबुक' शोध पत्र प्रस्तुत।

**प्रकाशन**

**सिंह, पीयूष प्रताप**

– (2016). 'नॉलेज बेस्ड स्ट्रक्चर डिसक्रिप्शन लैंग्वेज फॉर टेक्स्ट समराइजेशन विथ 6 डब्ल्यू. इन्फॉरमेशन नेटवर्क', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ करेंट ट्रेंड इन इंजीनियरिंग एण्ड रिसर्च, 2 (6), 23–34

– (2016). 'इम्प्लीमेंटेशन ऑफ 6 डब्ल्यू बेस्ड प्रीसिपिटेशन स्ट्रक्चर फॉर टेस्क्ट समराइजेशन यूजिंग व्ही.बी. नेट 11, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंप्यूटर साइंस एण्ड सिक्यूरिटी, 5 (2), 66–76

**उपलब्धियाँ**

प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो.विजय कुमार कौल को हैंकुक यूनिवर्सिटी फॉर फॉरेन स्टडीज़, सिओल (साउथ कोरिया) द्वारा विदेशी प्रोफ़ेसर के रूप में एक वर्ष (मार्च, 2016 से फरवरी, 2017) के लिए आमंत्रित किया गया।

## 1.5 भारतीय एवं विदेशी भाषा प्रगत अध्ययन केंद्र

भारत में विदेशी भाषाओं के जानकारों की मांग अधिकाधिक बढ़ने की संभावना और महत्ता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में भारतीय एवं विदेशी भाषा प्रगत अध्ययन केंद्र अब विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई है। इसके अंतर्गत भाषाओं की समझ विकसित करने हेतु बोलने, पढ़ने और लिखने पर समान रूप से बल दिया जाता है साथ ही इन भाषाओं से संबंधित साहित्य और संस्कृति की समझ को विकसित करने हेतु सीबीसीएस के आधार पर पाठ्यक्रम संचालित हैं। चीनी एवं स्पेनिश में भी शोध पाठ्यक्रम संचालित हैं।

**संचालित पाठ्यक्रम**

इस केंद्र के अंतर्गत एम.फिल. चीनी, एम.फिल.स्पेनिश और फ्रेंच, चीनी, स्पेनिश व जापानी भाषाओं में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व एडवांस्ड डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

**गतिविधियाँ**

1. 'चीनी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 5–11 अक्टूबर, 2015 को किया गया जिसमें चीनी भाषा के सहायक प्रोफ़ेसर अनिर्बाण घोष ने प्रशिक्षण दिया।
2. चीनी लिपि–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर, 2015 को किया गया जिसमें चीनी भाषा के सहायक प्रोफ़ेसर अनिर्बाण घोष ने मार्गदर्शन किया।
3. 'जापानी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 5–11 अक्टूबर, 2015 को किया गया जिसमें जापानी भाषा के सहायक प्रोफ़ेसर सन्मति जैन ने प्रशिक्षण दिया।
4. जापानी लिपि–लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर, 2015 को किया गया जिसमें जापानी भाषा के सहायक प्रोफ़ेसर सन्मति जैन ने मार्गदर्शन किया।

**शोध परियोजनाएँ**

**कुमार, रवि**

– भारत–लैटिन अमेरिकी संबंध : साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अंतरसंबंधों का अन्वेषण

**घोष, अनिर्बाण**
– हिंदी–चीनी–अंग्रेज़ी विषय आधारित शिक्षार्थी शब्दकोश
– चीनी–हिंदी–अंग्रेज़ी विषय आधारित शिक्षार्थी शब्दकोश

**जैन, सन्मति**
– हिंदी–जापानी–अंग्रेज़ी विषय आधारित शिक्षार्थी शब्दकोश
– जापानी–हिंदी–अंग्रेज़ी विषय आधारित शिक्षार्थी शब्दकोश

**प्राध्यापक विवरण**

| नाम | पदनाम | कार्यारंभ की तिथि | योग्यता | पीएच.डी. का शोध | विशेषज्ञता का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| रवि कुमार | सहायक प्रोफ़ेसर | 21.03.2007 | पीएच.डी. स्पेनिश | क्यूबा में 1986 से राजनैतिक और आर्थिक सुधार प्रक्रिया | स्पेनिश/लैटिन अमेरिकन अध्ययन |
| अनिर्बाण घोष | सहायक प्रोफ़ेसर | 09.07.2007 | एम.ए. चीनी | ... | चीनी भाषा एवं संस्कृति |
| सन्मति जैन | सहायक प्रोफ़ेसर | 24.07.2013 | एम.ए. जापानी | ... | जापानी भाषा एवं संस्कृति |
| संदीप कुमार | सहायक प्रोफ़ेसर | 19.01.2016 | पीएच.डी. फ्रेंच | केबेक और भारतीय उपन्यासों में कुंठा | फ्रेंच भाषा एवं साहित्य |

**संगोष्ठी/सम्मेलन/परिसंवाद/कार्यशाला/व्याख्यान/प्रस्तुतिकरण**

**कुमार, रवि**
– (28–30 जुलाई, 2015). विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र द्वारा 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत।
– (02 अक्टूबर, 2015). न्यू आर्ट्स कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज, वर्धा द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में व्याख्यान।
– (07–14 अक्टूबर, 2015). विश्वविद्यालय द्वारा 'व्यक्तित्व विकास शिविर' में व्याख्यान।
– (18–20 जनवरी, 2016). विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत।
– (29–30 जनवरी, 2016). न्यू आर्ट्स कॉमर्स साइन्स कॉलेज, वर्धा द्वारा 'बी द चेंज यू वांट टु सी इन द वर्ल्ड' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में व्याख्यान तथा एक सत्र की अध्यक्षता।
– (15–16 मार्च 2016). विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'स्पेनिश लर्निंग इन हिंदी मीडियम : ए लूक इंटू असपेक्ट्स बियोंड क्लासरूम एण्ड टेक्स्टबुक्स' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत।

**घोष, अनिर्बाण**
– (6–13 अप्रैल, 2015). कनफ्यूसियास संस्थान, मुख्यालय (हानपान), कोलकाता स्थित चीन गण प्रजातंत्र के कनसुलेट ऑफिस एवं विश्वभारती शांति निकेतन, चीनी भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'चीनी भाषा के शिक्षकों के लिए विदेशी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम' में सहभागिता।
– (12–13 अगस्त, 2015). कोलकाता सोसाइटी फॉर एशियन स्टडीज, कोलकाता द्वारा 'एनडीए सरकार की नई शासन व्यवस्था एवं चीन–भारत संपर्क : आशा और अनिश्चितता' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'संरचना का समय : चीन–भारत द्विपक्षीय संपर्क 1991 से 1995 तक' शोध पत्र प्रस्तुत।
– (10–12 सितंबर, 2015). भोपाल में आयोजित 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभागिता।

**जैन, सन्मति**
– (28–30 जुलाई, 2015). विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र द्वारा 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी में 'आध्यात्मिकता, परंपरा और मीडिया : जापान के विशिष्ट संदर्भ में' शोध पत्र प्रस्तुत।
– (14–16 नवंबर, 2015). श्री स्याद्वाद महाविद्यालय, वाराणसी द्वारा 'भारतीय संस्कृति के विकास में जैन धर्म का अवदान' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय युवा संगोष्ठी में 'जैन धर्म एवं जापानी परंपराओं में पर्यावरण संरक्षण' शोध पत्र

प्रस्तुत।
– (18–20 जनवरी, 2016), विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'जापान में आध्यात्मिक संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों के विस्तार में मीडिया की भूमिका' शोध पत्र प्रस्तुत।
– (02 मार्च, 2016). राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, भोपाल द्वारा 'जैन सिद्धांतों की वर्तमान प्रासंगिकता' नामक विषय पर आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में 'जापानी संस्कृति में अहिंसा की अवधारणा : जैन सिद्धांत के विशेष संदर्भ में' शोध पत्र प्रस्तुत।
– (15–16 मार्च, 2016). विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यापीठ द्वारा 'कक्षा व पाठ्य पुस्तकों से परे अधिगम की संस्कृति' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'जापानी समाज में शिक्षण कक्षों एवं पाठ्य पुस्तकों से परे अधिगम की संस्कृति : एक दृष्टिकोण' शोध पत्र प्रस्तुत।

**प्रकाशन**

**कुमार, रवि**

– (मार्च, 2016). 'एनवायरनमेंट कंजरवेशन एण्ड अवेयरनेस', रिव्यू ऑफ लिटरेचर, 3 (8), 1–10.

**घोष, अनिर्बाण**

– (2015). 'संघर्ष, सहयोग एवं व्यापार : भारत–चीन संबंधों में शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व (1950–1954)', साहित्य और अनुवाद में पूछताछ (सं.सुशांत कुमार मिश्र एवं अवधेश कुमार मिश्र), 390–411, नई दिल्ली : लक्ष्मी प्रकाशन।

## 1.6 विदेशी शिक्षण प्रकोष्ठ

विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में हिंदी के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। जोहान्सबर्ग में हुए नवें विश्व हिंदी सम्मेलन में विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षण के लिए मानक पाठ्यक्रम निर्माण का विशेष दायित्व विश्वविद्यालय को सौंपा गया था। मानक पाठ्यक्रम निर्माण कर इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसके अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित हैं। विदेशी विद्यार्थियों के लिए विदेशी भाषा के रूप में हिंदी शिक्षण के कई पाठ्यक्रम संचालित हैं– इनमें 3–4 सप्ताह के गहन हिंदी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, 3 और 6 माह के प्रमाणपत्र तथा एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम मुख्य है। अब तक इन पाठ्यक्रम में यूरोप, अमेरिका और एशिया के कई देशों–जर्मनी, पोलैंड, बेल्जियम, क्रोएशिया, हंगरी, श्रीलंका, थाइलैंड, मॉरीशस, चीन, मलेशिया, जापान, सिंगापुर, नेपाल, कोरिया, यू.एस.ए. आदि के विद्यार्थी अध्ययन कर चुके हैं। कई देशों के विद्यार्थी विभिन्न अनुशासनों में अध्ययनरत हैं। इस केंद्र के अंतर्गत आधार पाठ्यक्रम, अल्पावधि गहन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, डिप्लोमा पाठ्यक्रम, बी.ए. हिंदी : भाषा, साहित्य और संस्कृति, एम.ए. हिंदी, पीएच.डी. पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यतः हिंदी, अनुवाद–प्रौधौगिकी, शिक्षाशास्त्र, भाषा–प्रौधौगिकी, कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान एवं विदेशी भाषाओं के अध्यापकों और शोध विद्यार्थियों के सहयोग से पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

**विश्वविद्यालय के सहयोगी प्राध्यापक**

प्रो. उमाशंकर उपाध्याय
प्रो. विजय कुमार कौल
डॉ. अनिल कुमार दुबे
श्री सन्मति जैन
डॉ. शमीम फातमा
डॉ. अनवर अहमद सिद्दीक़ी
डॉ. सतीश पावड़े
डॉ. पुरंदरदास
प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल
प्रो. अरबिन्द कुमार झा
डॉ. रवि कुमार
श्री लेखराम दन्नाना
श्री जगदीप सिंह दांगी
डॉ. उमेश कुमार सिंह
डॉ. रूपेश कुमार सिंह
प्रो. देवराज
डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय
श्री अनिर्बाण घोष
डॉ. हिमांशु शेखर
डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी
डॉ. बीरपाल सिंह यादव
डॉ. राजीव रंजन राय

# 2. साहित्य विद्यापीठ

यह विद्यापीठ भारतीय तथा विश्वसाहित्य के साथ संवाद स्थापित करने और तुलनात्मक अध्ययन एवं शोध कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य के प्रति समर्पित है। विद्यापीठ की मूल संकल्पना देश–दुनिया के भाषायी एवं साहित्यिक वैविध्य के पीछे सक्रिय समान मानवीय चेतना और उसकी सृजनशीलता में साम्य की धारणा पर अवलम्बित है। वैश्विक दृष्टिकोण से भाषा और साहित्य बहुविधागत है, किन्तु उनके सर्जक मानस और आस्वादक चिह्न, अपने संस्कारों के भेद के बावजूद, बुनियादी प्रकृति में एक से है। इस कारण विभिन्न भाषाओं के साहित्य के बीच संवाद की अपार संभावनाएँ हैं। इन संभावनाओं का सन्धान और शोध, विद्यापीठ की वरीयताएं हैं। साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत दो विभाग हैं –

2.1 हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग

2.2 प्रदर्शनकारी कला (फिल्म एवं नाटक) विभाग

## 2.1 हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग

हिंदी साहित्य का भारतीय तथा विश्व भाषाओं के साहित्य के साथ संवाद और तुलनात्मक अध्ययन एवं शोध इस विभाग की मुख्य गतिविधियाँ हैं। विभिन्न भाषाओं के साहित्य से संवाद की संभावनाओं का संधान एवं शोध विभाग की उच्च प्राथमिकता है। विभाग में ज्ञान के विभिन्न अनुशासनों और कलाओं के साथ साहित्य के घनिष्ठ संबंध को दृष्टिगत रखते हुए अंतरानुशासनिक अध्ययन एवं शोध पर विशेष बल दिया जाता है। विभाग में तुलनात्मक साहित्य अध्ययन को वरीयता दी जाती है। इसमें हिंदी साहित्य को आधार बनाकर हिंदीतर भारतीय साहित्य एवं विश्व साहित्य के अध्ययन में तुलनात्मक साहित्य अध्ययन–पद्धति का प्रमुखता से उपयोग किया जाता है। हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग समग्रता में साहित्य के अध्ययन–अध्यापन एवं शोध के लिए प्रतिबद्ध है।

### संचालित पाठ्यक्रम

साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग के अंतर्गत एम.ए. हिंदी साहित्य, एम.ए. हिंदी तुलनात्मक साहित्य, एम.फिल. हिंदी साहित्य, एम.फिल. तुलनात्मक साहित्य, और पीएच.डी. तुलनात्मक साहित्य पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

### प्राध्यापक विवरण

| नाम | पदनाम | कार्यारंभ की तिथि | योग्यता | पीएच.डी. का शोध विषय | विशेषज्ञता का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| सूरज पालीवाल | प्रोफ़ेसर | 17.07.2009 | पीएच.डी. | फणीश्वर नाथ रेणु के कथा साहित्य का सामाजिक–राजनीतिक अध्ययन | हिंदी कथा साहित्य हिंदी आलोचना |
| कृष्ण कुमार सिंह | प्रोफ़ेसर | 01.07.2010 | पीएच.डी. | अवतारवाद की सामाजिक पृष्ठभूमि : भक्तिकालीन हिंदी साहित्य के संदर्भ में | भक्ति कालीन साहित्य |
| प्रीति सागर | सह प्रोफ़ेसर | 20.07.2009 | पीएच.डी. | मैथिलीशरण गुप्त क काव्य पर महाभारत का प्रभाव | आधुनिक हिंदी कविता |
| रामानुज अस्थाना | सहायक प्रोफ़ेसर | 21.12.2006 | पीएच.डी. | जयशंकर प्रसाद (हिंदी) और भारतीदासन (तमिल) के नाटकों का तुलनात्मक अध्ययन | भक्ति साहित्य तुलनात्मक साहित्य |
| अशोक नाथ त्रिपाठी | सहायक प्रोफ़ेसर | 21.12.2006 | पीएच.डी. | निराला के कथा साहित्य का उत्तर आधुनिक अध्ययन | हिंदी आलोचना |
| उमेश कुमार सिंह | सहायक प्रोफ़ेसर | 04.01.2007 | पीएच.डी. | गुरु नानक देव और संत रविदास की कविता का तुलनात्मक अध्ययन | हिंदी तुलनात्मक अध्ययन |
| बीरपाल सिंह यादव | सहायक प्रोफ़ेसर | 10.07.2009 | पीएच.डी. | प्रगतिवादी साहित्य चिंतन और रामविलास शर्मा | हिंदी आलोचना |
| सुनील कुमार | सहायक प्रोफ़ेसर | 21.07.2009 | पीएच.डी. | स्वातंत्र्योत्तर हिंदी उपन्यासों में बाल मनोविज्ञान | कथा साहित्य |
| रूपेश कुमार सिंह | सहायक प्रोफ़ेसर | 17.06.2010 | डी.फिल. | रामविलास की साहित्येतिहास संबंधी मान्यताएँ और इतिहास दृष्टि | हिंदी आलोचना नव सामाजिक विमर्श |

## गतिविधियाँ

1. 'केदारनाथ अग्रवाल का काव्य' विषय पर 01 अप्रैल, 2015 को डॉ. अशोक त्रिपाठी ने विशेष व्याख्यान दिया।
2. 'गांधी और प्रेमचंद' विषय पर 08 अप्रैल, 2015 को प्रो. सुरेन्द्र दूबे ने विशेष व्याख्यान दिया।
3. 'जयशंकर प्रसाद के साहित्य चिंतन की व्यावर्तक विशेषताएं' विषय पर 16 जुलाई, 2015 को डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने विशेष व्याख्यान दिया।
4. 'पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला' का आयोजन 15–16 जून, 2015 को भाषा विद्यापीठ सभागार में किया गया, जिसमें प्रो. दयाशंकर त्रिपाठी और प्रो. वीणा दाढ़े बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे।
5. 'भक्ति द्राविड़ ऊपजी' विषय पर 18 अगस्त, 2015 को डॉ. एम. सुंदरम् ने विशेष व्याख्यान दिया।
6. 'कविता और हमारा समय' विषय पर 19 अक्टूबर, 2015 को डॉ. ध्रुव शुक्ल ने विशेष व्याख्यान दिया।
7. 'मार्क्स, आंबेडकर और गांधी' विषय पर 24 दिसंबर, 2015 को प्रो. सुधाकर गायकवाड़ ने विशेष व्याख्यान दिया।
8. 'दिनकर : इतिहास बोध और रचना–प्रक्रिया' विषय पर 02 फरवरी, 2016 को प्रो. बहादुर मिश्र ने विशेष व्याख्यान दिया।

## संगोष्ठी / सम्मेलन / परिसंवाद / कार्यशाला / व्याख्यान / प्रस्तुतिकरण

### पालीवाल, सूरज

– (10–12 सितंबर, 2015). भोपाल में आयोजित 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में सहभागिता।
– (24–26 सितंबर, 2015). भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली तथा हिंदी विभाग, विश्व भारती, शांतिनिकेतन के तत्वावधान में 'आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का जीवन दर्शन' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यान।
– (11 जनवरी, 2016). उर्दू विभाग, रातुम विश्वविद्यालय, नागपुर द्वारा आयोजित 'कहानी पाठ' में वक्तव्य।
– (18–20 जनवरी, 2016). विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी' में 'मीडिया का राजनीतिक अर्थशास्त्र' विषयक सत्र की अध्यक्षता।
– (8–9 फरवरी, 2016). हिंदी विभाग, पुणे विश्वविद्यालय, पुणे द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अमृतलाल नागर : सृजन संदर्भ' में अमृतलाल नागर की कहानियाँ' विषयक सत्र की अध्यक्षता।

### सिंह, कृष्ण कुमार

– (29 अक्टूबर, 2015). हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद के हिंदी विभाग में 'संत काव्य की प्रासंगिकता' विषय पर विशेष व्याख्यान।
– (07 जनवरी, 2016). रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उद्घाटन वक्तव्य।
– (16–29 फरवरी, 2016). विश्वविद्यालय के हिंदी का शिक्षण–प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 'मध्यकालीन हिंदी साहित्य का वर्तमान' विषय पर आयोजित पुनश्चर्या कार्यक्रम में 'संत साहित्य का वर्तमान' विषय पर व्याख्यान।

### अस्थाना, रामानुज

– (15–16 अक्टूबर, 2015). हिंदी विभाग, जी.एच. कॉलेज, हावेरी द्वारा 'हिंदी के प्रचार–प्रसार में दक्षिण भारत के साहित्यकारों का योगदान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'तमिलनाडु में हिंदी की दशा–दिशा एवं स्थान–मान' विषयक आलेख प्रस्तुत।
– (16–29 फरवरी, 2016). विश्वविद्यालय के हिंदी का शिक्षण–प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 'मध्यकालीन हिंदी साहित्य का वर्तमान' विषय पर आयोजित पुनश्चर्या कार्यक्रम में सहभागिता।
– (13 मार्च, 2016). विश्वविद्यालय के सामुदायिक महाविद्यालय द्वारा 'प्राचीन भारतीय साहित्य में वस्त्र उद्योग' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यान।

**त्रिपाठी, अशोक नाथ**

– (28–30 जुलाई 2015). भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित और विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र द्वारा 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र 'आध्यात्मिकता और मीडिया' प्रस्तुत।

– (31 अक्टूबर–01 नवंबर, 2015). रामकुमार केवलरामानी कन्या महाविद्यालय, दादा रामचंद्र बाखरू सिंधु महाविद्यालय, पी.डब्ल्यू.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, नागपुर और केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के तत्वावधान में 'हिंदी आलोचना : इक्कीसवीं सदी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र 'आलोचना की उत्तर आधुनिक दृष्टि : एक अवधारणात्मक विश्लेषण' प्रस्तुत।

– (18–20 जनवरी 2016). विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'संत परंपरा और मीडिया' पर वक्तव्य।

– (08–09 फरवरी, 2016). सावित्री बाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित 'अमृत लाल नागर का साहित्य : सृजन और संदर्भ' शीर्षक राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध आलेख प्रस्तुत।

– (19–20 फरवरी, 2016). विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और नैक, बेंगलुरू के संयुक्त तत्वावधान में 'उच्चशिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएं एवं चुनौतियाँ' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र 'उच्च शिक्षा में पहुँच का सवाल : दूर शिक्षा के संदर्भ में' प्रस्तुत।

**कुमार, सुनील**

– (11 अप्रैल, 2015). डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती महोत्सव, वर्धा द्वारा 'डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के विचार और आज का युवा वर्ग' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान।

– (14 अप्रैल, 2015). डॉ. अंबेडकर मेडिको एसोसिएशन, महात्मा गांधी इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, वर्धा द्वारा बाबासाहेब डॉ.बी.आर. अंबेडकर की 124 वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान।

– (19 अप्रैल, 2015). डॉ.बी.आर. अंबेडकर मिशनरी वेलफ़ेयर एसोसिएशन, मोहाली, पंजाब द्वारा बाबासाहेब डॉ.बी.आर. अंबेडकर की 124वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान।

– (03 मई, 2015). गोंडवाना जंगोम दल, मरकसुर, कारंजा, वर्धा द्वारा आयोजित गोंडी धर्म व संस्कृति सम्मेलन में व्याख्यान।

– (09 अगस्त, 2015). उलगुलान आदिवासी साहित्य व सांस्कृतिक मंच, वर्धा द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान।

– (09 अगस्त, 2015). आदिवासी बिरसा मुंडा अधिकार व शिक्षा समिति, वर्धा द्वारा विश्व जागतिक आदिवासी दिवस उत्सव के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान।

– (13 अगस्त, 2015). ट्राइबल स्टूडेंट्स फोरम, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद द्वारा इंटरनेशनल इंडिजिनस डे सेलिब्रेशन के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान।

– (14 अगस्त, 2015). अंग्रेज़ी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित 'आज का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक परिदृश्य और हिंदी साहित्य' विषय पर व्याख्यान।

– (16 अगस्त, 2015). हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, हैदराबाद के एएसएफ–बीएसएफ–टीएसएफ द्वारा आयोजित 'चैलेंजेज़ इन फ्रंट ऑफ द दलित मूवमेंट इन ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी' विषय पर व्याख्यान।

– (21 सितंबर से 10 अक्टूबर, 2015). जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में मानव संसाधन विकास केंद्र, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा संचालित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में सहभागिता।

– (30 अक्टूबर से 01 नवंबर, 2015). जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एवं रमणिका फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी सेमिनार, कहानी–पाठ एवं पुस्तक मेला में वक्तव्य।

– (05 जनवरी, 2016). विद्याभारती कॉलेज, नागपुर विश्वविद्यालय, सेलू, वर्धा द्वारा डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर का 125वीं

जयंती समारोह में व्याख्यान।
– (09 जनवरी, 2016). आदिवासी एकता विचार मंच, वणी, यवतमाल द्वारा 'आदिवासी समाज की समस्याएँ और उनका समाधान' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान।
– (07 फरवरी, 2016). गोंडवाना महिला व युवा जंगोम दल, वर्धा द्वारा आयोजित पाँचवे गोंडी भाषा दिन और धर्म सम्मेलन में व्याख्यान।
– (09 फरवरी, 2016). बामसेफ़ तथा भारत मुक्ति मोर्चा, वर्धा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रबोधन महासम्मेलन में व्याख्यान।
– (16–29 फरवरी, 2016). विश्वविद्यालय के महामना पं.मदन मोहन मालवीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत संचालित 'हिंदी का शिक्षण–प्रशिक्षण केंद्र' द्वारा 'मध्यकालीन हिंदी साहित्य का वर्तमान' विषय पर आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में सहभागिता।
– (29–31 मार्च, 2016). विश्वविद्यालय के स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा 'विकास की राजनीति, देशज प्रतिरोध एवं जेण्डर' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यान।

**सिंह, रूपेश कुमार**
– (16–29 फरवरी, 2016). विश्वविद्यालय के महामना पं.मदन मोहन मालवीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत संचालित 'हिंदी का शिक्षण–प्रशिक्षण केंद्र' द्वारा 'मध्यकालीन हिंदी साहित्य का वर्तमान' विषय पर आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में सहभागिता।
– (13 मार्च, 2016). विश्वविद्यालय के सामुदायिक महाविद्यालय द्वारा 'भारतीय वस्त्र उद्योग में कौशल विकास' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में शोध पत्र 'भारतीय वस्त्र उद्योग और हिंदी साहित्य' प्रस्तुत।
– (29–30 मार्च, 2016). डॉ.हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के मानव विज्ञान विभाग द्वारा 'हॉरीजन्स ऑफ ट्राइवल डेवलपमेंट' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र 'भूमंडलीकरण के प्रभाव में आदिवासी समाज' प्रस्तुत।

**प्रकाशन**
**पालीवाल, सूरज**
– (मार्च–अप्रैल, 2015). 'उसने कहा था : रेशम से कढ़े सालू का स्वप्न और यथार्थ', परिकथा।
– (अप्रैल, 2015). 'विचारहीन समाज का अंधेरा', नया ज्ञानोदय।
– (अप्रैल–जून, 2015). 'संपत्तिशास्त्र : दारुण जीवन का दस्तावेज', बहुवचन, 45, 35–40, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
– (जून, 2015). 'विपात्र के पचास वर्ष', पक्षधर, 18.
– (जुलाई–अक्टूबर, 2015). 'विश्व हिंदी सम्मेलन अपेक्षाओं का परिप्रेक्ष्य', गगनांचल।
– (जुलाई–सितंबर, 2015). 'भीष्मजी की कहानियों के बहाने उनकी सामाजिक दृष्टि पर चर्चा', बनास जन।
– (सितबर 2015). 'हिंदी का वैश्विक भविष्य', नया ज्ञानोदय।
– (जनवरी–जून, 2016). 'दुनिया ठेके पर नहीं बदली जाती', लमही ।
– (जनवरी–मार्च, 2016 ). 'विमर्शों से अलग स्त्री', प्र. इरावती।

**सिंह, कृष्ण कुमार**
– (मई–अगस्त, 2015). 'साहित्य की उभरती प्रवृत्तियाँ', पुस्तक–वार्ता, 58–59, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।

**त्रिपाठी, अशोक नाथ**
– (मार्च–अप्रैल, 2015). 'हिंदी कविता के पचास वर्ष को समझने की कोशिश', पुस्तक–वार्ता, 57, 50–54, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
– (अप्रैल–जून, 2015) 'आचार्य द्विवेदी के समाज विमर्श में किसान', बहुवचन, 45, 41–45, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि।

– (मई–अगस्त, 2015). 'एक पत्रिका के प्रकाशन यात्रा का रोचक ब्यौरा', पुस्तक–वार्ता, 58–59, 71–76, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
– (सितंबर–अक्टूबर, 2015). 'हम खुद हिंदी के हो जाएं, हिंदी में सोचें और हिंदी पर सोचें', पुस्तक–वार्ता, 60, 50–54, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
– (नवंबर–दिसंबर, 2015). 'फिर भी भरपेट भोजन के लिए तरसता किसान', पुस्तक–वार्ता, 61, 50–54, वर्धा : म.गां.अं.हिं.वि.।
– (2015). 'आलोचना की उत्तर आधुनिक दृष्टि : एक अवधारणात्मक विश्लेषण', हिंदी आलोचना : इक्कीसवीं सदी (सं. गीता सिंह, सपना तिवारी, मिथिलेश अवस्थी), 386–395, नागपुर : आस्था प्रकाशन।

**कुमार, सुनील**
– (13–19 अप्रैल, 2015). 'जिसने भी संघर्ष झेला है..', सेंट्रल टुडे, 03, नागपुर।
– (अप्रैल, 2015). 'कुंदन की वापसी', अंतिम जन, 56–57, नई दिल्ली।
– (मई, 2015). 'ब्रह्मन्याय', फॉरवर्ड प्रेस, 73–77, नई दिल्ली।
– (जून, 2015). 'संभ्रांत लोग','भ्रष्टाचार', युद्धरत आम आदमी, 27, नई दिल्ली।
– (अगस्त, 2015). 'बहुजन संगठनों ने जलाई रखी है अलख', फॉरवर्ड प्रेस, 14–15, नई दिल्ली।
– (अगस्त, 2015). 'जातिगत जनगणना से परहेज किसको है', दलित दस्तक, 20, नई दिल्ली।
– (सितंबर, 2015). 'दलित छात्र राजनीति की जरूरत', दलित दस्तक, 16–19, नई दिल्ली।
– (अक्टूबर, 2015). 'बाबू शेडमाके', दलित आदिवासी दुनिया, 06, नई दिल्ली।
– (दिसंबर, 2015). 'लगते तो नहीं हो', गोंडवाना दर्शन, 23, रायपुर।
– (फरवरी–अप्रैल, 2016). 'दलितों के लिए नहीं है गांधी का 'ग्राम–स्वराज', उन्मुक्त, 13–15, कोलकाता।
– (2016). 'तुलसीराम और बहुजन समाज पार्टी', तुलसीराम : व्यक्तित्व और कृतित्व (सं. श्रीधरम), 180–183, गाजियाबाद : अंतिका प्रकाशन।

**सिंह, रूपेश कुमार**
– (2016). 'आदिवासी और प्रतिऔपनिवेशिक चिंतन', उत्तर–आधुनिकता और आदिवासी विमर्श (सं. डॉ. विनोद विश्वकर्मा), 1–4, दिल्ली : जे.टी.एस. पब्लिकेशन्स।
– (2016). 'भूषण का युगबोध और काव्यकला', रीतिकाव्य मूल्यांकन के नए आयाम (सं. डॉ. प्रभाकर सिंह), 251–260, दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
| अनुवाद में पी.जी. डिप्लोमा<br>तुलनात्मक भारतीय साहित्य में पी.जी. डिप्लोमा<br>स्त्री अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा<br>पलि भाषा एवं साहित्य में पी.जी. डिप्लोमा<br>बौद्ध अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा<br>बौद्ध पर्यटन एवं गाइडिंग में पी.जी. डिप्लोमा<br>गांधी अध्ययन में पी.जी. डिप्लोमा<br>देशज संस्कृति भाषा और जेंडर में पी.जी. डिप्लोमा<br>भारतीय डायस्पोरा में पी.जी. डिप्लोमा<br>भारतीय पाश्चात्य कला एवं सौदर्यशास्त्र में पी.जी. डिप्लोमा<br>भाषा शिक्षण में पी जी. डिप्लोमा | 300 | 1000 | 00 | 00 | 250 | 250 | 50 | 50 | 25 | 75 | 2000 |
| प्रयोजनमूलक हिंदी में पी.जी. डिप्लोमा<br>निर्वचन में पी.जी. डिप्लोमा | 300 | 1000 | 00 | 500 | 250 | 250 | 50 | 50 | 25 | 75 | 2500 |
| भारतीय भाषा में डिप्लोमा (मराठी, उर्दू, संस्कृत, मलमयामल)<br>तिब्बती भाषा एवं धर्म में पी.जी. डिप्लोमा<br>सरल हिंदी शिक्षण में डिप्लोमा<br>सरल बांग्ला शिक्षण में डप्लोमा | 300 | 800 | 00 | 00 | 250 | 250 | 50 | 50 | 25 | 75 | 1800 |
| विदेशी भाषा में सर्टिफिकेट (फ्रेंच, चीनी, स्पेनिश, जापानी, अंग्रेजी) | 300 | 1000 | 00 | 500 | 250 | 250 | 50 | 50 | 25 | 75 | 2500 |
| विदेशी भाषा में डिप्लोमा/एडवांस्ड डिप्लोमा (फ्रेंच, चीनी, स्पेनिश, जापानी, अंग्रेजी) | 300 | 2000 | 00 | 00 | 250 | 250 | 50 | 50 | 25 | 75 | 3000 |
| विज्ञापन एवं जनसंपर्क में पी.जी डिप्लोमा<br>इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पी.जी. डिप्लोमा | 300 | 2500 | 00 | 1500 | 250 | 250 | 50 | 50 | 25 | 75 | 5000 |
| योग तथा स्वास्थ अध्ययन में डिप्लोमा<br>एम.जी.ओ. प्रबंधन में पी.जी. डिप्लोमा<br>पी.जी. डिप्लोमा इन परफॉर्मिंग आर्ट (फिल्म एण्ड थियेटर) | 300 | 2000 | 00 | 00 | 250 | 250 | 50 | 50 | 25 | 75 | 3000 |

अनुसूचित जाति/जनजाति तथा विकलांग श्रेणी के विद्यार्थियों को शिक्षण निःशुल्क।

| बी.ए. (ऑनर्स) / बी.कॉम. (ऑनर्स) / वी.वोक. पाठ्यक्रम | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | प्रवेश शुल्क | सेमेस्टर शिक्षण शुल्क | सुरक्षा राशि | स्टूडियो / प्रयोगशाला / क्षेत्रीय कार्य शुल्क / शैक्षणिक भ्रमण | पुस्तकालय शुल्क (सेमेस्टर) | सांस्कृतिक कार्यक्रम / खेलकूद शुल्क सेमेस्टर) | परिचय पत्र | इंटरनेट शुल्क (सेमेस्टर) | चिकित्सा शुल्क | कुल |
| **एम.ए. पाठ्यक्रम** | | | | | | | | | | |
| बी.ए.(ऑनर्स) / बी.कार्म. (ऑनर्स) / वी.वोक / बी.एस. डब्ल्यू. | 300 | 500 | 250 | विभागाध्यक्ष / केंद्राध्यक्ष विद्यार्थियों के साथ परामर्श कर आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित किया जाएगा। | 100 | 75 | 25 | 200 | 50 | 1500 |
| अनुसूचित जाति / जनजाति तथा विकलांग श्रेणी के विद्यार्थियों को शिक्षण निःशुल्क। | | | | | | | | | | |

| एम.ए. पाठ्यक्रम | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | प्रवेश शुल्क | सेमेस्टर शिक्षण शुल्क | सुरक्षा राशि (प्रतिदेय) | स्टूडियो/प्रयोगशाला/क्षेत्रीय कार्य शुल्क/शैक्षणिक भ्रमण | पुस्तकालय शुल्क (सेमेस्टर) | सांस्कृतिक कार्यक्रम/खेलकूद शुल्क | परिचय पत्र शुल्क | इंटरनेट शुल्क | चिकित्सा शुल्क | कुल |
| भाषा अध्ययन<br>भाषा विज्ञान<br>उर्दू<br>अनुवाद अध्ययन<br>कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स<br>हिंदी साहित्य<br>तुलनात्मक साहित्य<br>विकास एवं शांति अध्ययन<br>स्त्री अध्ययन<br>दलित एवं जनजाति अध्ययन<br>बौद्ध अध्ययन<br>मानवविज्ञान | 300 | 500 | 250 | विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष के विद्यार्थियों के साथ परामर्श कर आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित किया जाएगा। | 100 | 75 | 25 | 200 | 50 | 1500 |
| प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म और नाटक)<br>जनसंचार<br>एम.एस.डब्ल्यू. | 300 | 1000 | 250 | विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष विद्यार्थियों के साथ परामर्श कर आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित किया जाएगा। | 100 | 75 | 25 | 200 | 50 | 2000 |
| शिक्षाशास्त्र | 300 | 1500 | 250 | | 100 | 75 | 25 | 200 | 50 | 2500 |
| प्रवासन एवं डायस्पोरा<br>मनोविज्ञान | 300 | 1000 | 250 | | 100 | 75 | 25 | 200 | 50 | 2000 |
| पब्लिक हेल्थ | 500 | 2000 | 500 | | 150 | 75 | 25 | 200 | 50 | 3500 |
| एम.कॉम. | 500 | 2000 | 500 | | 150 | 75 | 25 | 200 | 50 | 3500 |
| **बी–एड. पाठ्यक्रम** | | | | | | | | | | |
| बी.–एड. (दो वर्ष) | 2000 | 4000 | 550 | विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष विद्यार्थियों के साथ परामर्श कर आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित किया जाएगा। | 100 | 75 | 25 | 200 | 50 | 7000 |
| **एम.बी.ए. पाठ्यक्रम** | | | | | | | | | | |
| एम.बी.ए. | 2500 | 3000 | 500 | विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष विद्यार्थियों के साथ परामर्श कर आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित किया जाएगा। | 150 | 75 | 25 | 200 | 50 | 6500 |
| **अनुसूचित जाति/जनजाति तथा विकलांग श्रेणी के विद्यार्थियों को शिक्षण निःशुल्क।** | | | | | | | | | | |

| एम.फिल. पाठ्यक्रम | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | प्रवेश शुल्क | सेमेस्टर शिक्षण शुल्क | सुरक्षा राशि | स्टूडियो/प्रयोगशाला/क्षेत्रीय कार्य शुल्क/शैक्षणिक भ्रमण | पुस्तकालय शुल्क (सेमेस्टर) | सांस्कृतिक कार्यक्रम/ खेलकूद शुल्क सेमेस्टर) | परिचय पत्र | इंटरनेट शुल्क (सेमेस्टर) | चिकित्सा शुल्क | कुल |
| भाषा अध्ययन<br>भाषा विज्ञान<br>अनुवाद अध्ययन<br>तुलनात्मक साहित्य<br>हिंदी साहित्य<br>विकास एवं शांति अध्ययन<br>स्त्री अध्ययन<br>दलित एवं जनजाति अध्ययन<br>बौद्ध अध्ययन<br>मानवविज्ञान<br>मनोविज्ञान<br>जनसंचार<br>प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म और नाटक)<br>कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स<br>समाज कार्य<br>प्रवासन तथा डायस्पोरा<br>शिक्षाशास्त्र<br>स्पेनिश<br>चायनीज़ | 1500 | 1000 | 250 | विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष विद्यार्थियों के साथ परामर्श कर आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित किया जाएगा। | 100 | 75 | 25 | 500 | 50 | 3500 |
| अनुसूचित जाति/जनजाति तथा विकलांग श्रेणी के विद्यार्थियों को शिक्षण निःशुल्क। | | | | | | | | | | |

**पीएच.डी. पाठ्यक्रम**

| पाठ्यक्रम | पंजीकरण शुल्क | स्टूडियो/प्रयोगशाला शुल्क (वार्षिक) | पुस्तकालय शुल्क (वार्षिक) | सुरक्षा राशि (प्रतिदेय) | परीक्षा शुल्क (प्रवेश के समय) | चिकित्सा शुल्क(वार्षिक) | इंटरनेट शुल्क (वार्षिक) | सांस्कृतिक कार्यक्रम/ खेलकूद शुल्क (वार्षिक) | परिचय पत्र शुल्क | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भाषा अध्ययन<br>अनुवाद अध्ययन<br>तुलनात्मक साहित्य<br>हिंदी साहित्य<br>विकास एवं शांति अध्ययन<br>स्त्री अध्ययन<br>दलित एवं जनजाति अध्ययन<br>बौद्ध अध्ययन<br>मानवविज्ञान<br>मनोविज्ञान<br>जनसंचार<br>प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म और नाटक)<br>कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स<br>सोशल वर्क<br>प्रवासन तथा डायस्पोरा<br>शिक्षाशास्त्र | 2000 | विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष विद्यार्थियों के साथ परामर्श कर आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित किया जाएगा। | 500 | 350 | 2500 | 50 | 500 | 75 | 25 | 6000 |
| अनुसूचित जाति/जनजाति तथा विकलांग श्रेणी के विद्यार्थियों को शिक्षण निःशुल्क। | | | | | | | | | | |

**एम.ए. पाठ्यक्रम : उत्तीर्ण विद्यार्थी (सत्र : 2013–2015)**

| क्रम | पाठ्यक्रम का नाम | वर्ग / श्रेणी | | | | उत्तीर्ण विद्यार्थी | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अनु.जाति | अनु.जनजाति | ओबीसी | पुरुष | स्त्री | |
| 1 | हिंदी (भाषा प्रौद्योगिकी) | 1 | 1 | 0 | 1 | 3 | 0 | 3 |
| 2 | कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स | 2 | 1 | 1 | 2 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | हिंदी | 3 | 2 | 0 | 1 | 4 | 2 | 6 |
| 4 | नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन | 7 | 0 | 0 | 3 | 9 | 1 | 10 |
| 5 | स्त्री अध्ययन | 0 | 4 | 0 | 0 | 3 | 1 | 4 |
| 6 | दलित एवं जनजाति अध्ययन | 0 | 5 | 0 | 0 | 5 | 0 | 5 |
| 7 | बौद्ध अध्ययन | 0 | 5 | 1 | 0 | 4 | 2 | 6 |
| 8 | हिंदी (अनुवाद प्रौद्योगिकी) | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 9 | जनसंचार | 13 | 3 | 0 | 7 | 18 | 5 | 23 |
| 10 | एम.एससी. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया | 13 | 2 | 0 | 6 | 18 | 3 | 21 |
| 11 | मानवविज्ञान | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 12 | समाज कार्य | 2 | 8 | 2 | 7 | 15 | 4 | 19 |
| | कुल योग : | 43 | 31 | 4 | 27 | 84 | 22 | 106 |

**एम.फिल. पाठ्यक्रम : उत्तीर्ण विद्यार्थी (सत्र : 2014–2015)**

| क्रम | पाठ्यक्रम का नाम | वर्ग / श्रेणी | | | | उत्तीर्ण विद्यार्थी | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अनु.जाति | अनु.जनजाति | ओबीसी | पुरुष | स्त्री | |
| 1 | हिंदी (भाषा प्रौद्योगिकी) | 4 | 0 | 0 | 2 | 3 | 3 | 6 |
| 2 | कंप्यूटेशनल लिंग्विस्टिक्स | 2 | 0 | 0 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 3 | हिंदी (तुलनात्मक साहित्य) | 6 | 2 | 2 | 10 | 7 | 13 | 20 |
| 4 | हिंदी साहित्य | 7 | 5 | 2 | 6 | 11 | 9 | 20 |
| 5 | नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन | 6 | 1 | 0 | 5 | 9 | 3 | 12 |
| 6 | अहिंसा एवं शांति अध्ययन | 7 | 4 | 1 | 4 | 11 | 5 | 16 |
| 7 | स्त्री अध्ययन | 4 | 5 | 0 | 5 | 4 | 10 | 14 |
| 8 | दलित एवं जनजाति अध्ययन | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 9 | बौद्ध अध्ययन | 0 | 4 | 0 | 1 | 5 | 0 | 5 |
| 10 | हिंदी (अनुवाद प्रौद्योगिकी) | 5 | 1 | 1 | 0 | 5 | 1 | 7 |
| 11 | प्रवासन, डायस्पोरा तथा पारदेशीय सांस्कृतिक अध्ययन | 3 | 2 | 0 | 3 | 5 | 3 | 8 |
| 12 | जनसंचार | 13 | 3 | 2 | 3 | 17 | 4 | 21 |
| 13 | मानवविज्ञान | 5 | 3 | 0 | 1 | 5 | 4 | 9 |
| 14 | समाज कार्य | 8 | 1 | 0 | 3 | 10 | 2 | 12 |
| | कुल योग : | 70 | 32 | 8 | 46 | 96 | 59 | 156 |

| पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम : उत्तीर्ण विद्यार्थी (सत्र : 2013–2014) पूरक | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम | पाठ्यक्रम का नाम | वर्ग / श्रेणी | | | | उत्तीर्ण विद्यार्थी | | कुल योग |
| | | सामान्य | अनु.जाति | अनु.जनजाति | ओबीसी | पुरुष | स्त्री | |
| 1 | पालि भाषा एवं साहित्य | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 2 | स्त्री अध्ययन | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 3 | टेलीविजन कार्यक्रम निर्माण | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 |
| 4 | फोरेंसिक विज्ञान | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | कुल योग : | 2 | 2 | 0 | 1 | 2 | 3 | 5 |

## विद्यार्थियों को दी जानेवाली सुविधाएँ

विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान करता है–

1. इंटरनेट की सुविधा।
2. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / विकलांग श्रेणी के विद्यार्थियों को शिक्षण शुल्क में छूट।
3. विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के आधुनिकतम संसाधनों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय में एक कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की गई है। यहाँ न सिर्फ इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है, बल्कि कंप्यूटर के अनिवार्य–शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को शोध और ज्ञान की अधुनातन प्रविधियों से भी अवगत कराया जाता है।
4. विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में न सिर्फ वर्तमान में चल रहे पाठ्यक्रमों को केंद्रित करते हुए बल्कि भविष्य में करणीय अधुनातन शोध की दिशाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों, पत्रिकाओं का एक व्यवस्थित और विशाल संग्रह किया जा रहा है। जहाँ एक ओर सभी विषयों से संबंधित नवीनतम पुस्तकों का एक अच्छा संग्रह यहाँ उपलब्ध है, वहीं दूसरी ओर हिंदी की पुरानी छपी दुर्लभ पुस्तकों और पांडुलिपियों को 'स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय' एवं 'अभिलेखागार' में संरक्षित किया जा रहा है।
5. संवाद कार्यक्रम।
6. कमज़ोर विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक कोचिंग (Remedial Coaching)
7. राष्ट्रीय सेवा योजना।
8. नेट कोचिंग, आई.ए.एस. एवं अन्य सिविल सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षा हेतु प्रशिक्षण।
9. क्रीड़ा और खेलकूद : विश्वविद्यालय स्तर का छात्र शारीरिक गतिविधियों तथा संगठित खेलकूद और खेल कार्यक्रमों के महत्व से अवगत होता है जिन्हें उसके शैक्षणिक लक्ष्यों के साथ जोड़ना आवश्यक है। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय खेलकूद मैदानों / स्थानों तथा क्रीडा उपकरणों के रूप में आधारभूत सुविधाएँ प्रदान करता है।
10. विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र : विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आधारभूत स्वास्थ सुविधाएँ प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है।
11. छात्रावास : विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेशोपरांत (नियमित पाठ्यक्रम) छात्रों को छात्रावास की सुविधा उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जाती है। छात्रावास से संबंधित विश्वविद्यालय में लागू अध्यादेश / नियम के अनुसार छात्रावास में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। छात्रावास शुल्क बी.एड. / एम.ए. / एम.फिल. विद्यार्थियों के लिए रु. 150 प्रति माह एवं पीएच.डी. विद्यार्थियों के लिए रु. 200 प्रति माह है। छात्रावास में दो विद्यार्थियों को एक कक्ष आवंटित किया गया है।
12. यू.जी.सी.द्वारा लागू नियम के अनुसार अनु.जाति / अनु.जनजाति वर्ग के छात्र / छात्राओं को छात्रावास में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है। (अंशकालिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले अभ्यर्थी छात्रावास में स्थान के पात्र नहीं हैं।
13. एम.ए. / एम.कॉम. के ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को चिन्हित कर एक हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति दी जा रही है।

## यूजीसी–नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण तथा आरजीएनएफ/अन्य शोधवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची

| विद्यार्थियों के नाम | विभाग | शोधवृत्ति का नाम | माह एवं वर्ष |
|---|---|---|---|
| श्री अभिजीत कुमार मिश्र | भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग | जेआरएफ | जून 2015 |
| आभा मलिक | हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग | जेआरएफ | जून 2015 |
| सुअम्बदा कुमारी | | जेआरएफ | जून 2015 |
| विभा मलिक | | जेआरएफ | दिसंबर 2015 |
| अनुसुमन बड़ा | | जेआरएफ | दिसंबर 2015 |
| गि–हे दिलीप लक्ष्मण | | एनएफएचई | 2015–16 |
| ईश्वर कान्ति मुर्मु | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| कंचन कुमारी | | नेट | दिसंबर 2015 |
| ज्ञानचंद्र पाल | | नेट | जून एवं दिसंबर 2015 |
| मनीष कुमार | | नेट | दिसंबर 2015 |
| आशीष कुमार | | नेट | दिसंबर 2015 |
| अनीश कुमार | | नेट | जून एवं दिसंबर 2015 |
| बंदना मौर्या | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| आशीष | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| जुगुल किशोर चौधरी | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| देविंदर सिंह | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| चेतन सिंह | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| मीना देवी | विकास एवं शांति अध्ययन विभाग | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| प्रज्ञा वंजारी | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| संजय मांझी | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| ओम प्रकाश | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| निर्भय कुमार सिंह | | नेट | 2015–16 |
| रंजीत कुमार | | नेट | 2015–16 |
| श्री सतपाल यादव | स्त्री अध्ययन विभाग | नेट | जून, 2015 |
| श्री नरायण सिंह गौतम | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2016 |
| श्री रजनीश कुमार अम्बेडकर | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2016 |
| श्रीकांत बोरकर | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2016 |
| सुश्री आम्रपाली जांभुलकर | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2016 |
| कुमारी मंजु आर्या | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2016 |
| सुश्री डिम्पल | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2016 |
| स्मित भगत | डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर – सिदो – कान्हू मुर्मू दलित एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| दर्शना मेश्राम | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| सुनील बाउरी | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| अतुल नगराले | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| सुमन देवी | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| रमेश कुमार | | आरजीएनएफ | 2015–16 |
| श्री रामभाऊ उमरे | डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र | आरजीएनएफ | जनवरी, 2015 |
| श्री प्रवीन शंभरकर | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2015 |
| श्री दिनेश पटेल | | जेआरएफ | जनवरी, 2015 |
| श्री शरद सोनवणे | | नेट | जनवरी, 2015 |
| श्री गोविन्द कुमार मीना | | आरजीएनएफ व नेट | जनवरी, 2015 |
| श्री लालविजय प्रभाकर | | जेआरएफ | जून, 2015 |
| श्री लेखाराम सेलोकर | | आरजीएनएफ | जनवरी, 2016 |
| श्री फिरोज नंद | | आरजीएनएफ व नेट | जून, 2015 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुश्री शशि गौड़ | जनसंचार विभाग | जेआरएफ | |
| श्री सुनील दीपक घोड़के | | आईसीएसएसआर–डी आरएफ | 2015 |
| श्री रंजीत कुमार | | नेट | जून 2015 |
| श्री सन्नी गोंड | | नेट | जून 2015 |
| श्री अमृत कुमार | | नेट | दिसंबर 2015 |
| श्री विकास कुमार | | आरजीएनएफ | |
| श्री प्रदीप कुमार गौतम | | आरजीएनएफ | |
| सुश्री रूपाली अलोने | | आरजीएनएफ | |
| श्री आशीष कुमार | | आरजीएनएफ | |
| श्री राकेश कुमार | | आरजीएनएफ | |
| श्री मिथिलेश कुमार | | आरजीएनएफ | |
| श्री रंजीत कुमार | | नेट | दिसंबर 2015 |
| श्री अरविंद | | नेट | दिसंबर 2015 |
| श्री नीलेश भगत | | नेट | दिसंबर 2015 |
| श्री विनय तोमर | | नेट | दिसंबर 2015 |
| श्री भँवरलाल सेणचा | | नेट | दिसंबर 2015 |
| श्याम सिंह | महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी समाज कार्य अध्ययन केंद्र | जेआरएफ | दिसंबर 2015 |
| अनुराग कुमार पांडेय | | नेट | दिसंबर 2015 |
| नूरीश परवीन | | नेट | दिसंबर 2015 |
| अभिषेक राय | | नेट | दिसंबर 2015 |
| छविनाथ यादव | | नेट | दिसंबर 2015 |
| ममता कुमारी | | राष्ट्रीय शोधवृति | 2016 |
| कु. चित्रलेखा साहू | | राष्ट्रीय शोधवृति | 2015 |
| दिलीप कुमार | | आरजीएनएफ | 2015 |
| किरण खुट्टे | | आरजीएनएफ | 2015 |
| दिलीप कुमार | | नेट | जून 2015 |
| अनुराग कुमार पांडेय | | नेट | जून 2015 |
| रामचन्द्र | मानवविज्ञान विभाग | नेट | जून, 2015 |
| नवलेश राम | | नेट | जून, 2015 |
| दीपमाला | | जेआरएफ | दिसम्बर, 2015 |
| शिवबाबु | | नेट | दिसम्बर, 2015 |
| आरिफा | | नेट | दिसम्बर, 2015 |
| राजकुमार वर्मा | | नेट | दिसम्बर, 2015 |
| धनेश कनौजिया | | नेट | दिसम्बर, 2015 |
| बृजेन्द्र कुमार गौतम | | आर.जी.एन.एफ. | 2015 |
| दीपमाला अवस्थी | | आई.सी.एस.एस.आर. | 2015 |
| रुतु रानी | प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म एवं नाटक) विभाग | जेआरएफ | अप्रैल 2016 |
| राजेश अहिरवार | | जेआरएफ | अप्रैल 2016 |
| अनिल | | नेट | अप्रैल 2016 |
| अनिल कुमार गुप्ता | शिक्षा विभाग | जे.आर.एफ. | दिसंबर 2014 |
| जयंत थूल | | आर.जी.एन.एफ. | जनवरी 2016 |
| बलदेव महतो | | नेट | जून 2015 |
| श्री प्रितेन्द्र कुमार मालाकार | प्रौद्योगिकी अध्ययन केंद्र | एन.एफ. (ओ.बी.सी.) | मार्च, 2016 |
| सुश्री प्रिती लोखंडे | कंप्यूटेशनल भाषाविज्ञान विभाग | आर.जी.एन.एफ. | फरवरी, 2015 |
| सुश्री किरण खंडेराव | | आर.जी.एन.एफ. | जनवरी, 2016 |
| श्री मुन्ना कुमार | | एन.एफ. (ओ.बी.सी.) | फरवरी, 2016 |

# विश्वविद्यालय के गैर–शैक्षणिक कर्मियों की सूची

| क्र. | नाम | पदनाम | नियुक्ति तिथि |
|---|---|---|---|
| **कुलपति कार्यालय** | | | |
| 1 | प्रो. गिरीश्वर मिश्र | कुलपति | 05.03.2014 |
| 2 | श्री राजेश अरोड़ा | सहायक कुलसचिव | 21.12.2012 |
| 3 | श्री शत्रुघ्न सिंह | वाहन चालक | 01.11.2000 |
| 4 | श्री हीरामणि भंडारी | एमटीएस | 01.04.2001 |
| 5 | श्री शरद बकाले | एम.टी.एस. | 01.11.2002 |
| 6 | श्री मनोज ठाकुर | एम.टी.एस | 01.11.2002 |
| **प्रतिकुलपति कार्यालय** | | | |
| 1 | श्री पवन कुमार | निजी सचिव | 07.02.2014 |
| 2 | श्री सुरेश कुमार | वाहन चालक | 06.12.2002 |
| 3 | श्री रामजस | एमटीएस | 05.11.2002 |
| **कुलसचिव कार्यालय** | | | |
| 1 | डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र | कुलसचिव | 30.07.2015 |
| 2 | श्री किशोर आर. जाधव | उ.श्रे.लि. | 25.11.2010 |
| 3 | श्री प्रदीप आदे | एमटीएस | 07.01.2004 |
| 4 | श्री प्रवीण शेल्के | एमटीएस | 07.01.2004 |
| **वित्त विभाग** | | | |
| 1 | श्री पी. सरदार सिंह | वित्ताधिकारी | 01.08.2015 |
| 2 | डॉ. ज्योतिष पायें | सहायक कुलसचिव | 13.12.2011 |
| 3 | श्री कमल शर्मा | सहायक | 20.10.1999 |
| 4 | श्री संजय कुमार तिवारी | सहायक | 18.03.2002 |
| 5 | श्री अमित पांडे | सहायक | 29.11.2002 |
| 6 | श्री अतुल सोबती | सहायक | 01.07.2002 |
| 7 | श्री सुधीर एस. ठाकुर | सहायक | 23.11.2010 |
| 8 | श्री विजय यादव | निजी सहायक | 21.06.2013 |
| 9 | सुश्री कल्पना थूल | कंप्यूटर ऑपरेटर | 31.03.2012 |
| 10 | सुश्री रोहिणी उमाटे | उच्च श्रेणी लिपिक | 10.02.2014 |
| 11 | श्री प्रमोद उरकुड़े | वाहन चालक | 01.10.2001 |
| 12 | श्री विश्राम सिंह | एमटीएस | 01.09.1999 |
| **स्थापना एवं प्रशासन विभाग** | | | |
| 1 | श्री यशराज सिंह पाल | सहा. क्षेत्रीय निदेशक | 03.04.2012 |
| 2 | श्री मनोज कुमार द्विवेदी* | अनुभाग अधिकारी | 15.03.2011 |
| 3 | श्री ब्रिजेश पाटिल | अनुभाग अधिकारी | 21.03.2007 |
| 4 | सुश्री पदमा भालेराव | सहायक | 04.01.2001 |
| 5 | श्री समीर अवस्थी | सहायक | 22.11.2010 |
| 6 | श्री उमा शंकर | सहायक | 07.02.2014 |
| 7 | श्री वेद प्रकाश | उ.श्रे.लि. | 07.02.2014 |
| 8 | श्री रामप्रसाद कुमरे | कंप्यूटर ऑपरेटर | 31.03.2012 |
| 9 | श्री पुष्कर सिंह | नि.श्रे.लि. | 17.06.2013 |
| 10 | श्री मनोहर रस्से | एमटीएस | 01.11.2002 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अकादमिक विभाग** | | | |
| 1 | श्री कादर नवाज खान | संयुक्त कुलसचिव | 23.03.2007 |
| 2 | डॉ. आलोक कुमार सिंह | सहायक | 12.09.2002 |
| 3 | सुश्री संगीता मालवीय | सहायक | 02.09.2011 |
| **परीक्षा विभाग** | | | |
| 1 | श्री के.के. त्रिपाठी | सॉफ्टवेयर अनुषंगी | 14.01.2000 |
| 2 | श्री मनोज कुमार | अनुभाग अधिकारी | 07.02.2014 |
| 3 | श्री भालचंद्र सिंह | सहायक | 01.10.2000 |
| 4 | श्री वैभव जी. सुशील | सहायक | 22.11.2010 |
| 5 | श्री केशरी प्रसाद | हिंदी टंकक | 04.01.2011 |
| 6 | श्री सुनील लांडे | एमटीएस | 01.05.2004 |
| **परिसर विभाग** | | | |
| 1 | डॉ. राजेश्वर सिंह | सहायक कुलसचिव | 28.03.2011 |
| 2 | श्री राजीव कुमार पाठक | सहायक | 15.11.2002 |
| 3 | श्री तुषार वानखेडे | कनिष्ठ अभियंता | 22.11.2010 |
| 4 | सुश्री ऋचा श्रीवास्तव | नि.श्रे.लि. | 12.08.2011 |
| **प्रकाशन विभाग** | | | |
| 1 | श्री अशोक मिश्र | संपादक | 14.03.2012 |
| 2 | श्री राकेश श्रीमाल | सहायक संपादक | 28.05.2011 |
| 3 | डॉ. अमित कु. विश्वास | सहायक संपादक | 06.03.2012 |
| 4 | श्री राजेश अगरकर | सहायक | 13.08.2002 |
| **महापंडित राहुल सांकृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय** | | | |
| 1 | डॉ. मैत्रेयी घोष | पुस्तकालयाध्यक्ष | 10.08.2011 |
| 2 | श्री आनन्द मंडित मलयज | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 22.02.2007 |
| 3 | श्री नटराज वर्मा | सहायक | 02.07.2001 |
| 4 | श्री सदानंद चौधरी | तकनीकी सहायक | 31.03.2012 |
| 5 | श्री दानसिंह नेगी | उ.श्रे.लि. | 23.04.2012 |
| 6 | सुश्री गीता देवी | एमटीएस | 01.09.2000 |
| 7 | श्री सुनील ढोरे | एमटीएस | 01.11.2000 |
| 8 | श्री आनंद विश्वकर्मा | एमटीएस | 15.02.2007 |
| 9 | श्री श्यामल भट्टाचार्य | एमटीएस | 01.10.2002 |
| 10 | श्री राजेंद्र मत्ते | एमटीएस | 01.11.2002 |
| **जनसंपर्क कार्यालय** | | | |
| 1 | श्री बी.एस. मिरगे | जनसंपर्क अधिकारी | 28.02.2007 |
| 2 | श्री दीपक बी. साल्वे | एमटीएस | 01.03.2004 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **जनसूचना कार्यालय** | | | |
| 1 | श्री सचिन हाडके | सहायक | 14.03.2007 |
| 2 | श्री सुनील कुमार | एम.टीएस | 01.03.2002 |
| **दूर शिक्षा निदेशालय** | | | |
| 1 | श्री पी. सरदार सिंह | संयुक्त कुलसचिव | 23.03.2007 |
| 2 | डॉ. एम.एम. मंगोडी | क्षेत्रीय निदेशक | 03.04.2007 |
| 3 | श्री सुशील बी. पखिड़े | सहायक कुलसचिव | 23.03.2007 |
| 4 | श्री विनोद वैद्य | अनुभाग अधिकारी | 12.06.2007 |
| 5 | सुश्री शिल्पा मसराम | नि.श्रे.लि. | 27.06.2013 |
| 6 | श्री राम कनौरिया | एमटीएस | 01.03.2004 |
| **राजभाषा विभाग** | | | |
| 1 | श्री राजेश कुमार यादव | हिंदी अधिकारी | 13.12.2011 |
| 2 | सुश्री आरती गुडधे | अनुवादक | 09.09.2011 |
| **लीला** | | | |
| 1 | श्री गिरीश चंद्र पाण्डेय | कोश अनुषंगी | 10.04.2001 |
| 2 | सुश्री हेमलता गोडबोले | सॉफ्टवेयर अनुषंगी | 01.10.2002 |
| 3 | श्री पंकज पाटिल | सहायक | 21.04.2008 |
| 4 | श्री अजय प्रताप सिंह | तकनीकी सहायक | 31.03.2012 |
| 5 | श्री रवि वानखेड़े | एमटीएस | 21.04.2008 |
| **अभिलेखागार विभाग** | | | |
| 1 | डॉ. श्रीरमण मिश्र | व्याकरण अनुषंगी | 15.05.2000 |
| **जनसंचार विभाग** | | | |
| 1 | श्री अंजनी कुमार राय | प्रोग्रामर | 22.03.2007 |
| 2 | श्री कुणाल वैद्य | नि.श्रे.लि. | 01.11.2000 |
| 3 | श्री अरविंद कुमार | तकनीकी सहायक | 05.09.2011 |
| **भाषा प्रौद्योगिकी विभाग** | | | |
| 1 | सुश्री गुंजन जैन | भाषा अनुषंगी | 01.08.2001 |
| **हिंदी एवं तुलनात्मक साहित्य विभाग** | | | |
| 1 | श्री संदीप राय | नि.श्रे.लि. | 17.06.2013 |
| **नाट्यकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग** | | | |
| 1 | डॉ. हिमांशु नारायण | तकनीकी सहायक | 25.05.2012 |
| **अनुवाद अध्ययन विभाग** | | | |
| 1 | सुश्री शील आ. खांडेकर | सहायक | 07.02.2014 |
| **महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन क्रेंद** | | | |
| 1 | डॉ. पी. राधावाणी | सहायक | 31.08.2012 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मानव विज्ञान विभाग** | | | |
| 1 | सुश्री सुमन | सहायक | 11.09.2001 |
| **डॉ. भदंत आनन्द कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र** | | | |
| 1 | सुश्री मालती चौहान | सहायक | 01.10.2002 |
| **शिक्षा विभाग** | | | |
| 1 | श्री संजय सिंह | सहायक | 29.11.2002 |
| **सावित्रीबाई कन्या छात्रावास** | | | |
| 1 | सुश्री सीता देवी | एमटीएस | 10.11.2006 |
| **फादर कामिल बुल्के अंतरराष्ट्रीय छात्रावास** | | | |
| 1 | श्री गजानन गोबाडे | एमटीएस | 01.04.2004 |
| **क्षेत्रीय केंद्र इलाहाबाद** | | | |
| 1 | डॉ. प्रकाश नारायण त्रिपाठी | सहा. क्षेत्रीय निदेशक | 07.03.2012 |
| 2 | श्री देवमूर्ति | एमटीएस | 01.10.2000 |
| **क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता** | | | |
| 1 | डॉ. पीयूष कुमार पांतजलि | क्षेत्रीय निदेशक | 06.03.2012 |
| 2 | श्री शंभू दत्त सती | अनुभाग अधिकारी | 07.02.2014 |

* On deputation

# गतिविधियाँ

## वर्धा मुख्य परिसर

### च्वॉईस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम पर मुंबई में कार्यशाला

10 अप्रैल 2015 : मुंबई में च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम पर छह राज्यों के कुलपति, कुलसचिव एवं वरिष्ठ प्रोफेसरों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुंबई विश्वविद्यालय के कविवर्य कुसुमाग्रज मराठी भाषा भवन में आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष प्रो. देवराज ने कहा कि शिक्षा में समानता, सक्षमता और उत्कृष्टता लाने के लिए च्वॉईस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम आवश्यक है। सभी केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालय को चाहिए कि वे अपने पाठ्यक्रमों में इस प्रणाली को लागू कर विद्यार्थियों को अधिकाधिक विषयों में अध्ययन करने की आजादी प्रदान करें। इस अवसर पर कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र, मुंबई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.राजन वेलूकर, सीबीसीएस के विषय विशेषज्ञ प्रो.श्रीमन नारायण तथा प्रो.एम.पी.महाजन, मुंबई विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ.नरेश चंद्र, विश्वविद्यालय के वित्ताधिकारी संजय गवई उपस्थित थे। कार्यशाला में महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ तथा बिहार इन छह राज्यों के कुलपति, कुलसचिव तथा वरिष्ठ प्रोफेसर समेत दो सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

### 'प्रभावी सामुदायिक सामाजिक दायित्व के लिए उत्कृष्ट जनसंपर्क' पर संगोष्ठी

21 अप्रैल 2015 : राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस पर 'प्रभावी सामुदायिक सामाजिक दायित्व के लिए उत्कृष्ट जनसंपर्क' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ आकाशवाणी के पूर्व उद्घोषक तथा प्रतिष्ठित कहानीकार नवनीत मिश्र उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो.अनिल कुमार राय, बहुवचन के संपादक अशोक मिश्र तथा पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया के वर्धा चैप्टर के सचिव एवं विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी बी.एस.मिरगे भी कार्यक्रम उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

5 जून, 2015 : अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्यापीठ द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के तहत मुक्तिबोध परिसर में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, श्रीमती माधुरी मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र आदि ने पौधारोपण किया। इस दौरान कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम है–'सात अरब सपने, एक पृथ्वी, संसाधनों का सावधानीपूर्वक उपयोग'। इंसान को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की जरुरत है। पर्यावरण को स्वच्छ रखकर जीवन को विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से बचाया जा सकता है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

21 जून 2015 : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के विनोबा योग मंडल तथा आरोग्यधाम, सेवाग्राम के संयुक्त तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के नागार्जुन सराय में योगासन एवं संकल्प तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। अनेकांत स्वाध्याय मंदिर के डॉ.सुरेंद्र जैन व डॉ.प्रशांत रोकड़े ने योग एवं प्राणायाम के गुर सिखाए। योग पर परिचर्चा में जेबीटीडीआरसी के निदेशक तथा महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के समन्वयक डॉ.बी.सी. हरिनाथ एवं सेवाग्राम के मनोचिकित्सा विभाग के प्रो.प्रवीण खैरकार ने योग और स्वस्थ जीवन के परस्पर संबंधों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के सहभागी विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. मिश्र ने प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

## पद्मश्री शोभना नारायण की कत्थक नृत्य प्रस्तुति

17 जुलाई 2015 : विश्व–प्रसिद्ध नृत्यांगना पद्मश्री शोभना नारायण की कत्थक नृत्य प्रस्तुति का कार्यक्रम सावंगी मेघे स्थित दत्ता मेघे सभागार में आयोजित किया गया। यह आयोजन म.गां.अं.हिं. विश्वविद्यालय, वर्धा, दत्ता मेघे आयुर्विज्ञान अभिमत विश्वविद्यालय, वर्धा तथा दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। समारोह की अध्यक्षता हिंदी विवि के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर के निदेशक पीयूष गोयल भी उपस्थित थे।

## 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' पर राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी

28 जुलाई 2015 : जनसंचार विभाग द्वारा 'आध्यात्मिकता, मीडिया और सामाजिक बदलाव' विषय पर तीन दिवसीय (28 से 30 जुलाई) राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, मा.च.रा.प.एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के पूर्व कुलपति अच्युतानंद मिश्र, कु.ठा.प.एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति प्रो. मानसिंह परमार, दूरदर्शन समाचार, नई दिल्ली के के.जी. सुरेश, प्रो. राम मोहन पाठक, प्रो. विजय धारूरकर, डॉ. अर्जुन तिवारी, डॉ. मुकेश कुमार, मणिकांत सोनी, पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री, प्रो. सुरेश शर्मा, डॉ. गिरिजा शंकर शर्मा, मो. इरफान खान, रवि पराशर, प्रो.कमल दीक्षित, प्रभु झींगरन, प्रो.दीपक शिंदे, डॉ.मो. फरियाद, नरेंद्र त्रिपाठी, अशोक मिश्र, कुमार ताले, आशीष द्विवेदी, प्रो.अनिल कुमार राय, संगोष्ठी संयोजक, डॉ. अख्तर आलम आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी में लगभग 15 विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, शोधार्थी और मीडिया संस्थानों के विद्वानों ने शिरकत की तथा लगभग 200 शोध पत्रों और आलेखों का वाचन सात समानांतर सत्रों किया गया ।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

15 अगस्त 2015 : 69वीं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने ध्वजारोहण के उपरांत विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि भारत एक बहु–सांस्कृतिक, बहुभाषी और बहु–परिवेश का देश है। हमें इन बहुलताओं को समृद्धि का आधार बनाकर देश को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का आदर्श हम सभी के लिए दीपस्तंभ के समान है। डॉ. कलाम ने कहा था कि ऐसे सपने देखने चाहिए जो हमें सोने नहीं देते। युवा एवं युवतियों को प्रेरणादायी संदेश को अमल में लाना चाहिए। यह खुशी की बात है कि इसी वर्ष से परिसर में केंद्रीय विद्यालय शुरू हुआ है। अब यहां विद्यार्थी पहली कक्षा से लेकर पी.एच.डी. तक की शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। ध्वजारोहण से पहले कुलपति प्रो.मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, कुलसचिव डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र तथा वित्ताधिकारी पी.सरदार सिंह ने गांधी हिल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया।

## सांस्कृतिक संध्या में चंदन तिवारी लोकगायन प्रस्तुति

02 सितंबर 2015 : लोकशैली और शास्त्रीयता के मेल से अलग–अलग अंदाज में लोकसंगीत को प्रस्तुत कर देश–दुनिया में ख्याति बटोर चुकी मशहूर लोकगायिका चंदन तिवारी ने सुरों का जादू बिखेर कर समां बांधा। विश्वविद्यालय द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में चंदन तिवारी के अलावा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों तथा वर्धा के कलाकारों ने अलग–अलग तेरह राज्यों के लोक नृत्य भी प्रस्तुत किए, जिसमें महाराष्ट्र की लावणी, मणिपुर का मणिपुरी, छत्तीसगढ़ी, कत्थक, राजस्थानी, बंगाली आदि राज्यों के नृत्य भी शामिल थे।

## शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम

5 सितंबर 2015 : विद्यार्थियों में मूल्यों को स्थापित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी शिक्षकों पर हैं। अगर हम शिक्षक, गुरू और अध्यापक हैं तो हमें आदर्श होना ही चाहिए। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों में मूल्यों का निवेश कर मूल्य–सृजन में योगदान देते रहें। उक्त विचार हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किए।

विश्वविद्यालय एवं लॉयन्स क्लब, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं वर्धा शहर के शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने केंद्रीय विद्यालय का उद्घाटन किया।

## 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन में विश्वविद्यालय की सहभागिता

10 सितंबर 2015 : 10–12 सितंबर, 2015 को विदेश मंत्रालय द्वारा भोपाल में आयोजित दसवें विश्व हिंदी सम्मेलन में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा को सम्मेलन का प्रतिवेदन तैयार करने का दायित्व सौंपा गया। इनके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से अपने प्रमुख प्रकाशनों के साथ–साथ हिंदी और तकनीक, हिंदी का विस्तार तथा गिरमिटिया देशों में हिंदी विषयों पर पोस्टर एवं दृश्य–श्रव्य माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी संयोजन तथा सम्मेलन प्रतिवेदन निर्माण समिति में गिरीश्वर मिश्र, चित्तरंजन मिश्र, अरुणेश नीरन, के.के. सिंह, अनिल कुमार राय, सुरेश शर्मा, जगदीप सिंह दांगी, अशोकनाथ त्रिपाठी, राजीव रंजन राय, मुन्नालाल गुप्ता, राजेश कुमार यादव, राकेश श्रीमाल, बी.एस.मिरगे, अमित कुमार विश्वास, श्रीरमण मिश्र, गिरीश चंद्र पांडेय, राजेश अरोड़ा, राजेश आगरकर, रवि वानखेड़े, अनुपमा कुमारी, बिमलेश कुमार, राजीव कुमार, अभिषेक त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, मेहराज अली ने सहभागिता की। सम्मेलन में आयोजित विविध सत्रों में कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, कुलसविच डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने बतौर वक्ता के रुप में सहभागिता की। विदेश मंत्रालय द्वारा 10 वें विश्व हिंदी सम्मेलन के प्रतिवेदन को तैयार करने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय को सौंपी गई थी। कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के संपादन में प्रतिवेदन 'हिंदी जगत : विस्तार एवं संभावनाएं' का कार्य तीव्र गति से संपादित किया जा रहा है।

## गांधी जयंती कार्यक्रम

2 अक्टूबर 2015 : गांधी जयंती के अवसर पर गांधी हिल पर आयोजित समारोह में गांधीवादी विचारक तथा महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम के डॉ.उल्हास जाजू ने कहा कि गांधी एक व्यक्ति नहीं, अपितु विचार है। हमें उनके विचारों की लड़ाई रास्तों पर नहीं बल्कि घर–घर से लड़नी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। समारोह में प्रतिकुलपति प्रो.चित्तरंजन मिश्र, कुलसचिव डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र तथा विकास एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ.नृपेन्द्र प्रसाद मोदी मंचासीन थे। समारोह में विश्वविद्यालय के अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वन्य जीव चित्र प्रदर्शनी

4 अक्टूबर 2015 : हम विकास के नाम पर प्रकृति में विद्यमान वन्य जीव और जंगलों को नष्ट करते जा रहे हैं। जहाँ–तहाँ प्रकृति का शोषण हो रहा है। वन्य जीव हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर है उसका बचाव करने से ही प्रकृति बचेगी। उक्ताशय के विचार कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में बहार नेचर फाउंडेशन, जनकृति संस्था तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'वन्य जीव चित्र प्रदर्शनी' एवं वन्य जीवन पर आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहार नेचर फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रा. किशोर वानखेड़े ने की।

## सरदार पटेल जयंती समारोह

31 अक्टूबर 2015 : राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा के मूल नायक सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें राष्ट्रीय एकता दौड़, राष्ट्रीय एकता शपथ, 'भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियाँ और सरदार पटेल' विषय पर परिचर्चा, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन केंद्रीय पुस्तकालय में किया गया। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल और राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा विषय पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं 'लाइफ एंड टाइम ऑफ सरदार वल्लभभाई पटेल' डॉक्यूमेंटरी का भी प्रदर्शन किया गया।

## सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय परिसंवाद

19 नवंबर 2015 : जनसंचार विभाग और नया मीडिया मंच, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 19 नवंबर, 2015 को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। परिसंवाद का उदघाटन विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात सांस्कृतिक चिंतक एवं विचारक माधव गोविंद वैद्य, दैनिक भास्कर, नागपुर के संपादक मणिकांत सोनी, मीडिया विशेषज्ञ डॉ. संजय द्विवेदी, डॉ.सौरभ मालवीय, राजीव रंजन प्रसाद, प्रकाश झा, प्रवीण शुक्ला, आशीष अंशु, अलका सिंह तथा विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो.अनिल कुमार राय ने विचार व्यक्त किए।

## संविधान की प्रस्तावना का लोकार्पण

26 नवंबर 2015 : भारतीय संविधान में निहित तत्व और मूल्यों ने भारतीय जनता को शक्ति प्रदान की है। संविधान देश को सुचारू रूप से संचालित करने का रास्ता दिखाता है। संविधान में उदारता और दृढ़ता का मूल तत्व है। अनेक जटिल प्रश्नों के उत्तर तलाशने का प्रभावी साधन है संविधान। उक्त विचार कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय में भारतरत्न डॉ.बी.आर. अंबेडकर की 125 वीं जयंती के तारतम्यता में संविधान दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहब अंबेडकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की धरती डॉ.अंबेडकर के विचारों से ओत–प्रोत है और आज इस भूमि पर स्थापित विश्वविद्यालय में उनके द्वारा लिखित संविधान की प्रस्तावना का लोकार्पण करते हुए हम सब गर्व का अनुभव कर रहे हैं। इस अवसर पर दलित चिंतक प्रा. एम.एल. कासारे ने भी विचार व्यक्त किए।

## 'भारतीय संविधान एवं सामाजिक न्याय' पर प्रो. थोरात का व्याख्यान

14 दिसंबर 2015 : भारतरत्न डॉ.बाबासाहब अंबेडकर की 125वीं जयंती समारोह के तारतम्य में 'भारतीय संविधान एवं सामाजिक न्याय' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान समारोह के दौरान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष तथा यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष पद्मश्री प्रो.सुखदेव थोरात ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि भारतीय संविधान में स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता इन तीन महत्वपूर्ण तत्वों के अमल से सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि प्रजातंत्र को जारी रखने की शक्ति संविधान में निहित है। हमारे समाज के सभी सुधारों के उपाय संविधान में दिए गए हैं। उन्होंने घोषणा की कि डॉ. अंबेडकर की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा एक महत्वपूर्ण पुस्तक का संपादन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रो.वी. कुटुंबशास्त्री, प्रतिकुलपति प्रो.चित्तरंजन मिश्र, कुलसचिव डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र मंचासीन थे।

## हिंदी राजभाषा प्रदर्शनी

18 दिसंबर 2015 : मध्य रेल, नागपुर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'हिंदी की त्रिवेणी राजभाषा प्रदर्शनी' का उद्घाटन मध्य रेल, मुंबई के महाप्रबंधक एस. के. सूद ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मध्य रेल, मुंबई के मुख्य राजभाषा अधिकारी एस.के. कुलश्रेष्ठ, मध्य रेल, नागपुर के मंडल रेल प्रबंधक ओ.पी. सिंह, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधान मंत्री प्रो. अनंतराम त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र, प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. अशोकनाथ त्रिपाठी, डॉ. अमित विश्वास, डॉ. हेमचंद्र वैद्य, रेलवे की राजभाषा अधिकारी पुर्णिमा शिरोडकर, डॉ. ओ.पी. गुप्ता, बी.एस. मिरगे, गिरीश पांडे, सहित रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुखता से उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय का 18वां स्थापना दिवस समारोह

28–31 दिसंबर, 2015 : विश्वविद्यालय के 18 वें स्थापना दिवस (29 दिसंबर) के अवसर पर 28 से 31 दिसंबर तक गांधी फ़िल्म समारोह, हिंदी सेवी सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड फेस्टिवल आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अलावा गांधी–कलाम व्यंग्य चित्रकला प्रदर्शनी, गांधी प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद प्रतियोगिता, मंथन, कविता पाठ, नाटक

आदि की प्रस्तुतियाँ भी चार दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का मुख्य आकर्षण थी। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी सभा मंडप में 29 दिसंबर को आयोजित स्थापना दिवस के मुख्य समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री प्रो.अनंतराम त्रिपाठी, प्रख्यात हिंदी कथाकार चित्रा मुद्गल एवं प्रख्यात ओड़िया कथाकार प्रो. यशोधारा मिश्र ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। 28 दिसंबर को गांधी फ़िल्म समारोह से स्थापना दिवस का औपचारिक प्रारंभ हुआ। इसी दिन सायं 6 बजे डॉ.सतीश पावडे निर्देशित नाटक 'हे राम' प्रस्तुत किया गया। 29 दिसंबर को विश्वविद्यालय द्वारा हिंदी भाषा और साहित्य के उत्थान के लिए कार्यरत अहिंदी भाषी लेखकों, साहित्यकारों, भाषाविदों, पत्रकारों को 'हिंदी सेवी सम्मान' से सम्मानित किया गया। इसी दिन गांधी प्रश्नोत्तरी एवं पूर्वीक्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। 30 दिसंबर को वाद–विवाद प्रतियोगिता एवं मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वर्धा शहर के गणमान्य अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों साथ ही वर्तमान अध्ययनरत विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। इस दिन सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुर द्वारा प्रायोजित प्रह्लाद सिंह टिपानियां ने कबीर गायन प्रस्तुत किया तथा विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 31 दिसंबर को समता भवन के प्रांगण में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसी दिन आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी सभा मंडप में गायन, तबला वादन और पखावज वादन की प्रस्तुति की गई। इस दौरान कविता प्रतियोगिता में पुरस्कृत विद्यार्थियों द्वारा कविता पाठ किया गया। डॉ.सतीश पावडे के निर्देशन में नाटक 'राज से स्वराज तक' के प्रदर्शन से स्थापना दिवस समारोह का समापन हुआ।

## राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी

18 जनवरी 2016 : जनसंचार विभाग द्वारा 18–20 जनवरी 2016 को राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में एनबीटी के अध्यक्ष बलदेव शर्मा, एमजीएसयू, बीकानेर की कुलपति प्रो.चंद्रकला पाडिया, सामाजिक व सांस्कृतिक चिंतक सुनील अंबेकर, मीडिया चिंतक एन.के. सिंह, प्रो.अनिल कुमार राय, डॉ.कृपाशंकर चौबे मंचस्थ थे। प्रो.सी.पी. सिंह, निदेशक, संचार एवं पत्रकारिता अध्ययन केंद्र, आईपीयूए दिल्ली, प्रो.विजय धारुलकर, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद मोहन, डॉ. कुमार बोबड़े अध्यक्ष पत्रकारिता विभाग, श्रीशिवाजी कॉलेज, अमरावती, अशोक मिश्र, शंभु नाथ सिंह, पूर्व कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, जयंत तोमर, प्रो.सुरेश शर्मा, प्रो. सूरज पालीवाल आदि की विभिन्न सत्रों में अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रही।

## 'बगरयो बसंत है' का आयोजन

8 फरवरी 2016 : विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ वर्धा संस्कार की ओर से फैकल्टी एण्ड ऑफिसर्स क्लब और नागार्जुन सराय के सहयोग से बसंत पंचमी पर गीत–संगीत, कविता, कहानी और मंचन का उत्सव 'बगरयो बसंत है' का आयोजन 10, 11 एवं 12 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा प्रख्यात कवि बुद्धिनाथ मिश्र के सम्मान के साथ किया गया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में छात्राओं की ओजस्वी का टाइगर टीम पर विजय

10 फरवरी 2016 : विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विविध खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में छात्राओं के बीच हुए क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले में ओजस्वी टीम ने टाइगर टीम पर 12 रन से जीत हासिल की। इस जीत पर खेल समिति के प्रभारी डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी एवं अध्यक्ष प्रो.विजय कुमार कौल ने बधाई दी।

## 'मध्यकालीन हिंदी साहित्य का वर्तमान' विषय पर पुनश्चर्या कार्यक्रम

17 फरवरी 2016 : विश्वविद्यालय के हिंदी का शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 'मध्यकालीन हिंदी साहित्य का वर्तमान' विषय पर पुनश्चर्या कार्यक्रम (16–28 फरवरी) में उद्घाटन वक्तव्य देते हुए आलोचक प्रो.निर्मला जैन ने कहा कि भक्ति आंदोलन परिवर्तन का विराट प्रयास था। यह आंदोलन तीन सौ पचास वर्ष तक चला और एक लंबी प्रक्रिया तथा लंबी

साधना के साथ उसने जनसामान्य को जोड़ने का काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस दौरान प्रो.रमेश कुंतल मेघ, साहित्य विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो.सूरज पालीवाल, साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो.कृष्ण कुमार सिंह, कार्यक्रम के संयोजक डॉ.वीर पाल सिंह यादव मंचस्थ थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ई–पत्रिका 'निमित्त' का विमोचन प्रो.निर्मला जैन द्वारा किया गया। अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि मध्यकालीन साहित्य सामाजिक जीवन में घुला–मिला था। कबीर, सूरदास और तुलसी ने अपना रचनात्मक हस्तक्षेप करते हुए समाज के लिए एक नया मॉडल प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी समय की समस्याओं को पहचान कर उसके प्रति संघर्ष किया। उन्होंने जानकारी दी कि नैक द्वारा विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड मिला हुआ है। इसकी कड़ी में हमने विश्वविद्यालय में 'भक्ति काल का उच्च अध्ययन केंद्र' बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रो.रमेश कुंतल मेघ ने भी मध्य काल और उसका डायस्पोरा की दृष्टि से योगदान पर अपने विचार रखे। 28 फरवरी तक इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को लखनऊ से प्रो.सूर्य प्रसाद दीक्षित, दिल्ली से प्रो.ओम प्रकाश सिंह, प्रो.दुर्गा प्रसाद गुप्ता, डॉ.बलराम शुक्ल, वाराणसी से प्रो.चौथीराम यादव, गोरखपुर से प्रो.चित्तरंजन मिश्र, गुजरात से प्रो. दयाशंकर त्रिपाठी महाराष्ट्र से प्रो.भारती गोरे, प्रो.वीणा दाढ़े जैसे प्रबुद्ध विद्वानों ने व्याख्यान दिए।

## 'हिंदी उद्योग' पर विशेष व्याख्यान

16 फरवरी 2016 : विश्वविद्यालय के भाषा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 'हिंदी उद्योग' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान समारोह में डॉ. किशोर वासवानी ने हिंदी के पारंपरिक साहित्यिक विषय से हटकर उद्योग आधारित और विविध क्षेत्रों में अनुप्रयोग आधारित रूपों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदी अकादमिक जगत से बाहर सिनेमा और समाचार चैनल, मीडिया के क्षेत्र में तेजी से विस्तृत हो रही है। इस अवसर पर हिंदी के प्रचार–प्रसार के संदर्भ में निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई।

## मातृभाषा दिवस मनाया

23 फरवरी 2016 : मातृभाषा दिवस के अवसर पर 'मातृ भाषा और सृजनात्मकता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि मातृभाषा एक बड़ी शक्ति है। हम मातृभाषा में ही सोचते और लिखते हैं। इस दौरान जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की अवधारणा हिंदी भाषा के साथ–साथ अन्य भारतीय भाषाओं की आपसी साझेदारी और समझदारी विकसित करने पर टिकी है। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न भारतीय भाषाओं के अध्येताओं ने अपनी–अपनी मातृभाषाओं में कविताओं का पाठ किया। हिंदी के प्रति देश और समाज की उदासीनता को लेकर सुरभि विप्लव ने एकल नाटक की प्रस्तुति की। परिचर्चा में उभरे प्रश्नों का जवाब परिचर्चा के पैनल में शामिल कथाकार चित्रा मुद्गल, मनोविज्ञानी प्रो.अजित दलाल, साहित्यकार रमेश दवे, शिक्षाविद् प्रो.अरबिन्द कुमार झा ने दिया।

## नीरजा पांडेय का कथा पाठ

2 फरवरी 2016 : विश्वविद्यालय के वर्धा संस्कार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कहानी पाठ कार्यक्रम में कथाकार, कवयित्री और स्त्री विमर्शकार नीरजा पांडेय ने अपनी एक कहानी 'सुबह दस बजे' और तीन कविताओं का पाठ किया। विवि की 'राइटर–इन–रेजिडेंस' कथाकार चित्रा मुदगल ने कहा कि नीरजा पांडेय की कहानी समाज में पनप रही संवेदनहीनता को बयां करती हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष और समालोचक प्रो.चित्तरंजन मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

## युवा रचनात्मकता पर कार्यशाला

29 फरवरी 2016 : विश्वविद्यालय के म.गां.फ्यू.गु.समाज कार्य अध्ययन केंद्र और गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में युवा रचनात्मकता शिविर–कार्यशाला का आयोजन किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि गांव के विकास के बगैर भारत का विकास नहीं होगा। युवाओं

की रचनात्मकता का उपयोग यदि गाँव के विकास के लिए किया जाए तो गांव विकसित हो सकते हैं। मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया की एकेडेमिक कमेटी के अध्यक्ष प्रो.वेद प्रकाश मिश्र, गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. चित्तरंजन मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता बसंत भाई, म.गां.फ्यू.गु.समाज कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो.मनोज कुमार, कुलसचिव डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के कार्यक्रम अधिकारी वेद व्यास कुंडु मंचासीन थे। प्रो.वेद प्रकाश मिश्र ने कहा कि आज का समाज मशीनी बन रहा है और ऐसे समाज में भावना और संवेदना नष्ट हो रही है। इस संवेदनशून्यता से बाहर आने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन कारगर साबित हो सकते हैं।

## कार्यालय प्रबंधन पर कार्यशाला

7 मार्च 2016 : विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा 4 एवं 5 मार्च को कार्यालय प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि कार्यालयीन कार्य में गतिशीलता लाने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग करना चाहिए। कर्मियों को चाहिए कि कार्यालय के प्रशासनिक एवं अन्य कार्यों के विषय में अद्यतन जानकारी रखकर कार्य को सम्पन्न कराएं। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ.शोभा पालीवाल ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समापन म.गां.फ्यू. गु.स.का. अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार की प्रमुख उपस्थिति में किया गया।

## मराठी भाषा दिवस मनाया गया

7 मार्च 2016 : मराठी भाषा दिवस (27 फरवरी) के अवसर पर 'मराठी भाषा का वर्तमान और भविष्य' विषय पर विमर्श करते हुए सुविख्यात कवि तथा साहित्य, संस्कृति एवं कला समीक्षक डॉ. श्रीपाद भालचंद्र जोशी ने कहा कि किसी भी भाषा के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए उस भाषा को रोज़गार, विकास एवं आत्म–सम्मान से जोड़ना आवश्यक है। वर्तमान समय तकनीक के सहारे से भाषा के आगे चल रहा है, ऐसे में भारतीय ही नहीं अपितु विश्व की भाषाओं के सामने अपने अस्तित्व के खतरे मंडरा रहे हैं। भाषाओं को अब भाषिक वंशवाद के संकट को भी झेलना पड़ रहा है। अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि अन्य भाषाओं के सामने जो संकट है वह हिंदी के सामने भी है। मराठी का साहित्य बहुत समृद्ध है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र, यशवंत महाविद्यालय, सेलू के प्राध्यापक एवं पत्रकार राजेंद्र मुंढे ने भी विचार व्यक्त किए।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

8 मार्च 2016 : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्त्री अध्ययन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि स्त्री की क्षमता, शक्ति और योग्यता का सम्मान होना चाहिए। कार्यक्रम में मंचस्थ आवासीय लेखिका चित्रा मुद्गल, आवासीय लेखक रमेश दवे, असीमा भट्ट, संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो.एल. कारूण्यतकरा, स्त्री अध्ययन विभाग की प्रभारी डॉ. सुप्रिया पाठक ने भी समयोचित विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रदर्शनकारी कला विभाग के विद्यार्थियों ने कात्यायनी की कविता 'गार्गी' पर नाट्यमंचन किया।

## 'ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में 'मूडल' का उपयोग' पर कार्यशाला

12 मार्च 2016 : ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को "मूडल" का उपयोग करते हुए पढ़ाना विषय पर शिक्षा विद्यापीठ द्वारा त्रिदिवसीय (12–14 मार्च) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आई.आई.टी., कानपूर के प्रो.टी.वी.प्रभाकर, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के प्रो.ओ.एस.शास्त्री तथा एन.यू.ई.पी.ए., नई दिल्ली के प्रो.के.श्रीनिवास विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

## 'अंबेडकर एवं राष्ट्रवाद' पर व्याख्यान

14 मार्च 2016 : विश्वविद्यालय के डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर सिदो कान्हू मुर्मु दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित समारोह में महाराष्ट्र राज्य के पूर्व राज्यमंत्री डॉ.नितीन राउत ने 'अंबेडकर एवं राष्ट्रवाद' विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने की। केंद्र के निदेशक प्रो.एल. कारूण्यकरा ने स्वागत

भाषण दिया।

## 'कक्षा व पाठयक्रमों से परे अधिगम की संस्कृति' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

15 मार्च 2016 : विश्वविद्यालय के हिंदी अध्ययन का शिक्षण–प्रशिक्षण केंद्र (टी.एल.सी.एच.) के अंतर्गत शिक्षा विद्यापीठ द्वारा "कक्षा व पाठयक्रमों से परे अधिगम की संस्कृति" पर दो दिवसीय (15–16 मार्च) राष्ट्रीय संगोष्ठी का उदघाटन करते हुए हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के पूर्व कुलपति तथा ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ़ यूनिवर्सिटीज के महासचिव प्रो. फुरकान कमर ने कहा कि आज हमारे देश में सामान्य कक्षाओं तथा निर्धारित पाठयक्रमों के अलावा भी छात्र किस प्रकार सीख सकते है और नए–नए ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, इस पर हमें ध्यान देने की ज़रूरत है। इस अवसर पर बिहार कैडर के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ.डी.एन.गौतम, टी.एल.सी.एच.के संयुक्त निदेशक प्रो.के.के.सिंह, शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के प्रो.ओ.एस.के.एस. शास्त्री, भोपाल के प्रो.रमेश दवे ने भी विचार व्यक्त किए। चार समानांतर तकनीकी सत्रों में शिक्षाविदों ने शोध पत्र पढ़े। संगोष्ठी में कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि अधिगम के क्षेत्र में प्रयास करने से सब कुछ संभव है, इसी प्रयास की कड़ी में इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

## सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन

19 मार्च 2016 : विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक), बैंगलूरु द्वारा प्रायोजित तथा विवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएं एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थितों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र, कुलसचिव डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रो.सूरज पालीवाल, डॉ.शोभा पालीवाल, प्रो.अरबिंद कुमार झा, प्रो. रमाचरण त्रिपाठी, प्रो.आनंद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में कर्मी व छात्र उपस्थित थे।

## 'उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएँ एवं चुनौतियाँ' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

20 मार्च 2016 : 'उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएँ एवं चुनौतियाँ' विषय पर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक), बैंगलूरु द्वारा प्रायोजित तथा विवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय (19–20 मार्च) राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता का संवर्धन होने से विश्वविद्यालयों का अकादमिक स्तर समृद्ध होगा। इस अवसर पर प्रो.रमाचरण त्रिपाठी, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो.आनंद प्रकाश, कुलसचिव डॉ.राजेंद्र प्रसाद मिश्र तथा गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. शोभा पालीवाल मंचासीन थे।

## विश्व जल दिवस

21 मार्च 2016 : विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 'जल संवर्धन : वर्तमान एवं भविष्य' विषय वाक प्रतियोगिता एवं पर्यावरणविद बाबूजी ढगे के व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संवर्धन से संबंधित फ़िल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

## 'मध्य भारत में देशज संस्कृति, भाषा एवं जेंडर के प्रश्न' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

